

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश, दिल्ली एनसीआर, हरियाणा, पंजाब बिहार, मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार समाज जागरण RNI NO. UPHIN/2021/84200

वर्ष: 4 अंक: 87 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 05 जनवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## टोंक में चरागाह से मिला संदिग्ध पुरातात्विक पात्र

### जांच के लिए पुरातत्व विभाग को भेजी सूचना

टोंक (राजस्थान)। जिले के निवाई क्षेत्र में चरागाह भूमि से एक बर्तननुमा वस्तु मिलने से प्रशासन और पुरातत्व विभाग में हलचल मच गई है। इस संबंध में अतिरिक्त जिला कलेक्टर राम रतन सोकारिया ने जानकारी देते हुए बताया कि 3 जनवरी को प्रशासन और पुलिस को सूचना मिली थी कि चरागाह में एक ऐसा पात्र मिला है, जिसमें पुरातात्विक महत्व की कोई सामग्री हो सकती है।

सूचना मिलते ही तहसीलदार और पुलिस अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराते हुए बर्तननुमा वस्तु को सुरक्षित तरीके से निकाला गया और उसे निवाई स्थित उप-कोषागार (सब-ट्रेजरी) में सुरक्षित जमा कर दिया गया है। प्रशासन ने एहतियात बरतते हुए किसी भी तरह की छेड़छाड़ से बचने के लिए उसे सील कर दिया है।

# ब्रिटेन-फ्रांस ने सीरिया में की एयर स्ट्राइक बमों से उड़ाया आतंकियों का भूमिगत हथियार डिपो

**समाज जागरण**

ब्रिटेन और फ्रांस ने एक संयुक्त ऑपरेशन में सीरिया के अंदर आतंकी ठिकानों पर स्ट्राइक की है। लड़ाकू विमानों ने सीरिया में इस्लामिक स्टेट ग्रुप के एक संदिग्ध भूमिगत हथियार डिपो पर बमबारी की। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने अपने एक बयान में कहा कि इस हमले में किसी आम नागरिक को नुकसान नहीं पहुंचा है और सभी एयरक्राफ्ट ऑपरेशन के बाद सुरक्षित लौट आए हैं।

सीरिया में इस्लामिक स्टेट ग्रुप (दाएश आतंकवादी संगठन) फिर से उभरने की कोशिश में है, जिसने 2019 तक सीरिया के कुछ हिस्सों पर कब्जा कर लिया था। इसे रोकने के लिए ब्रिटेन ने फ्रांस के साथ मिलकर ऑपरेशन किया।

ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा, "रॉयल एयरफोर्स के एयरक्राफ्ट मार्च 2019 में अपनी सैन्य हार के बाद दाएश आतंकवादी ग्रुप के किसी भी संभावित पुनरुत्थान को रोकने के लिए सीरिया के ऊपर गश्त करना



जारी रखे हुए हैं। सावधानीपूर्वक खुफिया विश्लेषण ने पलमायरा के प्रमुख स्थल से कुछ मील उत्तर में पहाड़ों में एक भूमिगत ठिकाने की पहचान की। इस ठिकाने पर दाएश का कब्जा था, जिसका इस्तेमाल हथियार और विस्फोटक जमा करने के लिए किया जाता था। ठिकाने के आसपास के क्षेत्र में कोई नागरिक बस्ती नहीं है।" रॉयल एयरफोर्स के टाइफून एफजीआर4एस फाइटर जेट्स ने फ्रांसीसी विमानों के साथ एक संयुक्त कार्रवाई में 3 जनवरी की शाम को भूमिगत ठिकाने पर हमला किया। विमानों ने ठिकाने तक जाने वाली कई सुरंगों को निशाना बनाने के लिए पेववे-4 गाइडेड बमों का इस्तेमाल किया। रक्षा मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि शुरूआती संकेत हैं कि लड़ाकू विमानों ने लक्ष्य को सफलतापूर्वक निशाना बनाया। रक्षा मंत्रालय ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें विमानों को वॉयेजर एयर-टू-एयर रिफ्यूलिंग टैंकर से ईंधन सपोर्ट लेते दिखाया गया।

रक्षा सचिव जॉन हीली ने कहा, "यह कार्रवाई हमारे ब्रिटेन के नेतृत्व और अपने सहयोगियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहने के हमारे पक्के इरादे को दिखाती है, ताकि मिडिल ईस्ट में दाएश और उसकी खतरनाक व हिंसक विचारधारा के फिर से उभरने को खत्म किया जा सके। मैं इस ऑपरेशन में शामिल हमारी सेना के सभी सदस्यों को उनकी दक्षता और साहस के लिए धन्यवाद देता हूं।"

उन्होंने आगे कहा, "वे क्रिसमस और नए साल के दौरान तैनात किए गए हजारों ब्रिटिश जवानों में से थे। हमारे जीवन के तरीके को खतरा पहुंचाने वाले खतरनाक आतंकवादियों को खत्म करने के लिए किया गया यह ऑपरेशन दिखाता है कि हमारी सेना पूरे साल कैसे तैयार रहती है व ब्रिटेन को घर पर सुरक्षित और विदेश में मजबूत रखती है।" (इनपुट-आईएएनएस)

## वेनेजुएला में हालात को लेकर भारत ने जताई चिंता!

### बातचीत के जरिए मामले को सुलझाने की अपील



**समाज जागरण**

वेनेजुएला में अमेरिका के हमले के बाद से देश में अस्थिरता का माहौल है। वेनेजुएला में हालात को लेकर भारत ने जताई चिंता और बातचीत के जरिए मामले को सुलझाने की अपील की है। विदेश मंत्रालय ने आज रविवार को प्रेस रिलीज जारी करते हुए लिखा, "वेनेजुएला में हाल की घटनाएं गहरी चिंता का विषय हैं। हम बदलते हालात पर करीब से नजर रख रहे हैं। भारत वेनेजुएला के लोगों की भलाई और सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध। हम सभी संबंधित लोगों से अपील करते हैं कि वे बातचीत के जरिए शांति से मुद्दों को सुलझाएं, ताकि इलाके में शांति और स्थिरता बनी रहे।"

मंत्रालय ने आगे लिखा कि काराकास में भारतीय दूतावास भारतीय समुदाय के लोगों के संपर्क में है और हर मुमकिन मदद देता रहेगा। वहीं, विदेश मंत्रालय की ओर से वेनेजुएला में रह रहे भारतीयों के लिए एडवाइजरी भी जारी की गई।

मंत्रालय का यह बयान कल शनिवार को वेनेजुएला में अमेरिकी डेल्टा फोर्स के एक सैन्य बेस पर हमला करने के बाद आया है। अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला में अलग-अलग जगहों पर हमला किया और राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस के साथ पकड़ लिया।

## कातिल हसीना निकली मणिपुर की युवती, विदेशी प्रेमी को ग्रेटर नोएडा में उतारा मौत के घाट

**समाज जागरण**

ग्रेटर नोएडाः नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के सेक्टर-150 में एक सनसनीखेज और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. यहां साउथ कोरिया के नागरिक की उसकी मणिपुर निवासी प्रेमिका ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी. इस घटना से पूरे इलाके में भय और दहशत का माहौल है. पुलिस ने आरोपी युवती को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है.





दरअसल, रविवार को राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान अस्पताल से नॉलेज पार्क थाना पुलिस को मीमो के जरिए सूचना मिली कि एक विदेशी नागरिक मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया है. पुलिस ने तुरंत अस्पताल पहुंचकर जांच की और मृतक की पहचान मि. डक यी हुई पुत्र हवा यंग यूह, निवासी साउथ कोरिया के रूप में की, जो ग्रेटर नोएडा के एटीएस पायस हाइडवेज, सेक्टर-150 में रह रहा था.

जांच में पता चला कि मृतक को अस्पताल में लुंजियाना, पुत्री कंचन गठाई, निवासी थाना खौपुम, जिला बिशनुपुर, मणिपुर द्वारा लाया गया था. पूछताछ में यह स्पष्ट हुआ कि इसी युवती ने चाकू से हमला कर अपने प्रेमी की हत्या की. दोनों लंबे समय से लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे थे.

## संयुक्त अरब अमीरात के दौरे पर रवाना हुए सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी

**समाज जागरण**

भारतीय थलसेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी आज रविवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के आधिकारिक दौरे पर रवाना हुए हैं। यह यात्रा भारत और यूएई के बीच बढ़ते रणनीतिक एवं रक्षा संबंधों को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी।

दोनों देशों के रक्षा संबंध सशक्त करने की दिशा में यह यात्रा एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। थलसेना प्रमुख का यह दौरा दोनों देशों के बीच आपसी समझ को गहरा करने, साझा हितों वाले क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने तथा द्विपक्षीय रक्षा साझेदारी को व्यापक बनाने पर केंद्रित है। यात्रा के दौरान जनरल द्विवेदी यूएई के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों और रक्षा नेतृत्व से मुलाकात करेंगे, जिसके माध्यम से सैन्य-स्तरीय संवाद, संयुक्त प्रशिक्षण, रक्षा प्रौद्योगिकी सहयोग और क्षमता निर्माण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की संभावना है।

भारतीय सेना के मुताबिक जनरल उपेन्द्र द्विवेदी रविवार को यूएई के लिए रवाना हो गए हैं। जनरल द्विवेदी 5 व 6 जनवरी को यूएई के सैन्य नेतृत्व समेत विभिन्न वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। गौरतलब है कि भारत और यूएई के बीच बीते कुछ वर्षों में रक्षा क्षेत्र में लगातार सहयोग बढ़ रह हैं। दोनों देशों की सेनाएं कई संयुक्त सैन्य अभ्यासों, समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद-निरोधक और सूचना-साझेदारी जैसे अहम मुद्दों पर मिलकर काम कर रही हैं। माना जा रहा है कि थलसेना प्रमुख की यह यात्रा अब इस



साझेदारी को नई गति और नई दिशा देगी।

रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि जनरल उपेन्द्र द्विवेदी का यह दौरा भारत-यूएई के बीच बढ़ते सामरिक संबंधों की निरंतरता को दर्शाता है। सेनाध्यक्ष की यह यात्रा आने वाले समय में रक्षा सहयोग को और गहरा करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। गौरतलब है कि बीते दिनों संयुक्त अरब अमीरात की थलसेना के कमांडर मेजर जनरल यूसुफ मयूफ सईद अल हल्लामी ने भारत दौरा किया था। अक्टूबर महीने के अंत में हुई उनकी यह आधिकारिक भारत यात्रा थी। उनकी यह यात्रा दोनों सेनाओं के बीच लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने में एक अहम मील का पत्थर साबित हुई थी।

अपनी भारत यात्रा के दौरान मेजर जनरल अल हल्लामी ने भारतीय थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी से मुलाकात की थी। तब दोनों सेनाओं के बीच सहयोग को और घनिष्ठता देने तथा नई संभावनाओं को तलाशने पर चर्चा हुई थी। बैठक में 'ऑपरेशन सिंदूर' के संबंध में उन्हें विस्तृत जानकारी भी दी गई। इसके साथ ही, उन्हें भारतीय सेना की डिजिटल क्षमता से अवगत कराया गया था।

यही नहीं, हाल ही में करीब एक सप्ताह पहले भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास डेजर्ट साइक्लोनझ2 सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ है। यह सैन्य अभ्यास अबू धाबी स्थित अल-हमरा ट्रेनिंग सिटी में संपन्न हुआ। यूएई में प्रशिक्षण के दौरान दोनों सेनाओं ने शहरी युद्धक तकनीकों पर काम किया। इमारतों की मार्किंग और क्लीयरेंस, आईईडी अवेयरनेस व घायलों की निकासी का अभ्यास किया गया। इसके साथ ही युद्ध में प्राथमिक उपचार देने और मिशन योजना पर भी गहन अभ्यास किया गया है। (इनपुट-आईएएनएस)

## समस्तीपुर में ठंड का कहर, 5 डिग्री तक गिरा तापमान

**समाज जागरण**

समस्तीपुरः बिहार के समस्तीपुर जिले में कड़ाके की ठंड ने आम जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है. न्यूनतम तापमान गिरकर लगभग 5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है. अधिकतम तापमान भी 13 डिग्री के आसपास ही बना हुआ है. घने कोहरे और ठंडी हवाओं के चलते सुबह और शाम के समय ठंड का प्रकोप और ज्यादा बढ़ गया है. सर्द मौसम का सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों और बुजुर्गों पर पड़ रहा है. इसी को देखते हुए जिला प्रशासन ने बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कक्षा एक से आठ तक के सभी स्कूलों को 7 जनवरी तक बंद रखने का आदेश जारी किया है.

### समस्तीपुर में ठंड से जनजीवन अस्त-व्यस्त

लगातार गिरते तापमान के कारण समस्तीपुर जिले में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है. सुबह के समय सड़कों पर घना कोहरा छाया रहता है, जिससे वाहन चालकों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. लोग घरों से निकलने में हिचकिचा रहे हैं और अलाव, गर्म कपड़े और हीटर का सहारा ले रहे हैं. बाजारों में भी सुबह के समय सन्नाटा पसरा रहता है. दोपहर बाद ही हल्की चहल-पहल देखने को मिलती है. ठंड से बचने के लिए लोग धूप निकलने का इंतजार करते नजर आते हैं. गरीब और असहाय वर्ग के लिए यह ठंड किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है.

# शीत लहर और ठंड ने लोगों की बढ़ा दी मुश्किल, अभी और बढ़ने की आशंका, रहे सावधान

**समाज जागरण**

लोनी, 4 जनवरीः उत्तर प्रदेश के मध्य और तराई अंचल के साथ-साथ दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में सर्दी अब अपने पूरे शबाब की ओर है। प्रदेश के अधिकांश जिलों में बीते चंद दिनों के दौरान ठंडी हवाओं ने कपकपा देने वाली ठिठुरन और बढ़ा दी है। वहीं रात के समय यात्रियों को कोहरे का कहर भी झेलना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में अधिकतम तापमान में लगभग 5.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है।

### ठंडी हवाओं ने बदला मौसम का मिजाज

पिछले कई दिनों से शाम होते ही उत्तर-पश्चिम दिशा से चल रही ठंडी हवाओं ने मौसम का मिजाज बदल दिया हैं। रात के समय कोहरा जहा सड़क और रेल यातायात को बाधित कर रहा है वहीं शीत लहर के चलते ठंड इतनी बढ़ गई है कि लोग गर्म कपड़ों में भी ठिठुर रहे हैं। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार लखनऊ का न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.8 डिग्री अधिक है, जबकि अधिकतम तापमान गिरकर 14.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो सामान्य से 5.5 डिग्री कम है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर भारत के पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में साफ दिखाई दे रहा है। पहाड़ों से आ रही ठंडी हवाओं के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। हालांकि गामिनत यह है कि हवाओं की वजह से कोहरा फिलहाल कम बना हुआ है। अगर हवाओं की गति कमजोर पड़ी, तो आने वाले दिनों में कोहरे का असर भी बढ़ जाएगा।

### ठंड ने अस्पतालों में बढ़ा दी मरीजों की संख्या

ठंड बढ़ने का असर स्वास्थ्य पर भी देखने को मिल रहा है। अस्पतालों में सर्दी-जुकाम, खांसी और सांस से जुड़ी समस्याओं वाले मरीजों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। डॉक्टरों का कहना है कि इस मौसम में खासकर बुजुर्गों और बच्चों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है। सुबह और रात के समय बाहर निकलते वक्त गर्म कपड़े पहनने, ठंडे पेय पदार्थों से बचने और शरीर को गर्म रखने की सलाह दी जा रही है।



### वाहन चालको और दिहाड़ी मजदूरों की बढ़ी मुश्किलें

ठंडी हवाओं का असर दिहाड़ी मजदूरों और खुले में काम करने वाले लोगों के लिए मुसीबत बना है। निर्माण स्थलों और खेतों में काम करने वाले मजदूरों को ठंड के कारण काम करने में दिक्कत हो रही है। ठंड की ऐसी स्थिति को देखते हुए सामाजिक संगठनों और स्थानीय प्रशासन द्वारा जरूरतमंदों को कंबल और गर्म कपड़े वितरित किए जा रहे हैं। वहीं यातायात के लिहाज से देखें तो कोहरे के कारण सड़क यातायात व रेल सेवाओं के अलावा हवाई सेवाएं भी प्रभावित हुई है। आने वाले समय में यदि कोहरा बढ़ा तो इसका ओर व्यापक असर देखने को मिलेगा। क्योंकि, मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि तापमान में और गिरावट आने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

### अगले 48 घंटों तक चलेंगी शीत लहर बढ़ेगी ठंड

आने वाले दिनों के मौसम को लेकर विभाग का अनुमान है कि अगले 48 घंटों तक ठंडी हवाएं चलती रहेंगी। इससे न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट संभव है, जबकि अधिकतम तापमान भी सामान्य से नीचे बना रह सकता है। इसके साथ ही, रात और सुबह के समय ठंड का असर और बढ़ सकता है। तापमान में आई गिरावट के कारण लोगों की दिनचर्या पहले से ही प्रभावित है. जबकि मौसम विशेषज्ञों की मानें तो आने वाले दिनों में सर्दी से अभी पूरी राहत मिलने की कोई संभावना नहीं है, ऐसे में लोगों को सतर्क रहने और मौसम के अनुसार सावधानी बरतने की जरूरत है।

### घने कोहरे और शीतलहर का कहरः उत्तर भारत समेत कई राज्यों में अलर्ट जारी

नई दिल्ली। भारतीय मौसम विभाग ने 4 जनवरी 2026 को जारी प्रेस विज्ञप्ति में उत्तर भारत और उससे सटे मध्य भारत के लिए कड़ी मौसम चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार अगले सात दिनों तक उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में रात और सुबह के समय घना से बहुत घना कोहरा छाए रहने की प्रबल संभावना है। कोहरे के कारण दृश्यता कई स्थानों पर 50 मीटर से भी कम दर्ज की गई है, जिससे सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित हो सकता है।

मौसम विभाग ने बताया कि 4 और 5 जनवरी 2026 को उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, पश्चिमी मध्य प्रदेश और बिहार के कुछ इलाकों में शीतलहर की स्थिति बन सकती है। वहीं 4 जनवरी को पूर्वी राजस्थान और पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी शीतलहर का प्रकोप रहने की संभावना है। इसके अलावा 5 से 8 जनवरी के दौरान पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़, 5 से 9 जनवरी के बीच पश्चिमी राजस्थान, 5 से 10 जनवरी तक पूर्वी राजस्थान तथा 6 से 7 जनवरी को झारखंड में शीतलहर की स्थिति गंभीर हो सकती है।

## बच्ची को कलेजे में सटाए रखी मां, फिर भी बांग्लादेशी पुलिस का दिल नहीं पसीजा

**समाज जागरण**

ढाका की सड़कों से रविवार को जो तस्वीरें सामने आईं, उन्होंने इंसानियत को झकझोर कर रख दिया. मोबाइल फोन कारोबारियों के प्रदर्शन के दौरान बांग्लादेशी पुलिस की कार्रवाई ऐसी रही कि एक मासूम बच्ची को उसकी मां के साथ सड़क पर घसीटते हुए देखा गया. बच्ची रोती रही, लोग



चीखते रहे, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों का रवैया बेरहम नजर आया.

वायरल वीडियो में साफ दिखता है कि बच्ची को बचाने की कोशिश के बावजूद पुलिस ने कोई नरमी नहीं दिखाई. जिस देश में बच्चों की सुरक्षा और मानवाधिकारों की बात की जाती है, वहां यह दृश्य न सिर्फ चौंकाने वाला है, बल्कि प्रशासन की संवेदनशीलता पर भी सवाल खड़े करता है.

## ओवैसी के बयान पर बीजेपी का पलटवार

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के हालिया बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। बीजेपी नेता गौरव वल्लभ ने ओवैसी और उनकी सहयोगी पार्टियों पर देश की सेना और सुरक्षा बलों पर सवाल खड़े करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब देश आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कदम उठा रहा था, तब यही लोग संसद में सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांग रहे थे।



गौरव वल्लभ ने कहा, "ओवैसी और उनकी सहयोगी पार्टियों ने सर्जिकल स्ट्राइक पर सबूत मांगे थे। संसद में खड़े होकर पूछा गया कि भारत के कितने फाइटर जेट गिराए गए। क्या उन्हें जरा भी शर्म महसूस नहीं हुई?" उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब भारत ने आतंकवाद के खिलाफ स्पष्ट और सख्त नीति अपनाई है।

बीजेपी नेता ने केंद्र सरकार की नीतियों का हवाला देते हुए कहा कि अब देश ने यह स्पष्ट कर दिया है कि "खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते।" उन्होंने कहा कि पहली बार भारत ने यह नीति घोषित की है कि आतंकवादी हमला सीधे तौर पर पाकिस्तान की ओर से हमला माना जाएगा।

## समान अवसर का मैदान: एक को मिलने वाली मदद सिर्फ उसी तक सीमित नहीं होनी चाहिए



वोडाफोन आइडिया को एजीआर बकाया चुकाने में दी गई मोहलत को टेलीकॉम सेक्टर में प्रतिस्पर्धा बचाने की कोशिश बताया गया है लेकिन समान अवसर का सवाल भी उठाया गया है

वोडाफोन आइडिया (वीआई) को सरकार को अपने समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) का बकाया चुकाने के लिए मिली पांच साल की मोहलत, वित्तीय संकट से जूझ रही इस दूरसंचार सेवा प्रदाता के लिए एक बड़ी राहत है। इस रियायत के बाद वीआई के पास यह अवसर होगा कि वह अपने 87,695 करोड़ रुपये के एजीआर बकाये का भुगतान मार्च 2026 से शुरू करने के बजाय 2031-32 से 2040-41 के बीच कर सके। इससे कंपनी को धन जुटाने, अपने कारोबार को मजबूत करने और इस बीच ग्राहकों के पलायन को रोकने का अवसर मिलेगा।

हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा वीआई के एजीआर बकाये को पांच साल के लिए स्थगित करने की मंजूरी सरकार का एक अहम कदम है ताकि दूरसंचार क्षेत्र में दो कंपनियों का दबदबा (डुओपोली) बनने से रोका जा सके। यह ऐसे समय में हुआ है जब इंडिगो की उड़ानों के रद्द होने से नए पायलट विश्राम नियमों पर उत्पन्न अराजकता के बाद विमानन क्षेत्र में लगभग डुओपोली की स्थिति पर ध्यान केंद्रित हुआ है। भारतीय विमानन में इस डुओपोली चरित्र को उलटने के प्रयास में सरकार ने कई कंपनियों को एयरलाइन शुरू करने के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र भी जारी किए हैं।

बहरहाल, यह बात ध्यान देने लायक है कि डुओपोली रोकने की कोशिश में किसी भी क्षेत्र में समान कारोबारी हालात के सिद्धांत का उल्लंघन नहीं होना चाहिए। दूरसंचार भी इससे अलग नहीं है। अभी कुछ वर्ष पहले तक इस क्षेत्र में कई सेवा प्रदाता थे और फिर 2 जी घोटाला सामने आने के बाद इनमें से कई कंपनियां कारोबार से बाहर हो गईं। ऐसे में अगर वीआई को, जिसमें सरकार की 49 फीसदी हिस्सेदारी है, अगर बकाया एजीआर चुकाने के लिए समय दिया जाता है तो एक अन्य निजी कंपनी भारती एयरटेल भी ऐसी ही मदद की हकदार है। भले ही उसकी वित्तीय हालत कहीं अधिक मजबूत है। तीसरी निजी दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो ने 2016 में ही सेवा देनी शुरू की है और इसलिए उसका कोई एजीआर बकाया नहीं है।

एजीआर बकाया वह राशि है जिसे सभी दूरसंचार कंपनियों को सरकार को देनी है। इनमें भारत संचार निगम लिमिटेड और महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड जैसी सरकारी कंपनियां भी शामिल हैं। यह राशि लाइसेंस शुल्क और स्पेक्ट्रम उपयोग शुल्क के रूप में होती है। पिछले मॉडल में कंपनियां दूरसंचार लाइसेंस के लिए एक निश्चित शुल्क अदा करती थीं। इसके विपरीत, 1999 में राजस्व-साझेदारी का प्रारूप लागू किया गया, जिसमें दूरसंचार कंपनियों को अपने सकल राजस्व का एक निश्चित प्रतिशत हिस्सा सरकार के साथ लाइसेंस शुल्क और स्पेक्ट्रम उपयोग शुल्क के रूप में साझा करना अनिवार्य किया गया। लेकिन एजीआर की परिभाषा लंबे समय से विवाद का विषय रही है।

विवाद यह है कि कंपनी के पूरे राजस्व को गिना जाए या केवल दूरसंचार राजस्व को। इसने हितधारकों को वर्षों तक अदालतों में अटकाया। अक्टूबर 2025 के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले ने, जिसे एक महीने बाद कुछ संशोधित किया गया, 31 दिसंबर को वीआई को दी गई पांच साल की मोहलत पर केंद्रीय मंत्रिमंडल के निर्णय की पृष्ठभूमि तैयार की। अदालत ने केंद्र सरकार को वित्तीय वर्ष 2016-17 तक वीआई के एजीआर बकाये का पुनर्मूल्यांकन और सामंजस्य करने की अनुमति दी।

यह पहला मौका नहीं है जब वीआई को सरकार से राहत मिली है। इससे पहले, भारी कर्ज में डूबी इस दूरसंचार कंपनी को दूरसंचार क्षेत्र के लिए बनाए गए राहत पैकेज का लाभ मिला था। सरकार ने वीआई के बकाये को किस्तों में अपनी हिस्सेदारी में बदल दिया, जो अब 49 फीसदी पर है। इससे आगे बढ़ने पर सरकार कंपनी में बहुल शेयरधारक बन जाएगी।

यह मोहलत वीआई की वित्तीय और कारोबारी स्थिति को एक हद तक स्थिर बनाने की संभावना रखती है, जबकि सरकार इस वर्ष की शुरूआत में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दी गई अनुमति के अनुसार बकाये की मात्रा का पुनर्मूल्यांकन कर रही है। चूंकि अदालत ने अधिकारियों को अन्य दूरसंचार कंपनियों को मोहलत या राहत देने से नहीं रोका है, सरकार को व्यवसायों के साथ समानता सुनिश्चित करने के लिए इस संभावना को भी तलाशना चाहिए।




# वेनेजुएला पर अमेरिकी हमला।
# लैटिन अमेरिका में वामपंथियों के प्रभाव को नेस्त-नाबूद करने का प्रयास।





अमेरिका का वेनेजुएला पर हमला अमेरिकी साम्राज्यवाद का एक नया किंतु और अलोकतांत्रिक कदम है। इस हमले के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ के साथ 195 देशों का मौन बहुत ही आश्चर्यजनक एवं चिंतनीय है। अमेरिकी दादागिरी अपने चरम पर पहुंच चुकी है अमेरिका ने वेनेजुएला लोकतांत्रिक तरीके से चुने गए और विगत 12 वर्षों से लगातार शासन कर रहे राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को उनके आधिकारिक निवास से पत्नी सहित अगवा कर अमेरिका ले जाया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति पर आरोप लगाकर उन पर आक्रमण किया तथा उनका अपहरण कर उन्हें अमेरिका शिफ्ट किया गया तानाशाही का आरोप तो डोनाल्ड ट्रंप लगाया जा रहा है किंतु यह कहावत सत्य है कि "समरथ को नहीं दोस गोसाई" यानी समर्थ व्यक्ति का हर कार्य सही मान लिया जाता है। अमेरिका द्वारा वेनेजुएला पर किया गया ताजा सैन्य आक्रमण केवल एक देश पर हमला नहीं बल्कि इक्कीसवीं सदी की ऊर्जा राजनीति, वामपंथ बनाम नव-साम्राज्यवाद, और उभरती बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के बीच टकराव का प्रतीक बनकर सामने आया है, जब अमेरिकी नेतृत्व ने यह दावा किया कि राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को हिरासत में लेकर देश से बाहर ले जाया गया है, यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई जब वेनेजुएला की वामपंथी सरकार ने अपने विशाल पेट्रोलियम, क्रूड ऑयल, सोने और प्राकृतिक गैस भंडारों पर राष्ट्रीय संप्रभुता को और सख़्ती से लागू करते हुए अमेरिकी और पश्चिमी बहुराष्ट्रीय कंपनियों को प्रत्यक्ष उपयोग से बाहर रखने के निर्णय को दोहराया था, माना जा रहा है कि इसी निर्णय ने वॉशिंगटन में तीखी प्रतिक्रिया को जन्म दिया और डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले अमेरिकी सत्ता-तंत्र ने इसे लोकतंत्र की रक्षा के नाम पर सैन्य हस्तक्षेप का औचित्य बना लिया, जबकि आलोचकों का कहना है कि यह हस्तक्षेप वस्तुतः ऊर्जा संसाधनों पर नियंत्रण और लैटिन अमेरिका में अमेरिकी प्रभुत्व की पुनर्स्थापना की कोशिश है, इस हमले के बाद अर्जेंटीना की नई राजनीतिक दिशा ने खुलकर अमेरिका का समर्थन किया है और ब्यूनस आयर्स से जारी बयानों में इसे वेनेजुएला में लोकतांत्रिक संक्रमण की दिशा में आवश्यक कदम बताया गया, साथ ही यह कयास तेज हो गए हैं कि विपक्षी नेता कोरिना माचाडो को अंतरराष्ट्रीय समर्थन के साथ सत्ता में स्थापित करने की कोशिशें तेज होंगी, हालांकि वेनेजुएला के भीतर इसे तख़्तापलट की साज़िश बताया जा रहा है, इस पूरे घटनाक्रम से चीन को बड़ा रणनीतिक झटका लगा है क्योंकि वेनेजुएला बीते वर्षों में चीन की बेल्ट एंड रोड पहल, दीर्घकालिक तेल आपूर्ति समझौतों और ऋण-तेल विनिमय व्यवस्था का अहम हिस्सा रहा है, अमेरिकी हस्तक्षेप से न केवल इन परियोजनाओं पर अनिश्चितता छा गई है बल्कि लैटिन अमेरिका में चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने की खुली कोशिश भी दिखाई दे रही है, इसी क्रम में रूस, चीन और उत्तर कोरिया ने संयुक्त और अलग-अलग बयानों में इस कार्रवाई का कड़ा विरोध करते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन बताया है, रूस ने विशेष रूप से इसे संप्रभु राष्ट्र के आंतरिक मामलों में बलपूर्वक हस्तक्षेप करार दिया और संकेत दिए कि अमेरिका की इस आक्रामक नीति ने वैश्विक अस्थिरता को और गहरा कर दिया है, उधर पूर्वी यूरोप में रूस-यूक्रेन संघर्ष ने भी नई तीव्रता पकड़ ली है और ताजा रिपोर्टों के अनुसार रूसी सैन्य कार्रवाइयों में वृद्धि को कई विश्लेषक पश्चिमी दबाव और वेनेजुएला प्रकरण के व्यापक भू-राजनीतिक प्रभाव से जोड़कर देख रहे हैं, वहीं चीन के संदर्भ में ताइवान को लेकर बयानबाजी और सैन्य गतिविधियों में बढ़ोतरी ने यह संकेत दिया है कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र में भी तनाव का स्तर बढ़ रहा है, हालांकि बीजिंग ने आधिकारिक रूप से किसी तात्कालिक आक्रमण की घोषणा नहीं की है लेकिन यह स्पष्ट किया है कि ताइवान उसका आंतरिक विषय है और बाहरी हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, इस तरह वेनेजुएला पर हमला एक अकेली घटना न रहकर वैश्विक शक्ति संतुलन के पुनसंयोजन का हिस्सा बनता जा रहा है, जहां अमेरिका अपने पारंपरिक प्रभाव क्षेत्रों में निर्णायक बढ़त बनाए रखना चाहता है जबकि रूस और चीन बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की वकालत करते हुए अमेरिकी एकाधिकार को चुनौती दे रहे हैं, लैटिन अमेरिका के कई देशों में इस घटनाक्रम को लेकर मतभेद उभर आए हैं, कुछ सरकारें अमेरिका के पक्ष में खड़ी दिखती हैं तो कई राष्ट्र इसे अपने लिए चेतावनी मानते हुए क्षेत्रीय संप्रभुता और गैर-हस्तक्षेप की नीति पर जोर दे रहे हैं, ऊर्जा बाजारों पर भी इसका असर दिखने लगा है जहां कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता और आपूर्ति श्रृंखला को लेकर चिंता बढ़ी है, वेनेजुएला जो विश्व के सबसे बड़े तेल भंडारों में से एक का स्वामी है, लंबे समय से प्रतिबंधों और आंतरिक संकटों से जूझ रहा था, अब सैन्य हस्तक्षेप ने स्थिति को और जटिल बना दिया है, मानवाधिकार संगठनों ने भी आशंका जताई है कि इस संघर्ष का सबसे बड़ा भार आम नागरिकों पर पड़ेगा, जबकि अमेरिका का दावा है कि उसकी कार्रवाई का उद्देश्य लोकतंत्र और स्थिरता बहाल करना है, आलोचक इसे चयनात्मक नैतिकता बताते हैं क्योंकि समान परिस्थितियों में अन्य देशों के प्रति ऐसा रुख नहीं अपनाया गया, कुल मिलाकर वेनेजुएला संकट आज केवल कराकस या वॉशिंगटन तक सीमित नहीं रहा बल्कि यह मास्को, बीजिंग, ब्यूनस आयर्स, ताइपे और ब्रसेल्स तक फैली रणनीतिक गणनाओं को प्रभावित कर रहा है और यह संकेत दे रहा है कि आने वाले समय में विश्व राजनीति अधिक टकरावपूर्ण, संसाधन-केंद्रित और शक्ति-प्रदर्शन प्रधान होती जाएगी, जहां ऊर्जा, विचारधारा और सैन्य क्षमता तीनों मिलकर नए विश्व क्रम की दिशा तय करेंगे।



संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार, चिंतक, लेखक, स्तंभकार, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,

# शीर्षक – इंसानो ने पहले जंगल काटकर जानवरों का विनाश किया और अब पर्वत पहाड़ काटकर पर्यावरण के विनाश कर रहे है।


इसमें कही कोई संदेह नही है कि,इंसानो ने पहले जंगल काटकर जानवरों का विनाश किया और अब पर्वत पहाड़ काटकर पर्यावरण के विनाश कर रहे है।
मनुष्य ने जब से स्वयं को प्रकृति का स्वामी समझना शुरू किया, उसी दिन से विनाश की पटकथा लिखी जाने लगी। प्रारम्भ में जंगल थे—हरे, घने, जीवन से भरे हुए। वे केवल पेड़ों का समूह नहीं थे, बल्कि असंख्य जीव-जंतुओं का घर, नदियों का स्रोत, वर्षा का आधार और पृथ्वी की साँसें थे। किंतु विकास के नाम पर सबसे पहला प्रहार इन्हीं जंगलों पर हुआ। कुल्हाड़ियाँ चलीं, आरे गरजे, और देखते-देखते हजारों वर्षों में बने वन कुछ ही दशकों में उजाड़ दिए गए।
जंगलों के कटने का सबसे पहला दुष्परिणाम जानवरों पर पड़ा। उनके घर छिन गए, भोजन के स्रोत समाप्त हो गए, और वे या तो मानव बस्तियों में भटकने लगे या हमेशा के लिए विलुप्त हो गए। बाघ, हाथी, गैंडे, पक्षी—जो कभी जंगलों की शान थे—आज अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। मनुष्य ने इसे प्रगति कहा, पर यह प्रगति नहीं, बल्कि प्रकृति के संतुलन का सुनियोजित विनाश था।
जंगलों के बाद मानव की दृष्टि पर्वतों पर पड़ी। जो पर्वत लाखों वर्षों से पृथ्वी की रीढ़ बनकर खड़े थे, जो नदियों को जन्म देते थे, मौसम को संतुलित रखते थे और भू-स्खलन व भूकंप के प्रभाव को रोकते थे—आज वही पर्वत विकास परियोजनाओं की भेंट चढ़ रहे हैं। पहाड़ों को काटकर सड़कें, सुरंगें, खदानें और शहर बसाए जा रहे हैं। विस्फोटों से पर्वतों की छाती छलनी की जा रही है, मानो वे निर्जीव पत्थरों का ढेर हों, जिनका कोई मूल्य नहीं।
पर्वतों के कटने का प्रभाव केवल स्थानीय नहीं, बल्कि वैश्विक है। नदियाँ सूख रही हैं, ग्लेशियर पिघल रहे हैं, वर्षा का चक्र असंतुलित हो रहा है और प्राकृतिक आपदाएँ बढ़ रही हैं। बाढ़, भूस्खलन, भूकंप और सूखा—ये सब प्रकृति की चेतावनियाँ हैं, जिन्हें मनुष्य बार-बार अनसुना कर रहा है। पर्वतों के साथ-साथ वहाँ रहने वाले लोग, उनकी संस्कृति और उनकी आजीविका भी संकट में पड़ रही है।
विडंबना यह है कि मनुष्य स्वयं को सबसे बुद्धिमान प्राणी मानता है, फिर भी सबसे अधिक आत्मघाती निर्णय वही ले रहा है। जंगल काटकर उसने जानवरों का विनाश किया और अब पर्वत काटकर वह स्वयं के भविष्य को अंधकार में धकेल रहा है। पर्यावरण का यह विनाश किसी एक देश या क्षेत्र की समस्या नहीं, बल्कि पूरी मानवता के अस्तित्व से जुड़ा प्रश्न है।
अब भी समय है कि मनुष्य रुके, सोचे और दिशा बदले। विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाना असंभव नहीं है, पर इसके लिए लालच के स्थान पर संवेदनशीलता और तात्कालिक लाभ के स्थान पर दीर्घकालिक सोच अपनानी होगी। जंगलों का संरक्षण, पर्वतों का सम्मान और प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व ही मानव सभ्यता को बचा सकता है।
यदि आज भी हम नहीं चेते, तो आने वाली पीढ़ियाँ हमें विकासकर्ता नहीं, बल्कि विनाशकर्ता के रूप में याद करेंगी। प्रकृति ने हमें जीवन दिया है; अब यह हमारा दायित्व है कि हम उसके अस्तित्व की रक्षा करें, न कि उसके विनाश की तैयारी करें।



लेखिका –सुनीता कुमारी

## (परमहंस योगानंद की 133वीं जयंती के अवसर पर)
## बाकी सब कुछ प्रतीक्षा कर सकता है, लेकिन ईश्वर की खोज प्रतीक्षा नहीं कर सकती।

इस सरल किंतु गहन स्मरण के साथ परमहंस योगानंद ने मानवता को जीवन के केंद्र में आत्म-साक्षात्कार की खोज रखने का आह्वान किया। जैसे-जैसे संसार उनकी 133वीं जयंती का स्मरण करता है, उनका जीवनऔर शिक्षाएँ संस्कृतियों, आस्थाओं और पीढ़ियों के पार गूंजती रहती हैं—शांति, स्पष्टता और दिव्य प्रेम का कालातीत संदेश देते हुए।
5 जनवरी 1893 को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में जन्मे परमहंस योगानंद मेंबचपन से ही आध्यात्मिक सत्य की तीव्र प्यास थी। यही आकांक्षा उन्हें उनके पूज्य गुरु, स्वामी श्री युक्तेश्वर गिरि के चरणों तक ले गई, जिनके दृढ़ किंतु करुणामय मार्गदर्शन में उन्होंने सर्वोच्च आध्यात्मिक साक्षात्कार प्राप्त किया। 1915 में वे भारत के प्राचीन स्वामी संन्यास परंपरा में प्रविष्ट हुए और 1920 में, एक दिव्य आह्वान के प्रत्युत्तर में, आधुनिक विश्व के साथ भारत की ईश्वर-साक्षात्कार की प्राचीन विद्या साझा करने हेतु संयुक्त राज्य अमेरिका गए।
पश्चिम में योग के अग्रदूत दूत के रूप में, योगानंद ने लाखों लोगों को क्रिया योग से परिचित कराया—ध्यान की वह वैज्ञानिक विधि जो महावतार बाबाजी, लाहिड़ी महाशय और स्वामी श्री युक्तेश्वर की अखंड परंपरा से सरक्षित रही है। इस पावन साधना



श्री श्री परमहंस योगानंद

के बारे में वे कहते थे, क्रियायोग और भक्ति—यह गणित की तरह काम करता है; यह असफल नहीं हो सकता। ध्यान के माध्यम से, उन्होंने सिखाया कि मनुष्य अपने ही चैतन्य में ईश्वर को शांति, आनंद और मार्गदर्शक प्रज्ञा के रूप में प्रत्यक्ष अनुभव कर सकता है।
उनकी आध्यात्मिक कृति ऑटोबायोग्राफी ऑफ ए योगी सर्वकालिक सबसे प्रभावशाली आध्यात्मिक पुस्तकों में से एक है। पचास से अधिक भाषाओं में अनूदित यह ग्रंथ दुनिया भर के पाठकों को प्रेरित करता रहा है—तकनीकी अग्रणी स्टीव जॉब्स सहित, जिन्होंने इसे प्रतिवर्ष पुनः पढ़ा और व्यापक रूप से भेंट किया—साथ ही रजनीकांत और विराट कोहली जैसे सार्वजनिक व्यक्तित्वों को भी। असंख्य साधकों के लिए यह पुस्तक ध्यान की ओर प्रवेश-द्वार और जीवन के आध्यात्मिक उद्देश्य की गहरी समझ का माध्यम बनी है।
अपने शिष्यों के लिए परमहंस योगानंद, सर्वोपरि, दिव्य प्रेम के शिक्षक थे प्रेमावतार—अर्थात प्रेम के साकार रूप—के रूप में वर्णित, वे अपनी ऊष्मा, करुणा और आध्यात्मिक स्पष्टता से अपने सान्निध्य में आने वालेसभी को उन्नत करते थे। ईश्वर के साथ उनका संबंध अत्यंत अंतरंग और व्यक्तिगत था, जो दिव्य माता के प्रति भक्ति में व्यक्त होता था—जिन्हें वे स्नेहमयी, प्रत्युत्तरशील और सदैव उपस्थित के रूप में अनुभव करते थे।
फिर भी उनका प्रेम सदा शक्ति और विवेक से संतुलित था। वे बल देते थे कि सच्चा धर्म व्यावहारिक होना चाहिए—केवल विश्वास पर नहीं, बल्कि प्रत्यक्ष आंतरिक अनुभव पर आधारित। आध्यात्मिकता, उनके अनुसार, जीवन से पलायन नहीं, बल्कि साहस, संतुलन और आनंद के साथ जीने का मार्ग है—चाहे कोई गृहस्थ हो या संन्यासी।
उनका मिशन सरल और गहन था: हर हृदय में ईश्वर-प्रेम को जाग्रत करनाऔर यह दिखाना कि दैनिक जीवन की जिम्मेदारियों के बीच भी आध्यात्मिक साक्षात्कार संभव है। ध्यान, सदाचारपूर्ण जीवन, निःस्वार्थसेवा और भक्ति—यही उनकी शिक्षाओं की आधारशिला थी।
1917 में परमहंस योगानंद ने भारत में योगदा सत्संग सोसाइटी (रर) कीस्थापना की, जो आज भी आश्रमों, ध्यान केंद्रों, शिविरों और प्रकाशनों केमाध्यम से देशभर में उनकी शिक्षाओं का प्रसार कर रही है। क्रिया योगसहित योगदा ध्यान-पद्धति के द्वारा, भारत और विश्व के साधक उनकेमार्गदर्शन से प्रेरणा पाते हुए अंतःस्थ शांति और दिव्य संयोग कीरूपांतरकारी शक्ति का अनुभव कर रहे हैं।
यद्यपि उनका प्रभाव लाखों तक पहुँचा, योगानंद के जीवन का सार विनम्रऔर अत्यंत व्यक्तिगत रहा: ईश्वर से प्रेम करना और दूसरों को उसी प्रेमकी खोज में सहायता करना। अपने शिष्यों के साथ इस पावन बंधन को व्यक्त करते हुए उन्होंने एक बार कहा:
मैं तुमसे ईश्वर में तुम्हारे आनंद के अतिरिक्त कुछ नहीं चाहता। और तुममु झसे ईश्वर की प्रज्ञा और आनंद के अतिरिक्त कुछ नहीं चाहते।
अपने जन्म के एक शताब्दी से अधिक समय बाद भी, परमहंस योगानंद आधुनिक विश्व के आध्यात्मिक परिदृश्य में एक दीप्तिमान उपस्थिति बनेहुए हैं—एक सौम्य किंतु शक्तिशाली स्मरण कि स्थायी शांति भीतर से आरंभ होती है, और दिव्य प्रेम दूर नहीं, बल्कि हर आत्मा में साकार होने की प्रतीक्षा कर रहा है।

## ।। खत ।।
## अच्युत उमर्जी, पुणे, महाराष्ट्र

सुनो ना...
कभी नौबत ही ना आई...
तुझे खत लिखने की...
तुम पहले माले पर रहतीं थीं...
और मैं निचली मंजिल पर...
मिलना जुलना होता ही था...
कभी आंगन में...
कभी छत पर...।। १ ।।

अब हम अलग अलग शहर में हैं...
अपने अपने कामों में व्यस्त हैं...
करीब ५ साल पहले मिले थे...
याद तुम्हारी बहुत आती है...
रोज ही एक बार क्यों ना हो...
तुम्हारे नाम को पुकार लेता हूं...
जानते हुए की तुम नहीं आओगी...।। २ ।।

अब मैं रिटायर हो चुका हूं...
अब तो तुम भी रिटायर हो चुकी होगी...
क्यों ना एक बार मिल लें दोनों...?
क्या हर्ज है...?
मुझे खुशी होगी तुम से मिलकर...
हैं तब तक...
एक बार मिल लेते हैं...
खत का जवाब लिखना...
खत का इंतजार करुंगा...
और...
रुबरु मुलाकात का भी...
आओगी ना...!
केवल तुम्हारा...!...।। ३ ।।

## मटमैला पानी लें रहा जान...!

विकास की गति भले ही हो रहीं तेज,
नगर निगम स्वच्छ जल न रहा सहेज।

मटमैला पानी लें रहा जनता की जान,
भागीरथपुरा की देश में यहीं पहचान।

सालों में गहरी निद्रा से जागते अफसर,
लीकेज-टंकियों की 'सफाई' में हरकत।

राजनेता रहते आये सिस्टम पर डिपेंड,
बरती लापरवाही और हो जाते सस्पेंड।

करिए ऐसी कोई 'अनोखी-सी' व्यवस्था,
पेयजल में नाली ना मिले रहती आस्था।

मूलभूत सुविधा 'जन-जन' को पहुँचाओं,
राजनेताओं अब तो 'जमीन' पर आओं।

(संदर्भ-इंदौर में दूषित पानी से हुई मृत्यु मचा हड़कम्प)

संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# योगी सरकार की दिव्यांग सशक्तिकरण नीति को मिला अभिनव विस्तार, यूपी के पहले राज्य विश्वविद्यालय में ब्रेल पुस्तकालय का शुभारंभ

समाज जागरण

लखनऊ, 4 जनवरी 2026। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की समावेशी शिक्षा और दिव्यांग सशक्तिकरण की दूरदर्शी नीति को एक नया और ठोस आयाम मिला है। प्रदेश के प्रथम राज्य विश्वविद्यालय डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश के पहले राज्य विश्वविद्यालय स्तरीय ब्रेल पुस्तकालय का भव्य उद्घाटन किया गया। यह उद्घाटन पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

लुई ब्रेल की जयंती के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने स्वामी विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय के प्रथम तल पर स्थापित अत्याधुनिक ब्रेल पुस्तकालय का विधिवत उद्घाटन किया। इससे पूर्व कुलपति ने विश्वविद्यालय के ब्रेल प्रेस परिसर में ब्रेल लिपि के जनक लुई ब्रेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम का शुभारंभ दृष्टि दिव्यांग विद्यार्थियों के साथ दीप प्रज्वलन कर किया गया, जो समावेश और सम्मान का प्रतीक बना। कुलपति



आचार्य संजय सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ब्रेल लिपि दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए शिक्षा का सबसे सशक्त माध्यम है, जो उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ती है। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन को निर्देश दिए कि दृष्टि दिव्यांग विद्यार्थियों को आधुनिक कंप्यूटर और डिजिटल प्रशिक्षण की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएं।

राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने बताया कि इस ब्रेल पुस्तकालय में विश्वविद्यालय के ब्रेल प्रेस द्वारा प्र-काशित स्नातक एवं परास्नातक स्तर के 54 पाठ्यक्रमों पर आधारित, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप लगभग 4000 अकादमिक ब्रेल पुस्तकें उपलब्ध हैं। यह उत्तर प्रदेश का पहला राज्य विश्वविद्यालय है, जिसने इतनी बड़ी संख्या में ब्रेल पुस्तकों के साथ सुव्यवस्थित पुस्तकालय स्थापित किया है। पुस्तकालय में 150 से अधिक पाठकों की क्षमता वाला विशाल वाचनालय भी बनाया गया है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ꠱सबको शिक्षा꠱ की भावना के अनुरूप यह पुस्तकालय केवल विश्वविद्यालय के छात्रों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि बाहरी दृष्टि दिव्यांग व्यक्ति भी सदस्यता लेकर इसका लाभ उठा सकेंगे। इसके लिए विशेष, आकस्मिक और कॉर्पोरेट सदस्यता की व्यवस्था की गई है।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता एवं पुस्तकालय प्रभारी प्रो. यशवंत वीरोदय ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में ब्रेल पुस्तकों की संख्या बढ़ाकर 10 हजार करने का लक्ष्य रखा गया है। यहां शैक्षणिक पुस्तकों के साथ-साथ उपन्यास, नाटक और महापुरुषों की जीवनियां भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

इस अवसर पर दृष्टि दिव्यांग विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मंत्री नरेंद्र कश्यप और विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल उनके लिए शिक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता की नई राह खोलने वाली है।

## प्रयागराज: माघ मेला में हाई-सिक्योरिटी, बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वाड ने बढ़ाई सतर्कता

प्रयागराज, उत्तर प्रदेश। माघ मेला के चलते प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। मेला क्षेत्र में बम डिटेक्शन और डिस्पोजल टीम के साथ-साथ डॉग स्क्वाड भी तैनात की गई है, जो संभावित खतरे और संदिग्ध वस्तुओं की निगरानी कर रही है। प्रशासन ने कहा कि श्रद्धालुओं और आम जनता की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है। बम निरोधक दस्ते लगातार मेला क्षेत्र में चेकिंग कर रहे हैं और डॉग स्क्वाड द्वारा संदिग्ध स्थानों और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों की सतत निगरानी की जा रही है। पुलिस ने श्रद्धालुओं से भी अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की जानकारी तुरंत अधिकारियों को दें और सुरक्षा दिशा-निदेशों का पालन करें।

# इंडियन हेल्पलाइन सोसाइटी और अशोक वाटिका परिवार ने ठंड में जरूरतमंदों को दिया सहारा, नि:शुल्क भोजन के साथ बांटे कंबल व गर्म कपड़े

समाज जागरण

लखनऊ। नववर्ष के अवसर पर सेवा, संवेदना और सम्मान का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करते हुए इंडियन हेल्पलाइन सोसाइटी (रजि.) द्वारा संचालित सेवा प्रकल्प बृज की रसोई के अंतर्गत रविवार 4 जनवरी 2026 को आशियाना, लखनऊ में निःशुल्क भोजन वितरण एवं गर्म कपड़े-कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रेरणास्रोत बाबा नीम करोली की कृपा से अपरान्ह 2 बजे प्रारंभ हुआ, जिसमें समाज के आर्थिक रूप से कमजोर, निराश्रित, असहाय बच्चों, बुजुर्गों, दिहाड़ी मजदूरों और श्रमिक परिवारों को सम्मानपूर्वक भोजन कराया गया।

कार्यक्रम का संचालन संस्था के पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों के समन्वित प्रयास से हुआ। संजय श्रीवास्तव ने बताया कि भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और सुव्यवस्थित वितरण पर विशेष ध्यान दिया गया। वहीं विकास पाण्डेय ने कहा कि सेवा के दौरान सामाजिक समरसता और मानवीय संवेदना का भाव स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। बच्चों के चेहरों पर संतोष और बुजुर्गों की आंखों में कृतज्ञता इस बात का प्रमाण रही कि यह सेवा केवल भोजन तक सीमित नहीं, बल्कि सम्मान और आत्मीयता का माध्यम भी बनी।



संस्था के संस्थापक विपिन शर्मा ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह आयोजन ꠱नया साल–सेवा के नाम꠱ की भावना के साथ किया गया, ताकि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक भी मानवता का प्रकाश पहुंच सके। उन्होंने स्थानीय नागरिकों, सहयोगियों और दानदाताओं के योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।

आशीष श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि निःशुल्क भोजन वितरण साईं मंदिर, सेक्टर-जे, आशियाना से प्रारंभ होकर सेक्टर-एम रिक्शा कॉलोनी, रतन खंड पार्क, डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के पास झुग्गी-झोपड़ियों, निमार्णाधीन भवनों में कार्यरत श्रमिकों के अस्थायी आवासों और नगर निगम जोन-8 की मलिन बस्तियों सहित कई क्षेत्रों में किया गया। इस दौरान लगभग 1500 जरूरतमंदों को आलू-गोभी-मटर-टमाटर की सब्जी, चावल और सूजी का हलुवा परोसा गया।

कार्यक्रम को और अधिक मानवीय स्वर देते हुए सहयोगी संस्था अशोक वाटिका परिवार द्वारा भीषण ठंड को देखते हुए गर्म कपड़े और कंबलों का वितरण किया गया। अनुराग दुबे ने कहा कि कंबल वितरण केवल वस्त्र देने का नहीं, बल्कि अपनत्व और भरोसे की ऊष्मा बांटने का कार्य है।

कार्यक्रम में राजीव पाण्डेय, दीपक भुटियानी, विशाल सक्सेना, अखिलेश सिंह, मुकेश कनौजिया, अथर्व श्रीवास्तव, ध्रुव सक्सेना सहित अनेक समाजसेवियों की सक्रिय सहभागिता रही। वहीं अशोक वाटिका परिवार की ओर से के.के. दुबे, आरती सिंह, नीलम अग्रवाल, ममता निगम, कविता मिश्रा और सीमा सिंह की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

अंत में इंडियन हेल्पलाइन सोसाइटी ने सभी सहयोगकताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी तरह जनकल्याणकारी सेवाएं निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया।

# टीएमयू नर्सिंग कॉलेजेज की ऊंची छलांग, बेटियां करेंगी मैक्स ज्वॉइन

समाज जागरण

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के नर्सिंग कॉलेजेज की एएनएम छात्राओं के लिए नया साल खुशियों का पैगाम लेकर आया है। टीएमयू के टीएमसीओएन और टीपीसीओएन की 19 छात्राएं मैक्स हैल्थकेयर में बतौर होम केयर नर्स कार्यभार संभालेंगी। नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी कहती हैं, यह उपलब्धि हमारी गुणवत्तापूर्ण, करियर-केंद्रित शिक्षा के संग-संग सघन व्यावहारिक प्रशिक्षण की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। यूपी की इन छात्राओं को जल्द ही नियुक्ति पत्र मिल जाएंगे। ये छात्राएं जनवरी




के अंत तक कार्यभार संभालेंगी।

चयनित इन छात्राओं में गुंजन, पिंकी, मानसी प्रिया, रश्मि सागर, गरिमा गिरी, साक्षी, अंशु शर्मा, प्रीति, सुनीता शर्मा, स्वाति, रीशु, पूनम, काजल चौहान, बबीता कश्यप, सोना, दीक्षा, मनीषा, कुमारी काजल, रौनक आदि शामिल हैं। मैक्स हैल्थकेयर की ओर से इस ड्राइव में नर्सिंग कॉलेजेज के प्लेसमेंट कोर्डिनेटर्स और टीएमयू सीआरसी की संयुक्त मेहनत रंग लाई है। मैक्स हैल्थकेयर, साकेत की ओर से ऑफिसर्स- श्रीमती अंकिता सैमुअल, श्री अतुल चौहान, श्री अनुराग शुक्ला की उल्लेखनीय मौजूदगी रही।

# दिल्ली में माखनलाल बखासी का अभिनंदन, कश्मीर से विस्थापित हिन्दुओं की नई पहचान पर चर्चा

समाज जागरण

दिल्ली, 4 जनवरी 2026। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में आर्य समाज, डॉ. मुखर्जी नगर में रविवार को एक विशेष यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सामाजिक सेवाओं और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए विश्व भारती सीनियर सेकंडरी स्कूल, सेक्टर 27, नोएडा के चेयरमैन 88 वर्षीय माखनलाल बखासी का विशेष रूप से अभिनंदन किया गया।

अभिनंदन समारोह में माखनलाल बखासी ने कहा कि कश्मीर से विस्थापित सभी हिन्दू अब दिल्ली और देश के विभिन्न हिस्सों में स्थापित हो चुके हैं और अब कोई भी वापस कश्मीर जाने की इच्छा



नहीं रखता। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकांश विस्थापित लोग शिक्षित हैं, लेकिन कश्मीर का वर्तमान वातावरण उनके रहने योग्य नहीं रहा। इस मौके पर केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि कश्मीर से विस्थापित हिन्दू मेहनती और योग्य लोग हैं, जिन्होंने नए स्थानों पर अपनी पहचान बनाई और मुख्य धारा में पूर्ण रूप से शामिल हो गए हैं।

कार्यक्रम का कुशल संचालन उत्तरी दिल्ली वेद प्रचार मंडल के प्रधान ओम सपरा ने किया। भजन प्रस्तुत कर कार्यक्रम में आस्था आर्य ने भक्तिभाव की अनुभूति जगाई।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रतिभा सपरा, पिंकी आर्या, गोपाल आर्य और जवाहर लाल कामरा सहित अनेक समाजसेवी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सामाजिक सेवा, शिक्षा और कश्मीर से विस्थापित हिन्दुओं के पुनर्वास पर विशेष चर्चा हुई।

## नोएडा: थाना फेस-2 पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर को किया गिरफ्तार, बरामद हुई चोरी की मोटरसाइकिल और अवैध हथियार

नोएडा। थाना फेस-2 पुलिस ने एक मोटरसाइकिल चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने चोरी की हुई एक मोटरसाइकिल, दो फर्जी नंबर प्लेट और एक अवैध शस्त्र बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी को पकड़ने के लिए सतर्कता और दबिश अभियान चलाया गया। थाना फेस-2 पुलिस ने कहा कि आरोपी लंबे समय से चोरी की वारदातों में संलिप्त था और उसके खिलाफ विभिन्न शिकायतें प्राप्त हो चुकी थीं।

बरामद मोटरसाइकिल और अवैध शस्त्र को सुरक्षित रखकर आरोपी के खिलाफ कानून के अनुसार मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने नागा-रकों से अपील की है कि वे अपनी गाड़ियों और व्यक्तिगत सुरक्षा में सतर्क रहें और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना दें।

# नोएडा: लक्ष्मी नारायण मंदिर में संपूर्ण रामायण पाठ के साथ नववर्ष 2026 का स्वागत

समाज जागरण

नोएडा, 4 जनवरी 2026। सेक्टर-56 स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण में नववर्ष 2026 के आगमन के अवसर पर भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत आयोजन हुआ। शनिवार, 3 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे मंदिर के प्रमुख पंडित श्री शितेश झा एवं उनके 10 साथियों द्वारा "संपूर्ण रामायण" का पाठ प्रारंभ किया गया, जो रविवार, 4 जनवरी को दोपहर 1 बजे संपन्न हुआ।

पाठ के समापन पर भक्तों के लिए भव्य ब्रह्मभोज और भंडारे की



व्यवस्था की गई। इस अवसर पर फलों और लड्डुओं का प्रसाद भी वितरित किया गया। भक्तजन रामनाम में लीन होकर पाठ का आनंद लेते रहे और पूरे आयोजन में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा।

भक्तों का स्वागत और कार्यक्रम की व्यवस्था मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं महिला मंडल के सदस्यों ने सुचारू रूप से संभाली। मंदिर समिति के प्रधान आर एन गुप्ता और महासचिव ओ पी गोयल ने पंडित शितेश झा और उनके सहयोगियों को इस अनुशासित एवं सफल आयोजन के लिए विशेष आभार व्यक्त किया। इस वार्षिक आयोजन ने न केवल नववर्ष का स्वागत भक्ति भाव के साथ किया, बल्कि मंदिर और समाज में धार्मिक एवं सांस्कृतिक उत्साह को भी बढ़ावा दिया।

# सैफई में विदेशी कलाकारों के साथ 'कलमकार शिवाय' के 'ब्लैक सुंदरी' गाने की शूटिंग 9 जनवरी से

समाज जागरण

सैफई ( इटावा) सैफई में विदेशी कलाकारों को लेकर 'कलमकार शिवाय' के नए गाने 'ब्लैक सुंदरी' की शूटिंग 9 जनवरी को शुरू होने जा रही है यह गाना सैफई को अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक नई पहचान देगा।

यह पहली बार है जब इटावा एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इस तरह का अंतरराष्ट्रीय सहयोग देखने को मिलेगा, जिसमें अफ्रीकी कलाकार वीजी स्कॉट और सारा अलादे शामिल हैं। 'कलमकार शिवाय' द्वारा रचे गए इस गीत का उद्देश्य न सिर्फ मनोरंजन है, बल्कि विविधता और ब्लैक ब्यूटी के सौंदर्य का सम्मान करना भी है।

इस गाने में अफ्रीकी कलाकार वीजी स्कॉट और सारा अलादे मुख्य भूमिकाओं में हैं, और इसे इटावा के अपने 'कलमकार शिवाय' ने लिखा,



कम्पोज किया और अफ्रो-हाउस बीट् पर तैयार किया है। इस अनूठे कॉम्बिनेशन से ना केवल संगीत में एक नई ताजगी आएगी, बल्कि उन पश्चिमी धारणाओं को भी चुनौती मिलेगी जो ब्लैक कलर्स या ब्लैक ब्यूटी के प्रति नकारात्मक हैं।

इस गाने का निर्देशन रितिक आनंद कर रहे हैं एवं डीओपी ओम जी हैं, और कोरियोग्राफी जितेंद्र और नित्या अग्रवाल द्वारा की जा रही है एवं संगीत में गौरव गाँधी एवं जसवंतनगर के उपेंद्र रेक्स भी शामिल हैं।

यह प्रोजेक्ट न सिर्फ इटावा जैसे छोटे शहरों को एक बड़े मंच पर ला रहा है, बल्कि यह भी दिखा रहा है कि कैसे हम विविधता और सौंदर्य के सभी रूपों को समान सम्मान दे सकते हैं। 'ब्लैक सुंदरी' एक ऐसा गीत है जो दूर-दूर तक एक सका-रात्मक संदेश फैलाएगा और इटावा को नई पहचान देगा। इस गाने की शूटिंग 9 जनवरी से सैफई के होटल सिग्नेचर रेस्टोरेंट एंड वार में शुरू होगी.

## दिल्ली पुलिस में 21 अधिकारियों को अगली रैंक के बैज पहनाकर पद अलंकृत किया गया

नई दिल्ली। आज दिल्ली पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक समारोह में 21 अधिकारियों को अगली रैंक के बैज पहनाकर पद अलंकृत किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों की उपलब्धियों और सेवा के प्रति उनके योगदान को सम्मानित किया गया। अगली रैंक प्राप्त करने वाले अधिकारियों में 1 संयुक्त आयुक्त, 8 अतिरिक्त आयुक्त और 10 सलेक्शन ग्रेड उपायुक्त स्तर के अधिकारी शामिल हैं। अधिकारियों को नई रैंक और बैज पहनाने के साथ ही उनके पद का औपचारिक अलंकरण किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने सभी पदोन्नत अधिकारियों को बधाई दी और उनसे अपेक्षा जताई कि वे आगामी कार्यकाल में भी कानून-व्यवस्था बनाए रखने और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ सेवा करेंगे। समारोह में पुलिस मुख्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# "खेल शक्ति ही राष्ट्र शक्ति : नई खेल संस्कृति के साथ यूपी बना रहा राष्ट्रीय नेतृत्व": मुख्यमंत्री योगी

समाज जागरण

वाराणसी, 4 जनवरीः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले वर्षों में उत्तर प्रदेश और देश में खेल को नई दृष्टि, नए संसाधन और नया आत्मविश्वास मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उभरते "न्यू स्पोर्ट्स कल्चर" ने युवाओं में अनुशासन, फिटनेस और टीम-स्पिरिट को मजबूत किया है। अब खेल सिर्फ शौक नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि आधुनिक खेल इंफ्रास्ट्रक्चर, पारदर्शी चयन-प्रक्रिया और मिशन-मोड पर चल रही योजनाओं के चलते युवा खिलाड़ियों के लिए अवसर बढ़े हैं। ग्राम पंचायत से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक प्रतियोगिताओं का विस्तार किया गया है। परिणामस्वरूप यूपी के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पहले से कई गुना अधिक भागीदारी और पदक ला रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 72वीं सीनियर नेशनल वालीबॉल चैंपियनशिप का वर्चुअली शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आयोजन स्थल डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम, सिगरा में मौजूद रहे। उन्होंने यहां खिलाड़ियों व दर्शकों को संबोधित किया। सीएम की उपस्थिति में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया व उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के मध्य नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एनसीओई) के संचालन के लिए






एमओयू का आदान-प्रदान हुआ। सीएम योगी ने काशी में आई सभी 58 टीमों (30 पुरुष, 28 महिला) के खिलाड़ियों, कोच व ऑफिशियल का स्वागत किया।

### हर भारतवासी ने देश में नई खेल संस्कृति को पनपते देखा

सीएम योगी ने कहा कि पिछले 11- साढ़े 11 वर्ष के अंदर हर भारतवासी ने देश में नई खेल संस्कृति को पनपते देखा है। पीएम मोदी ने 2014 में खेलो इंडिया खेलो के माध्यम से हर भारतवासी के मन में खेल के प्रति सम्मान का भाव पैदा किया। उन्होंने संदेश दिया कि खेल जीवन के सर्वांगीण विकास का माध्यम बने। स्वस्थ शरीर से ही सफलता के सभी आयाम प्राप्त किए जा सकते हैं। खेलो इंडिया खेलो, फिट इंडिया मूवमेंट, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता और हर जनपद में बनने वाले खेल इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से पूरा देश नई खेल संस्कृति का अनुभव कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सांसद-विधायक खेलकूद प्रतियोगिता, ग्रामीण खेलकूद की विभिन्न प्रतियोगिता आदि के माध्यम से हम लोगों ने उत्तर प्रदेश में खेल को बढ़ाया है।

### मुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण, अभ्यास कर रहे खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई भी की

मुख्यमंत्री ने स्टेडियम का स्थलीय निरीक्षण भी किया। यहां जिम और इसके उपकरणों के रखरखाव को देखा। सीएम ने शूटिंग के एक बच्चे को बुलाकर उससे खेल के बारे में पूछा, इस बच्चे ने सीएम के सामने निशाना भी साधा। मुख्यमंत्री ने विभिन्न खेलों में अभ्यास कर रहे खिलाड़ियों की हौसला अफजाई भी की।




### प्रदेश व देश में विकसित हुआ खेल का आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर

सीएम ने कहा कि 43 वर्ष बाद सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप का आयोजन यूपी के अंदर वाराणसी नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। इस आयोजन के पीछे पीएम मोदी की प्रेरणा, मार्गदर्शन व नेतृत्व है। उन्होंने कहा कि प्रदेश-देश में खेल का आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित हुआ है। संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में भी अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर दिख रहा है तो यह पीएम मोदी के विजन का परिणाम है। यह सुविधाएं स्मार्ट सिटी के अंतर्गत विकसित हुई हैं। अभी उप्र सरकार व साई के बीच हुए एमओयू के अंतर्गत साई के सानिध्य और कोच के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने के लिए नया प्लेटफॉर्म उपलब्ध होगा।

### अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग के साथ ही अधिक से अधिक मेडल प्राप्त कर रहे खिलाड़ी

सीएम योगी ने कहा कि यूपी में 8-साढ़े 8 वर्ष में खेलकूद प्रतियोगिता को बढ़ाने का कार्य हुआ। हर गांव में खेल मैदान, हर जनपद में स्टेडियम, हर विकास खंड स्तर पर मिनी स्टेडियम का निर्माण, नगर निकाय व ग्राम पंचायत से होने वाले कार्यों की प्राथमिकता में ओपन जिम निर्माण के साथ ही हर स्तर पर खेलकूद की गतिविधियों को बढ़ाने के प्रयास प्रारंभ हुए हैं। उसी का परिणाम है कि हमारा खिलाड़ी राष्ट्रीय, ओलंपिक, कॉमनवेल्थ व इंटरनेशनल विश्व चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने के साथ ही पहले की तुलना में कई गुना मेडल भी प्राप्त कर रहा है।

महापौर अशोक तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया। शुभारंभ समारोह में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल, दयाशंकर मिश्र 'दयालु', खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, विधायक नीलकंठ तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव, डॉ. सुनील पटेल, त्रिभुवन राम, डॉ. अवधेश सिंह, विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा, धर्मेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स 6 जनवरी को डीएम को सौपेंगे ज्ञापन

## 8 वें वेतन आयोग के नोटिफिकेशन में पेंशनर्स की अनदेखी से खफा सिविल इंजीनियर्स

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ, सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर भारत सरकार द्वारा 8वें वेतन आयोग के गठन हेतु 3 नवम्बर को जारी नोटिफिकेशन में पेंशन पुनरीक्षण एवं अन्य पेंशनरी लाभों को सम्मिलित करते हुए पेंशन को गैर अंशदायी एवं गैर वित्त पोषित बताये जाने वाले क्लॉज एफझ03 तथा वित्त विधेयक 2025 में तिथि के आधार पर पेंशनर्स में भेदभाव उत्पन्न करने वाले प्राविधानों के विरोध में 6 जनवरी 2026 को सम्पूर्ण प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों पर ध्यानाकर्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संघ के जनपद सचिव अंकित कुमार कपासिया ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद बिजनौर के सभी सेवारत एवं सेवानिवृत्त सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स जिलाधिकारी महोदय के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी को संबोधित ज्ञापन प्रेषित करेंगे।

# नूरपुर में नाले से युवक का सड़ा-गला शव बरामद, इलाके में मचा हड़कंप

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर चांदपुर , नूरपुर थाना क्षेत्र के चांदपुर रोड पर रविवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई, जब नाले में एक युवक का सड़ा-गला शव बरामद किया गया। शव की हालत इतनी खराब थी कि आसपास के इलाके में दहशत का माहौल बन गया। घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।
सूचना मिलते ही नूरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और नाले से शव को बाहर निकलवाया। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की। शव की पहचान फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है, हालांकि पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतक युवक नूरपुर कस्बे में भिक्षावृत्ति कर अपना जीवन यापन करता था।
चांदपुर के सीओ देश दीपक सिंह ने शव मिलने की पुष्टि करते हुए बताया कि स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार युवक अक्सर नूरपुर नगर क्षेत्र में दिखाई देता था। सीओ ने बताया कि शव करीब दो से तीन दिन पुराना प्रतीत हो रहा है, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि मौत कई दिन पहले हुई होगी। शव की स्थिति को देखते हुए दुर्गंध भी फैल रही थी।
पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। यह हत्या है या किसी हादसे का नतीजा, इस पर से पर्दा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और आगे की जांच के बाद ही उठ सकेगा।

# पवित्र माघ मास में गौ माता की महिमा कथा का हुआ आगाज

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर नजीबाबाद। रविवार को नगर के मौहल्ला मकबरा स्थित गीता भवन मंदिर में पवित्र माघ मास में माघ महात्म्य गौ कथा का शुभारंभ हो गया है। कथावाचक पंडित भोला शंकर शास्त्री द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर गौ कथा प्रारंभ की। पंडित भोला शंकर शास्त्री ने गौ सेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गाय माता की सेवा करने से तैंतीस कोटी देवी - देवताओं की सेवा का पुण्य प्राप्त होता है। जिस घर के आंगन में गौ माता भोजन करके संतुष्ट होती हैं, वहां सत्यलोक के देवता स्वयं पुष्पवृष्टि करते हैं। उन्होंने कहा कि गौ माता की सेवा से जीवन और मृत्यु दोनों सुधर जाते हैं। पहले ही दिन भारी संख्या में सनातन धर्म प्रेमियों ने कथा का श्रवण किया। आरती उपरांत सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। कथावाचक पंडित भोला शंकर शास्त्री ने बताया कि आज से प्रत्येक दिन एक फरवरी तक प्रातः 6:30 बजे से 8:30 बजे तक माघ महात्म्य गौ कथा श्रवण कराया जाएगा। उन्होंने सभी सनातन धर्म प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में आकर धर्म लाभ उठाने का आह्वान भी किया।

# भारतीय किसान यूनियन टिकैत का सातवे दिन भी डीएफओ कार्यालय मे धरना जारी

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर नजीबाबाद भारतीय किसान यूनियन का धरना डीएफओ ऑफिस पर सातवें दिन भी जारी रहा आज की पंचायत की अध्यक्षता चौधरी सत्यपाल सिंह संचालन अजय बालियान ने किया पंचायत में किसानों ने अपने संबोधन मैं किया कि जब तक किसानों का गंगा खादर क्षेत्र के किसने की भूमिका सीमांकन नहीं होने का और उनकी फसलों का मुआवजा किसानों पर लगे मुकदमे वापस नहीं होने के तब तक धरना जारी रहेगा पंचायत को संबोधित करने वालों में मंडल उपाध्यक्ष चौधरी महेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष वीरेश राणा जिला उपाध्यक्ष गुड्डू सत्यपाल सिंह बेघराज सिंह राज सिंह अमित चौधरी ज्ञान सिंह निखिल कुमार राहुल सिंह प्रमोद कुमार मोहम्मद यूसुफ थानी सिंह विजय सिंह मोहम्मद जाहिद आदि रहे

# मोहम्मदी के मेहंदी बाग में ही खिलता है दुर्लभ केतकी का फूल, प्रदेश की शान बना ऐतिहासिक धरोहर

**समाज जागरण संवाददाता:**
**सुखविन्दर सिंह कम्बोज**

मोहम्मदी (खीरी)। मोहम्मदी नगर का ऐतिहासिक मेहंदी बाग अपनी प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत के कारण आज भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इसी बाग में खिलने वाला दुर्लभ केतकी का फूल पूरे भारत वर्ष में अपनी अनोखी पहचान रखता है। उत्तर भारत में यह विशेष फूल केवल मोहम्मदी के मेहंदी बाग में ही प्राकृतिक रूप से खिलता है, जो इसे और भी विशिष्ट बनाता है।
मईझजून की भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच जब मेहंदी बाग में केतकी का फूल खिलता है, तो उसकी तीव्र और मनमोहक सुगंध से पूरा वातावरण सुवासित हो उठता है। करीब 200 वर्षों से यह फूल वनस्पति विशेषज्ञों के लिए आश्चर्य का विषय बना हुआ है और मोहम्मदी नगर की शान माना जाता है।
इतिहास के पन्नों के अनुसार, जिले के गजेटियर्स और मोहम्मदी नगर पालिका के अभिलेखों में दर्ज रिकॉर्ड बताते हैं कि खैराबाद और मोहम्मदी के चकलेदार हकीम नवाब मेहंदी अली खां ने वर्ष 1799 से 1820 के बीच इस बाग की स्थापना की थी। उन्हीं के नाम पर यह मेहंदी बाग कहलाया। माना जाता है कि हकीम मेहंदी अली खां कहीं से केतकी का पौधा लाकर यहां रोपित किया था। यह बाग लगभग एक एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है।
बाद में जब बाग की स्थिति खराब होने लगी, तो शासन की स्वीकृति से नोटीफाइड एरिया कमेटी द्वारा इसे पुनः विकसित करने का निर्णय लिया गया। इसका शुभारंभ वर्ष 1931 में तत्कालीन डिप्टी कमिश्नर नवाब मिर्जा मोहम्मद हुसैन अली खां ने किया। वर्ष 1863 के वायजबुल अर्ज के सर्कुलर नंबर 20 में भी मेहंदी बाग में केतकी के फूल का उल्लेख मिलता है।
मोहम्मदी नगर पालिका के प्रधान लिपिक शिवनंदन रस्तोगी ने बताया कि केतकी की पौध अन्य स्थानों पर भी लगाने का प्रयास किया गया, लेकिन कहीं यह सफल नहीं हो सकी। कुछ वर्ष पूर्व वन विभाग ने भीरा क्षेत्र के मगही गांव में इसकी पौध तैयार की, जहां पौधा तो पनपा, लेकिन लंबे समय बाद खिलने वाले फूल की गुणवत्ता मोहम्मदी के मेहंदी बाग के केतकी फूल जैसी नहीं रही।
केतकी का फूल भुट्टे के आकार का,



पीले रंग का होता है, जिसकी लंबाई लगभग 7 से 8 इंच होती है। इसकी झाड़ी की ऊंचाई 8 से 9 फुट तक होती है। इसकी सुगंध अत्यंत तीव्र होती है, जिससे महंगा इत्र तैयार किया जाता है। इसके साथ ही इसमें अनेक औषधीय गुण भी पाए जाते हैं।

**हुक्मरानों को भेजा जाता था केतकी का फूल**

स्थानीय बुजुर्गों के अनुसार, ब्रिटिश शासनकाल में मेहंदी बाग में सीजन का पहला केतकी का फूल वायसराय को भेंट स्वरूप भेजा जाता था। आजादी से कुछ माह पूर्व जून में खिला केतकी का फूल लार्ड माउंटबेटन को भी भेजा गया था। इसके बाद लंबे समय तक यह फूल प्रदेश के राज्यपालों और मुख्यमंत्रियों को भेंट किया जाता रहा। गत वर्ष प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी मेहंदी बाग का केतकी फूल भेंट किया गया था।

वर्तमान में मेहंदी बाग की देखरेख की जिम्मेदारी नगर पालिका मोहम्मदी के पास है। बाग की सुरक्षा और रखरखाव के लिए स्थायी माली और चौकीदार नियुक्त किए गए हैं।

**जिले ही नहीं, प्रदेश की भी शान**

मोहम्मदी विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मोहम्मदी एक ऐतिहासिक नगर है। वर्ष 1857 के स्वतंत्रता संग्राम तक मोहम्मदी जिला मुख्यालय रहा है और आजादी की लड़ाई में भी इस क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मेहंदी बाग में खिलने वाला केतकी का फूल न केवल लखीमपुर खीरी जिले बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश की शान है, जिसे संरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

# जेसीआई लखीमपुर ने नगर के प्रमुख मार्गों पर जरूरतमंदों को बांटी गर्म जैकेट

**समाज जागरण संवाददाता:**
**कुलदीप सिंह**




लखीमपुर खीरी। कड़ाके की ठंड को देखते हुए जेसीआई लखीमपुर खीरी द्वारा नगर के प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर राहगीरों और जरूरतमंदों को गर्म जैकेट वितरित कर मानव सेवा का सराहनीय कार्य किया गया। इस समाजसेवी अभियान का नेतृत्व जेसीआई लखीमपुर के संस्थाध्यक्ष सचिन अग्रवाल ने किया।
कार्यक्रम के दौरान संस्था के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई और ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंदों को गर्म जैकेट वितरित की। इस अवसर पर राममोहन गुप्त, विशाल सेठ, तुषार गर्ग, राजेश पटेल, सौरभ गुप्ता, कुशाग्र अग्रवाल, अर्चित महेन्द्र, शोभना गुप्ता, पारुल पटेल, राहुल माथुर, असद हुसैन, राजतशेखर, ऋतिक साहू, सौरभ गुप्ता द्वितीय सहित अन्य सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।
संस्था के मीडिया प्रभारी एवं पूर्वाध्यक्ष आर्येन्द्र पाल सिंह ने बताया कि समाजसेवा जेसीआई लखीमपुर खीरी की पहचान बन चुकी है। इसी क्रम में ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए यह अभियान शुरू किया गया है, जो आगामी तीन दिनों तक निरंतर जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिल सके।
नगरवासियों ने जेसीआई लखीमपुर की इस पहल की सराहना करते हुए इसे एक प्रेरणादायक सामाजिक कार्य बताया।

# लॉइंस क्लब द्वारा वृद्धा आश्रम में 150 रजाइयों का किया गया वितरण

**समाज जागरण**

चंदौसी। कैथल गेट स्थित वृद्धा आश्रम में लॉइंस क्लब ने 150 रजाई का वितरण किया।



उसके पश्चात खान-पान की व्यवस्था कराई गई। लॉयन्स क्लब चन्दौसी के अध्यक्ष अल एन वार्ष्णेय ने कहा कि क्लब ऐसे ही समाज हित में कार्य करता रहेगा। अरुण कुमार सोनू ने कहा कि लॉयन्स क्लब नगर चंदौसी और आसपास के प्रतेक गरीब की मदद करेगा अभी कुछ दिन बाद गरीब कन्याओं का विवाह का आयोजन भी किया जाएगा। राजकुमार राजू ने कहा कि संस्था गर्व महसूस करती है जब ऐसे नेक कार्य करती है और आगे भी करती रहेगी। इस दौरान संस्था से अमरीश वार्ष्णेय, गोविन्द, सचिन, अनुज वार्ष्णेय, अन्नू भाई आदि मौजूद रहे।

# मैच के अंतिम दिन विजेता टीम व खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**समाज जागरण**




चंदौसी। चन्दौसी इंटर कॉलेज, चन्दौसी के मैदान पर खेले जा रहे स्व बाबू ब्रज किशोर गुप्ता जी की स्मृति में होने वाले सी आई सी कप क्रिकेट चैंपियनशिप के 13 वें संस्करण का अंतिम दिन रहा।13 वें सी आई सी कप को जीतने के लिए पिछले चार दिन से चल रहे क्रिकेट समर मे सरदार सिंह इंटर कॉलेज नरौली व एफ आर इंटर कॉलेज चन्दौसी के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। मैच का प्रारम्भ शहर के प्रसिद्ध उद्योगपति व समाज सेवी परमेश्वरी लाल सैनी तथा प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार द्वारा क्रिकेट खेलकर किया गया। इससे पूर्व सामूहिक रूप से राष्ट्र गान गाया गया,ततपश्चात मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। फाइनल मैच में एफ आर इंटर कॉलेज ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 151 रन बनाए। एफ आर की ओर से रेहान ने 71 रनों की शानदार पारी खेली। इनके अतिरिक्त सादान ने 22,अली ने 16 व उरूज ने 13 रनों का योगदान दिया।नरौली के गेंदबाजों में अयान ने 4,सोहेल ने 2 तथा हसीन व अंश राघव ने 1 ,1 विकेट लिया।
152 रनों के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उतरी नरौली की पूरी टीम 89 रनों पर धराशायी हो गयी और चैंपियनशिप तथा सी आई सी कप पर एफ आर ने लगातार दूसरे वर्ष कब्जा जमा लिया।नरौली के बल्लेबाजों में अयान ने 19, रवि, विपांशु व अयान द्वितीय ने 10, 10 तथा सोहेल व नैतिक ने 6, 6 रन बनाए।एफ आर की ओर से रेहान द्वितीय ने 4,उबैद ने 3 तथा अरकान ने 2 विकेट लिए।इस मैच में रेहान(71रन) को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।पूरे टूनार्मेंट में 103 रन बनाने व 5 विकेट लेने के आल राउंड प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी मलिक को मैन ऑफ द टूनार्मेंट घोषित किया गया।
मैच के समापन पर एफ आर इंटर कॉलेज को विजेता ट्रॉफी तथा सरदार सिंह इंटर कॉलेज नरौली को उप विजेता ट्रॉफी चन्दौसी इंटर कॉलेज के प्रबंधक प्रेम किशोर गुप्ता द्वारा प्रदान की गई।इसके अलावा सभी विजेता,उपविजेता खिलाड़ियों, एम्पायर, स्कोरर, कमेंट्रेटर,टूनार्मेंट रेफरी, ग्राउंड मैन, व्यवस्था में लगे कर्मचारी,टीम कोच तथा अतिथियों को प्रतीक चिह्न व पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया।
पुरुस्कार वितरण के लिए मंच पर एफ आर इंटर कॉलेज के अध्यक्ष एड अशफाक भारती, एफ आर के प्रधानाचार्य वसीमुद्दीन,नरौली के प्रधानाचार्य करन सिंह चन्दौसी इंटर कॉलेज के प्रधानचार्य नरेंद्र कुमार मौजूद रहे।

# नेत्रहीनो (दिव्यांगों) को शिक्षा पद्धति "ब्रेल लिपि" देने वाले शिक्षाविद लुईस ब्रेल (लुई ब्रेल) की मनाई गई जयंती

**समाज जागरण**



चंदौसी। महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में नेत्रहीनो (दिव्यांगों) को शिक्षा पद्धति "ब्रेल लिपि" देने वाले शिक्षाविद लुईस ब्रेल (लुई ब्रेल) की जयंती सीता रोड स्थित नीलम हॉस्पिटल में धूमधाम से समारोह पूर्वक मनाई गई।सर्वप्रथम मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लुईस ब्रेल (लुई ब्रेल) शिक्षा विद एवम अन्वेषक थे ,उन्होंने नेत्रहीनों (दिव्यांग जनों) के लिए लिखने पढ़ने की प्रणाली विकसित की। यह पद्धति ब्रेल लिपि के नाम से विश्व प्रसिद्ध है। फ्रांस में जन्में लुईस ब्रेल नेत्रहीनों (दिव्यांगों) के लिए ज्ञान के चक्षु बन गए। ब्रेल लिपि के निर्माण से दृष्टिहीन की पढ़ने की कठिनाई को मिटाने वाले लुईस ब्रेल स्वयं भी नेत्रहीन (दिव्यांग) थे। लुईस ब्रेल का जन्म ४जनवरी १८०९मे फ्रांस के छोटे से ग्राम कुप्रे मे हुआ था। आपके पिता साइमन रेले ब्रेल शाही घोड़ों के लिए काठी और जीन बनाने का कार्य किया करते थे। पिता जी की कार्यशाला में जब तीन साल के लुईस ब्रेल औजारों से खेल रहे थे तब नुकीला सूजा उनकी आंख में लगा जिसके कारण आंख से खून बहने लगा घर पर ही साधारण उपचार कर दिया गया जिससे लुईस ब्रेल की आंख की रोशनी चली गई। कुछ दिनों बाद दूसरी आंख में दर्द हुआ और दूसरी आंख की रोशनी भी चली गई और आठ साल की आयु में वह दृष्टिहीन हो गए। लुईस ब्रेल असाधारण बालक थे। उनके मन में पढ़ने की प्रबल इच्छा जागी और वह मशहूर पादरी बैलेंटाइन के पास पिता के साथ गए। लुईस ब्रेल ने पादरी बैलेंटाइन से कैप्टन चार्लस बार्बर से मिलने की इच्छा प्रकट की। पादरी ने कैप्टन से मिलवाया तब लुईस ब्रेल ने उनकी कूट लिपि में संशोधन बताए जिससे वह भी आश्चर्य चकित थे। लुईस ब्रेल ने १८२४मे ब्रेल लिपि का निर्माण कर दिया। १८२९मे छह बिंदुओं पर आधारित ब्रेल लिपि शिक्षाशास्त्रीयो के सामने लायी गई आखिरकार ६जनवरी १८५२अर्थात ४३वर्ष में लुईस ब्रेल जीवन की लड़ाई हार गए परंतु उनका हौसला मृत्यु के बाद भी नहीं हारा। उनके द्वारा अविष्कृत छह बिंदुओं पर आधारित ब्रेल लिपि लुईस ब्रेल की मृत्यु के बाद दृष्टि हीन व्यक्तियों के मध्य लगातार लोकप्रिय होती गई। लुईस ब्रेल की मृत्यु के सौ वर्षो के बाद फ्रांस सरकार जागी । ऐसा महसूस हो रहा था जैसे लुईस ब्रेल पुनः सौ साल बाद जीवित हो उठे हों। केवल एक राष्ट्र के द्वारा सम्मान प्रदान किए जाने भर से लुईस ब्रेल मनीषी को सच्ची श्रद्धांजलि नहीं हो सकती थी अतः भारत सरकार ने ४जनवरी २००९में लुईस ब्रेल के फोटो के साथ डाक टिकट जारी कर उन्हें दो सौ साल बाद सम्मान दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि जब किसी महान आत्मा के कार्य को समय रहते ईमानदारी से मूल्यांकित नहीं किया जाता है,उसकी मृत्यु के उपरांत उसके कार्य का वास्तविक मूल्यांकन हो पाता है। यह सरकारों की उसकी योग्यता को न देख पाने की अयोग्यता ही हो सकती है ।लुईस ब्रेल जैसे शिक्षा विद सभी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं जिन्होंने नेत्र हीन होते हुए भी शिक्षा पद्धति बना दी जो आज नेत्रहीनों के जीवन में प्रकाश भर रही है। इस दौरान डॉक्टर महेश कुमार गुप्ता, संचालक डॉक्टर अरविन्द कुमार गुप्ता, डॉक्टर निशा गुप्ता, डॉक्टर नितिन कौशिक, अंकित बार्ष्णेय, पंकज अग्रवाल, अनमोल मिश्रा, सतीश वार्ष्णेय, श्री मति सुधा रानी वार्ष्णेय, हिमांशु यादव, विकास यादव, सपना, अश्विनी कुमारी, समा, अबधेश कुमार, शोभा यादव, सरोज कुमारी, अफजल खान, आमिर खान, लोकेश यादव, बंटू बघेल, शिव कुमार यादव, नीशू, साहिल, गौरव ,आकाश दीप ने विचार व्यक्त किए। समारोह में प्रीति, कुसुमा, रामचंद्र शास्त्री, शंकर लाल, फहीम अहमद, बालक राम, गिरीश वार्ष्णेय, लाला राम, रूप बसंत धनगर आदि मौजूद रहे।

# संभल में ग्राम समाज की भूमि से हटाया गया अवैध कब्जा, मस्जिद व मदरसा ध्वस्त, 20 गरीब परिवारों को मिले पट्टे

**समाज जागरण**

संभल । थाना एचौड़ा कंबोह क्षेत्र के गांव सलेमपुर सालार उर्फ हाजीपुर में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध रूप से बने हुए मदरसे और मस्जिद को प्रशासन की मौजूदगी में गांव वालों ने ध्वस्त कर दिया उसके बाद प्रशासन द्वारा बुलडोजर से मलबे को हटाकर,भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया।



सलेमपुर सालार उर्फ हाजीपुर में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करके मस्जिद व मदरसे का निर्माण कर लिया था। कई माह पूर्व मिली शिकायत पर प्रशासन ने जब इसकी पड़ताल की तो मस्जिद और मदरसा को ग्राम समाज की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करके बनाया हुआ पाया गया। तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम गांव सलेमपुर सालार उर्फ हाजीपुर पहुंची और पैमाइश करके कब्जा धारकों से अवैध कब्जे को हटाने के आदेश दिए लेकिन उस समय कब्जधारियों ने कब्जे नहीं हटाए जिला प्रशासन की शक्ति के आगे किसी की एक न चली और मस्जिद समिति के सदस्यों ने स्वयं मस्जिद को ध्वस्त कर दिया। उसके बाद मस्जिद की भूमि को 20 गरीब परिवारों को जिला प्रशासन ने पट्टे दे दिए जिससे कि वह उस भूमि पर अपने रहने के लिए आवास का निर्माण कर सकें तथा राजस्व प्रशासन ने पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में बुलडोजर चला कर मदरसे को ध्वस्त कर दिया ।जिससे अतिक्रमणकारियों के हौसले पस्त हो गए और ग्राम समाज की भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया इस अवसर पर जिला अधिकारी डॉक्टर राजेंद्र पैसिया ,पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई , अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप कुमार, तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह सहित जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी मौजूद है।

# मासिक बैठक में जननायक राहुल गांधी की नीतियों के बारे बताया

**समाज जागरण**




चंदौसी। मासिक बैठक का आयोजन बनियाखेड़ा ब्लॉक के नगर चंदौसी में जारई गेट में स्थित जिला उपाध्यक्ष सलीम सैफी के आवास पर हुआ। जिसमें अध्यक्षता हाजी आरिफ तुर्की ने और मीटिंग का संचालन सलीम सैफी ने किया। हाजी आरिफ तुर्की जी ने बताया की हर बूथ पर बीएलए 2 होगा और बीएलओ के संपर्क में रहेगा और साथ ही जननायक राहुल गांधी की नीतियों को अवगत कराया इसी के साथ जिला उपाध्यक्ष सलीम सैफी जी और जिला उपाध्यक्ष दीपक कुमार वाल्मीकि चंदौसी नगर अध्यक्ष साहू संजीव कुमार जी के नेतृत्व में महिलाओं को कंबल भी वितरण किए गए जिसमें उपस्थित हाजी आरिफ तुर्की जी,दीपक कुमार वाल्मीकि, सलीम सैफी,संजीव कुमार, शाहीन अनवर एडवोकेट, तौकीर अहमद , कौशतुभ रस्तोगी जी,अक्षय ठाकुर,अकील अहमद, दाऊद पासा,अशरफ सैफी, सफी सैफी, मो इरफान,विनोद साथी, दुष्यंत कुमार सिंह, राजकुमार राजा,सुधीर गुप्ता, संजय सक्सेना,मनोज भास्कर, संजय नागर, युनुस अंसारी,जाहिर खा, सुनील सक्सेना,विशु चौहान,ध्रुव चौहान, अनिकेत वाल्मीकि, वीरेंद्र सिंह सहभाग, विष्णु राजपूत आदि लोग उपस्थित रहे।

# रेल लाइन विस्तारीकरण अभियान में महिलाओं ने लिखे पत्र

**समाज जागरण**

संभल। संभल गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग को लेकर जागरूकता अभियान के क्रम में नारी उत्थान समिति संभल की महिला सामाजिक संगठन की अध्यक्ष से पत्र लिखने का अनुरोध किया गया जिस पर अध्यक्ष द्वारा माननीय प्रधानमंत्री महोदय को पत्र लिखकर ईमेल किया और रेल लाइन विस्तारीकरण हेतु रेल बजट मंजूर की जाने की मांग की गई। समिति की अध्यक्ष सीमा आर्य ने कहा की संभल से गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग दशकों से की जाती आ रही है। पूर्व में ही रेल लाइन सर्वे का कार्य भी पूर्ण हो चुका है। संभल में काफी संख्या में हिंदू श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। वर्ष भर हर महीने की प्रत्येक रविवार को 24 कोशिया परिक्रमा का आयोजन किया जाता है जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से भारी संख्या में हिंदू श्रद्धालुओं का आना होता है रेल लाइन की व्यवस्था नहीं होने के कारण इन लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमारी इस मांग को अवश्य पूर्ण करेंगे।रेल लाइन विस्तारीकरण हो जाने से संभल में रोजगार के नए-नए अवसर पैदा होंगे और शहर का सर्वांगीण विकास होगा। सिवि आर्य ने कहा कि रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग पूर्ण हो जाने से महिलाओं को काफी लाभ पहुंचेगी।शहर के उद्योग काफी विकसित होंगे, हमारे शहर में विकसित होने वाले औद्योगिक



क्षेत्र का भी अच्छी तरीके से विकास हो सकेगा महिलाओं को रेल यातायात से यात्रा करते समय काफी सुगमता रहती है। जब भी बस आदि से यात्रा करते समय महिलाओं को काफी परेशानी होती है। हम आज माननीय प्रधानमंत्री को पत्र ईमेल करके मांग करते हैं कि संभल गजरौला रेल लाइन विस्तारिकरण के लिए जल्द से जल्द रेल बजट मंजूर कराया जाए। हमारे शहर के सामाजिक संगठनों की जागरूकता को देखते हुए ऐसा लगता है कि वह दिन दूर नहीं जब हमारी मांग जल्द से जल्द पूर्ण होगी। जागरूकता अभियान के अंतर्गत अब महिलाओं ने भी संभल गजरौला रेल लाइन विस्तारिकरण मांग को लेकर जोर-जोर से उठाने का प्रण लिया है और हम लगातार इस मांग को लेकर प्रधानमंत्री महोदय व रेल मंत्री महोदय को पत्र भेजकर रेल बजट मंजूर के जाने की मांग कि जायेगा। इस क्रम में आज प्रधानमंत्री महोदय को एक पत्र ईमेल किया गया और जल्द से जल्द रेल लाइन विस्तारीकरण हेतु रेल बजट मंजूर की जाने की मांग की गई है। इस दौरान सीमा आर्य, सिवि आर्य,चौ रविराज चाहल, मंजू आर्य,बबीता आर्य,आदेश ठाकुर,अल्पना, जूही,संध्या, संगीता, विनीत आदि रही।

# मुस्तफाबाद मोहल्ले में सड़क पर जलभराव बनी गंभीर समस्या, ग्रामीण परेशान

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**



देहात क्षेत्र के मोहल्ला मुस्तफाबाद में सड़क पर लंबे समय से हो रहे जलभराव ने लोगों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। मोहल्ले की मुख्य सड़क पर पानी भरा रहने के कारण राहगीरों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ले वासियों का आरोप है कि ग्राम प्रधान व विकासखंड स्तर के संबंधित अधिकारी इस गंभीर समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं और जल निकासी की व्यवस्था कराने को तैयार नहीं हैं।सड़क पर जमा पानी से सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। बच्चों को इसी जलभराव से होकर स्कूल आना-जाना पड़ता है, जिससे उनकी ड्रेस खराब हो जाती है और गिरने का भी खतरा बना रहता है। वहीं, गंदे पानी में मच्छरों का प्रजनन तेजी से हो रहा है, जिससे डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।मोहल्ला निवासी फिरोज ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार ग्राम प्रधान व संबंधित अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि जलभराव के कारण न केवल आम लोगों को बल्कि बुजुर्गों और महिलाओं को भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द मौके पर जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराई जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और स्वास्थ्य संबंधी खतरे से बचाव हो सके। यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# थाना प्रांगण में सड़क सुरक्षा गोष्ठी, दर्जनों लोगों को बनाया गया वॉलिंटियर

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**



थाना प्रांगण में रविवार को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी हेमंत सिंह ने की। गोष्ठी में नगर व ग्रामीण क्षेत्र से आए दर्जनों लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई तथा प्रत्येक गली-मोहल्ले से वॉलिंटियर चयनित कर उन्हें पहचान कार्ड वितरित किए गए।इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी हेमंत सिंह ने कहा कि जीवन अनमोल है और सड़क पर थोड़ी-सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह स्वयं भी यातायात नियमों का पालन करे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करे।उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट, निर्धारित गति सीमा तथा यातायात संकेतों का पालन अनिवार्य है।क्षेत्राधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देश हैं कि हर गली-मोहल्ले में वॉलिंटियर नियुक्त कर आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाए, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। इसी क्रम में थाना स्तर पर यह पहल की गई है।उन्होंने वॉलिंटियरों को चेतावनी देते हुए कहा कि कार्ड केवल जागरूकता के उद्देश्य से दिए गए हैं, किसी भी प्रकार के दुरुपयोग की स्थिति में संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।गोष्ठी के दौरान मौजूद वाहन चालकों और आम नागरिकों ने भी सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक रहने तथा दूसरों को जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नगर व क्षेत्र के दर्जनों वाहन चालक, गणमान्य नागरिक एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# होटल लूटकांड का आरोपी मुठभेड़ के बाद जेल भेजा गया, दूसरा फरार तलाश जारी

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**



कस्बे के दिल्ली रोड स्थित सैनी होटल में हुई लूट की वारदात के आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।प्राथमिक उपचार के बाद रविवार को पुलिस ने आरोपी से पूछताछ कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।विगत शनिवार की सुबह कस्बा निवासी होटल संचालक अनिल सैनी ने पुलिस को बताया था कि दिल्ली रोड पर स्थित उसके होटल पर दो बदमाश पहुंचे और उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर छह हजार रुपए व मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए थे। घटना की सूचना पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटों में गांव ताजपुर, सिभंलखा निवासी बदमाश अक्षित पुत्र वीरेंद्र को क्षेत्र के पंजोखरा अंडरपास के पास मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया था।मुठभेड़ में बदमाश घायल हो गया था, जिसके कब्जे से पुलिस ने पांच हजार रुपए, लूटा गया मोबाइल फोन, एक तमंचा व कारतूस बरामद किए थे। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रविवार को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद पुलिस बदमाश को थाने ले आई और पूछताछ के बाद जेल भेज दिया।होटल संचालक अनिल सैनी अपने दर्जनों परिजनों के साथ थाने पहुंचे और आरोपी से बातचीत करने का प्रयास किया, लेकिन किसी प्रकार की मुलाकात नहीं हो सकी। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि घटना में शामिल दूसरे बदमाश की तलाश जारी है और शीघ्र ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मिशन शक्ति के तहत महिला सशक्तिकरण जागरूकता अभियान

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**



थाने पर तैनात महिला पुलिस कर्मियों द्वारा महिला सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नगर के मुख्य स्थानों पर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों , सुरक्षा उपायों तथा सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान पंपलेट वितरित कर महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों और सहायता सेवाओं की जानकारी भी दी गई।रविवार को महिला कांस्टेबल श्वेता एवं प्रियंका ने मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम चलाया। उन्होंने महिलाओं और बालिकाओं को घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, साइबर अपराध एवं अन्य सामाजिक अपराधों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही, महिलाओं को ऑनलाइन अपराधों से सतर्क रहने और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस या संबंधित वेबसाइट व हेल्पलाइन के माध्यम से सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया।

# जागरूकता गोष्ठी में फूटा वृद्ध का दर्द, क्षेत्राधिकारी ने लिया संज्ञान

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**



रविवार को थाना परिसर में आयोजित जागरूकता गोष्ठी के दौरान उस समय भावुक स्थिति उत्पन्न हो गई, जब एक वृद्ध व्यक्ति ने क्षेत्राधिकारी के समक्ष अपनी पीड़ा खुलकर रखी। पीड़ित वृद्ध ने आरोप लगाया कि वह लंबे समय से पुलिस के चक्कर काट रहा है, लेकिन उसकी शिकायत पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है।पीड़ित वृद्ध जमशेद, निवासी ग्राम हाजीपुर दुगड़ा ने बताया कि उसके परिवार के ही एक व्यक्ति द्वारा उसे और उसके परिवार को लगातार परेशान किया जा रहा है। उसने बताया कि उनके बीच ट्रैक्टर को लेकर विवाद चल रहा है, वहीं जमीनी विवाद भी बना हुआ है। इन विवादों के कारण उसका परिवार मानसिक रूप से परेशान है। पीड़ित का कहना है कि वह कई बार थाने में शिकायत कर चुका है, लेकिन अब तक उसकी कोई भी सुनवाई नहीं हो सकी है।जागरूकता गोष्ठी में मौजूद क्षेत्राधिकारी हेमंत कुमार ने वृद्ध की बात को गंभीरता से सुना और तत्काल मामले का संज्ञान लिया। उन्होंने मौके पर ही संबंधित हल्का दरोगा को मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। क्षेत्राधिकारी ने पीड़ित को आश्वासन दिया कि उसके साथ न्याय किया जाएगा और मामले में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी,क्षेत्राधिकारी की इस तत्परता से पीड़ित वृद्ध ने राहत की सांस ली और न्याय की उम्मीद जताई। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# उधारी के रुपये को लेकर दुकानदार,ग्राहक में मारपीट, फायरिंग का आरोप

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव गुर्जरपुर में उधारी के रुपये को लेकर एक दुकानदार और ग्राहक के बीच विवाद हो गया, जो मारपीट में बदल गया। मारपीट की सूचना पर डायल 112 पुलिस भी मौके पर पहुंची। बाद में समाज के लोगों की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया, जिसके चलते पीड़ित पक्ष ने पुलिस कार्रवाई से इनकार कर दिया।गांव गुर्जरपुर निवासी राशिद राणा की दिल्ली रोड स्थित गांव नानूपुरी गेट के समीप मार्बल की दुकान करता है। दुकानदार के अनुसार गांव खंद्रावली निवासी एक युवक उससे करीब 20 हजार रुपये का सामान उधार ले गया था। रुपये की मांग करने पर एक दिन पूर्व आरोपी ने फोन पर गाली-गलौज की, जिसकी ऑडियो रिकॉर्डिंग पीड़ित के पास मौजूद है।रविवार को पीड़ित का पिता खेत पर पानी चला रहा था, तभी आरोपी अपने कई साथियों के साथ मौके पर पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि इसी दौरान आरोपी युवक ने उसके भाई शेर खान पर तमंचे से फायर कर दिया। घटना की सूचना तुरंत डायल 112 पर दी गई, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुका था।घटना के बाद समाज के लोगों ने हस्तक्षेप कर दोनों पक्षों को बैठाकर समझौता करा दिया। पीड़ित पक्ष ने पुलिस से किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई कराने से इंकार कर दिया है। कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार का कहना है कि ऐसी किसी भी घटना की जानकारी उनके संज्ञान में नहीं है जानकारी का उचित कार्रवाई की जाएगी।

# अंतर्जनपदीय बाइक चोर गैंग का खुलासा, दो गिरफ्तार

— चोरी की 20 बाइकें, पार्ट्स व फर्जी नंबर प्लेट हुई बरामद
— बंद पटाखा फैक्ट्री में छिपाई गई थी चोरी की बाइकें

**समाज जागरण शामली**
**कैराना।(फुरकान जंग)**

कोतवाली पुलिस ने बढ़ती बाइक चोरी की घटनाओं पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अंतर्जनपदीय शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 20 चोरी की बाइकें, आठ फर्जी नंबर प्लेट और बाइक के पार्ट्स बरामद हुए हैं। आरोपियों ने घटनाएं कर बाइकों को बंद पड़ी पटाखा फैक्ट्री में छिपाया था। पुलिस गैंग से जुड़े अन्य सदस्यों की भी तलाश कर रही है। रविवार को कोतवाली में एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह ने प्रेसवार्ता कर बताया कि कैराना क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों में अलग–अलग स्थानों से बाइक चोरी की तीन घटनाएं हुई थी। बढ़ती चोरी की घटनाओं के दृष्टिगत सीओ हेमंत कुमार व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री की अगुवाई में टीम गठित की गई थी। इसके बाद पुलिस टीम सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश में जुटी थी। इसी के चलते पुलिस ने रिजवान अंसारी उर्फ भूरा व मोहम्मद शकील निवासीगण गांव टांडा थाना छपरौली जिला बागपत को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने गांव भूरा जाने वाले रजवाहे की पटरी के निकट बंद पड़ी पटाखा फैक्ट्री से 20 चोरी की बाइक, आठ फर्जी नंबर प्लेट और बाइक के कुछ पार्ट्स बरामद किए। एसपी ने बताया कि ये मोटरसाइकिलें कैराना क्षेत्र सहित अन्य जनपदों से चोरी की गई थीं। दोनों आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि इस कार्रवाई से जिलेभर में वाहन चोरी की घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश लगेगा। वहीं, एसपी ने सफलता प्राप्त करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा भी की है।

## मूल पता छिपाकर करते थे चोरी

**समाज जागरण**

एसपी ने आगे बताया कि मुख्य आरोपी रिजवान अंसारी उर्फ भूरा मूल रूप से झिंझाना थाना क्षेत्र के मोहल्ला कोठला का निवासी है। पहले चोरी के एक मामले में जेल जा चुका रिजवान ने बाद में अपना पता बदलकर बागपत के गांव टांडा में रहना शुरू कर दिया था। वह अपना असली पता छिपाकर कैराना सहित अन्य इलाकों में बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी तक पहुंचने में पुलिस कामयाब हुई।

## रडार पर आया मॉडिफाइड करने वाला मिस्त्री

**समाज जागरण**

पुलिस जांच में सामने आया है कि चोरी की बाइकों को पहचान छिपाने के लिए आरोपियों द्वारा ग्राम टांडा थाना छपरौली निवासी एक मिस्त्री को सौंपा जाता था।



यह मिस्त्री चोरी की बाइकों को मॉडिफाइड करके उनकी असली पहचान मिटा देता था, ताकि उन्हें आसानी से बेचा या इस्तेमाल किया जा सके। पुलिस ने मिस्त्री का नाम पता कर लिया है और उसकी भी तलाश की जा रही है।

# कैराना में 100 ट्रैफिक वार्डन नियुक्त, आई कार्ड वितरित

— एसपी एनपी सिंह ने जिले में की नई पहल, यातायात नियमों के प्रति करेंगे जागरूक

**समाज जागरण**



कैराना।(फुरकान जंग) जिले में सड़क हादसों को रोकने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने की दिशा में एसपी एनपी सिंह ने नई पहल की है। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में ट्रैफिक वार्डन (यातायात प्रहरी) नियुक्त करने की शुरूआत की गई है। सबसे पहले कैराना में करीब 100 ट्रैफिक वार्डनों को आई कार्ड वितरित किए गए, जबकि कुल 1500 ट्रैफिक वार्डन बनाए जाने की योजना है। ये वार्डन अपने-अपने गांवों और वार्डों में बैठकों के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करेंगे। रविवार को कैराना कोतवाली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जनपद में 2025 में हत्याओं से 23 लोगों की जान गई, जबकि सड़क हादसों में 176 लोगों की मौत हुई है। इन हादसों में मारे गए 80 प्रतिशत लोग युवा थे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने का जिक्र करते हुए कहा कि युवा ही देश का उज्ज्वल भविष्य हैं। इसलिए सड़क सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है।एसपी ने बताया कि जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में ट्रैफिक वार्डन बनाने की शुरूआत की गई है। पुलिस नगर क्षेत्रों में यातायात जागरूकता अभियान चला रही है, लेकिन गांवों और मोहल्लों तक यह संदेश पहुंचाने के लिए ट्रैफिक वार्डन महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वे अपने क्षेत्रों में बैठकें आयोजित कर लोगों को हेलमेट, सीट बेल्ट लगाने, गलत दिशा में वाहन न चलाने, गति सीमा का पालन करने और सड़क किनारे वाहन खड़ा न करने जैसे नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करेंगे। एसपी ने ट्रैफिक वार्डनों से अपील की कि वे सबसे पहले खुद बाइक चलाते समय हेलमेट पहनें और सभी यातायात नियमों का पालन करें। तभी वे दूसरों को जागरूक कर पाएंगे। इससे सड़क हादसों में जान-माल के नुकसान को रोका जा सकेगा। एएसपी सुमित शुक्ला ने कहा कि युवा हमारे देश का भविष्य हैं। 2025 में जिले में 76 हजार वाहनों के चालान किए गए, जो दर्शाता है कि लोग यातायात नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। उन्होंने अपील की कि यातायात नियमों का पालन कर खुद को और अन्य वाहन चालकों को सुरक्षित रखें। एक जान बहुत कीमती होती है। इस अवसर पर ट्रैफिक वार्डनों को आई कार्ड वितरित किए गए। कार्यक्रम में यातायात सीओ श्याम सिंह, सीओ कैराना हेमंत कुमार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री आदि मौजूद रहे।

# पुत्रवधू व उसके मायके वालों पर मारपीट लूटपाट का आरोप

**समाज जागरण शामली।**

शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला काजीवाड़ा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर अपनी पुत्रवधू व उसके मायके पक्ष के लोगों पर मारपीट करने और घर में लूटपाट करने का आरोप लगाया है। पीडित ने पुलिस पर तहरीर देने के बावजूद अभी तक कोई कार्यवाही न किए जाने का भी आरोप लगाया। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला काजीवाडा निवासी सलीम पुत्र शरीफ ने में तहरीर देकर बताया कि वह हृदय रोगी है और उसकी पुत्रवधू आए दिन घरेलू विवाद करती रहती है। गत 30 दिसंबर को घर में बेटियों के रिश्ते देखने आए मेहमानों के सामने पुत्रवधू ने झगड़ा शुरू कर दिया, जिससे आहत होकर मेहमान भी लौट गए। 31 दिसंबर को शाम करीब 3:15 बजे पुत्रवधू ने अपने मायके से जफर, आकिल, आसिफ, आरिफ, मकसूद, कैफ को बुला लिया और उन्होंने गाली-गलौज की, घर का सामान तोड़फोड़ दिया और बेटे तनवीर के साथ लात-घूंसों, बेल्ट व डंडों से मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान पुत्रवधु ने अलमारी खोलकर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर, कीमती कपड़े और करीब 85 हजार रुपये नकद निकाल लिए।

शोर-शराबा होने पर मोहल्ले के लोगों ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए पुत्रवधु को साथ लेकर कार से फरार हो गए। आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और घटना गली में लगे सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हुई है। घटना के सदमे से सलीम की तबीयत बिगड़ गई, जिन्हें चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। पीडित ने मामले में जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# मासिक होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली। पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह के निर्देशन में वामा सारथी पुलिस वेल्फेयर योजना के अंतर्गत पुलिस परिवारों के स्वास्थ्य एवं कल्याण को ध्यान में रखते हुए मासिक होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। रविवार को पुलिस लाइन स्थित मनोरंजन कक्ष में निशुल्क मासिक होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर के दौरान पुलिस कर्मियों तथा उनके परिवारजनों को निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श दिया गया और आवश्यक होम्योपैथिक औषधियों का वितरण भी किया गया। शिविर में उपस्थित



चिकित्सकों ने सामान्य रोगों, मौसमी संक्रमणों एवं जीवनशैली से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के संबंध में परामर्श दिया। पुलिस कर्मियों और उनके परिजनों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है और कार्यक्षमता में भी वृद्धि होती है। एसपी एनपी सिंह ने बताया कि पुलिस परिवारों को बेहतर और निरंतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस तरह के स्वास्थ्य शिविर प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे।

# ठंड का बढ़ता जा रहा प्रकोप जनजीवन अस्त-व्यस्त

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) जनपद में पिछले चार दिनों से ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता ही जा रहा है, जिससे जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। सर्द हवाओं और कोहरे के कारण लोग घरों में दुबकने को मजबूर हैं। रविवार को मौसम में और गिरावट दर्ज की गई, जिससे ठंड का असर और अधिक बढ़ गया।

रविवार को अधिकतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह अधिकतम तापमान शनिवार के मुकाबले करीब दो डिग्री सेल्सियस कम रहा। ठंडी हवाएं इतनी तेज और सिहरन पैदा करने वाली थीं कि लोगों के शरीर में गलन महसूस होती रही। ठंड से बचाव के लिए लोग जगह-जगह अलाव जलाकर उसके सहारे बैठे नजर आए। सुबह के समय आसमान पूरी तरह साफ था और सूर्यदेव के दर्शन होने की उम्मीद जताई जा रही थी, लेकिन करीब साढ़े आठ बजे मौसम ने अचानक करवट ले ली। सर्द हवाओं के साथ घना कोहरा छा गया, जिससे ठंड में और इजाफा हो गया। बीते चार दिनों से सूर्यदेव के दर्शन न होने के कारण ठंड का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। गिरते तापमान के चलते आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। खासकर बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ठंड के कारण बाजारों में भी रौनक कम दिखाई दी। रविवार को साप्ताहिक अवकाश होने के बावजूद आमतौर पर चहल-पहल वाले इलाकों माजरा रोड, भिक्की मोड़, धीमानपुरा, नेहरू मार्केट, गांधी चौक और नया बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। लोग केवल बेहद जरूरी कामों से ही घरों से बाहर निकलते नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल ठंड से राहत मिलने की उम्मीद कम है और आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है। ऐसे में प्रशासन द्वारा ठंड से बचाव के इंतजामों को लेकर भी लोगों की निगाहें टिकी हुई हैं।

# धूमधाम से मनाया मां शाकुभरी देवी का प्रकोत्सव

**समाज जागरण**



शामली। शहर के विभिन्न स्थानों पर मां शाकुंभारी देवी का प्रकोत्सव बडे ही धूमधाम एवं भक्तिभावना के साथ मनाया गया। देवी मंदिरों में देर रात्रि तक भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें माता रानी की सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई। माता रानी की प्रतिमा के समक्ष केक काटा गया और महाआरती की गई। शनिवार देर रात्रि शहर के शिवगंज मंडी स्थित शिव दुर्गा मंदिर में मां शाकुंभरी देवी प्रकोत्सव बडे की धूमधाम के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम माता रानी का पूजन पंडित मनीष आचार्य ने विधि विधान से संपन्न कराया और माता रानी की आखंड ज्योत प्रज्जवलित की। इसके बाद माता रानी का संकीर्तन हुआ, जिसमें पंडित रोहताश शर्मा एंड पार्टी द्वारा माता रानी की सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई। इसके बाद महाआरती और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आनंद प्रकाश, गिरीश, दिनेश गोयल, पवन बजरंगी, नीरज गोयल, संदीप, नवीन, मनोज, वैभव गर्ग, पंकज, राजीव, अशोक, मदनलाल, रमेशचंद, रोहित, आलोक, नीरज, राजीव गोयल आदि मौजूद रहे। इसके अलावा शहर के बडी माता मंदिर में देर रात्रि मां शाकुंभारी देवी का जन्मोत्सव में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान माता रानी की महाआरती की गई। तत्पश्चात कन्याओं द्वारा केक काटा गया और माता रानी का अर्पित किया गया। इसके बाद मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकडों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। इस अवसर पर नीरज संगल, देवानंद गौड, सभासद संदीप कुमार, नीरज देवी, सजल गर्ग, शिवानी गर्ग, राजू त्यागी, मोहित वर्मा, कालू आदि मौजूद रहे।

# टरवाईन फटने के बाद रविवार को भी बाधित रहा पेराई सत्र

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) अपर दोआब शुगर मिल की टरवाईन फटने के बाद मिल का पेराई कार्य रविवार को भी प्रभावित रहा। बाहर से आये टैक्निशियन जहां टरबाईन को ठीक करने में लगे है वही मिल प्रबंधन द्वारा अतिरिक्त जनरेटर लगाकर पेराई कार्य कराया जा रहा है, जिससे पेराई कार्य धीमा हो गया है। गत शुक्रवार देर रात्रि में त्रिवेणी ग्रुप की अपर दोआब शुगर मिल की टरबाईन अचानक फट गई थी। जिसके बाद मिल का पेराई कार्य पूरी तरह से बंद हो गया था, लेकिन मिल प्रबंधन ने किसानों की समस्याओं को देखते हुए अतिरिक्त जनरेटर लगाकर पेराई कार्य शुरू कर दिया था। रविवार को भी मिल का पेराई कार्य जनरेटरों को लगाकर कराया गया। इससे पेराई कार्य पर असर पडा है। मिल के गन्ना महाप्रबंधन दीपक राणा ने बताया कि टरबाईन को ठीक करने के लिए बाहर से टैक्निशयन बुलाये गए है, जो टरबाईन को ठीक करने में लगे है। फिलहाल कार्य धीमा चल रहा है। किसानों से मिल के आहवान पर ही गन्ना लाने की अपील की गई है। टरबाईन ठीक होने तक पेराई कार्य धीमा ही चलता रहेगा।

# आओ खेलो को विकसित बनाए अभियान के अतर्गत किया गया बैठक का आयोजन

**समाज जागरण बागपत।**




मुबारिकपुर गांव में केटी विंग की ओर से आओ खेलो को विकसित बनाए अभियान के अंतर्गत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में खेलों को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। बैठक में जनपद के विभिन्न गांवों में युवाओं की खेलो में सहभागिता बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि कृष्णपाल धामा चेयरमैन गन्ना मिल ने कहा कि युवाओं को खेल के लिए सही मार्ग दर्शन की आवश्यकता है। केटी विंग द्वारा यही कार्य निस्वार्थ भाव से किया जा रहा है। बिल्लू प्रधान ने कहा की हरियाणा खेलों के प्रदेश के रूप में जाना जाता है। पश्चिम उत्तर प्रदेश में भी प्रतिभावान खिलाड़ियों से भरा हुआ है। लेकिन सुविधाओं के अभाव में प्रतिभा दम तोड़ रही है। केटी विंग के संस्थापक कपिल त्यागी ने कहा कि उनका प्रयास है कि वह खेलो के माध्यम से जनपद की उस पहचान को बदलकर खिलाड़ियों के बागपत के रूप में बनाए। उन्होंने युवाओं से 30 जनवरी से एक फरवरी तक होने वाली कबड्डी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए रजिस्ट्रेशन कराने का आहवान किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र त्यागी, मनुपाल बंसल, रालोद नेता रामपाल सिंह, दिनेश प्रधान, ललित त्यागी, यशपाल त्यागी, केशव, सतीश त्यागी, भोपाल सिंह, राजेश नैन, संजय प्रधान, अतिकुमार, कोच पवन नैन, आशीष कुमार, हेमबीर सिंह, महेश त्यागी, कृष्णवीर त्यागी, ऋषिपाल, विकल शर्मा, अति कुमार, मोनू कुमार, सुनील त्यागी, सुधीर धामा, अजय त्यागी, लक्ष्मण प्रजापत मौजूद रहे।

# सारथी की रसोई का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी व अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा किया गया

**समाज जागरण बागपत।**



मानव सेवा और सामाजिक प्रति बद्धता को आगे बढ़ते हुए सारथी वेलफेयर फाउंडेशन की 37 वीं रसोई का भव्य शुभारंभ रविवार को किया गया। जिसका उद्घाटन सीएम ओ डॉ तीर्थ लाल एवं डिप्टी सीएमओ डॉ यशवीर सिंह ने फीता काटकर किया। दोनों महान हस्तियों की उपस्थिति से ऊर्जा और सेवा का उत्साह देखते ही बन रहा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बागपत ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि भूखों को भोजन करना बहुत ही पुण्य का काम है। कोई भी व्यक्ति भूखा नहीं रहना चाहिए। सारथी में बहुत से कार्य सभी की मदद के लिए होते है। हम सबका पूर्ण रूप से संस्था में हमेशा रहेगा। डॉ आशुतोष राणा मोनिका एवं ऋतु जैन का इस रसोई में हमेशा योगदान रहता है और इसी के साथ-साथ संस्था के सभी लोग इस रसोई में बढ़-चढ़कर कार्य करते है। सभी का साथ रहता है। चाइल्ड हेल्पलाइन प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर वंदना गुप्ता ने भी जरूरतमंदों लोगों को भोजन कराया। कार्यक्रम में अध्यक्ष विकास गुप्ता सहित अनेक समाजसेवी उपस्थित रहे सभी ने संस्था के कार्य को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग किया।

# श्री त्रिलोक तीर्थ धाम में धूमधाम के साथ मनाया गया नववर्ष

**समाज जागरण बागपत।**

धर्मनगरी बड़ागांव स्थित विश्वप्रसिद्ध श्री त्रिलोक तीर्थ धाम में संचालित सन्मति छाया बृद्धाश्रम में स्याद्वाद युवा क्लब दिल्ली द्वारा नववर्ष के उपलक्ष्य पर बुजुर्गो के साथ प्रातः त्रिलोकतीर्थ में पूज्य आर्यिका श्री पूर्णमति माता जी



के सानिध्य में पूजन अभिषेक व शांतिधारा कर बुजुर्गों के साथ केक काटकर नए वर्ष का स्वागत किया एवं सभी बुजुर्गों को गर्म कपड़े, शॉल, गजक आदि का वितरण किया। इस मौके पर युवा क्लब के अध्यक्ष शैलेश जैन नोएडा एव जिनेंद्र जैन दीपक जैन मनोज जैन त्रिलोकचंद जैन लिली जैन प्रदीप जैन आदि अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# परवेज हत्याकांड में वांछित एक और आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण**



कैराना। कोतवाली पुलिस ने हरियाणा निवासी परवेज की हत्या के मामले में वांछित चल रहे एक और आरोपी को गिरफ्तार कया है।

गत तीन दिसंबर को भूरा–बराला मार्ग पर स्थित जंगल में परवेज निवासी गांव राणा माजरा थाना सनौली जनपद पानीपत हरियाणा का शव पड़ा मिला था। उसके पास ही तमंचा भी पड़ा था। पुलिस ने मृतक के भाई अरमान की तहरीर पर आसिफ और शोएब निवासीगण गांव गढ़ीबेसक थाना सनौली तथा दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था। इसके बाद पुलिस ने हत्या के मामले में एक आरोपी आसिफ को गिरफ्तार कर लिया था। पता चला था कि लूट के रुपयों के बंटवारे को लेकर हुए विवाद के बाद हत्याकांड को अंजाम दिया गया था तथा मृतक के पास में तमंचा इसलिए रखा था कि कोई हत्या का शक न कर सके और मामला आत्महत्या का प्रतीत हो। रविवार को पुलिस ने हत्या में वांछित दूसरे आरोपी शोएब निवासी गांव गढ़ीबेसक थाना सनौली को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

# यातायात प्रहेरियो के साथ गोष्ठी का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली। रविवार को शहर में बढती ट्रेफिक समस्या से निजात दिलाने और लोगों को जागरूक करने के उददेश्य से ट्रेफिक पुलिस द्वारा यातायात प्रहरियों के साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें एसपी एनपी सिंह ने ट्रेफिक वार्डन को जागरूक करते हुए नियमों का स्वयं पालन करने और दूसरों को भी जागरूक करने पर बल दिया।

शहर के दिल्ली रोड स्थित एक बारातघर में ट्रेफिक पुलिस द्वारा




आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसपी एनपी सिंह ने कहा

कि जिले में वर्ष 2025 में कुल 23 लोगों की हत्याओं में मौत हुई, जबकि 176 लोगों की मौत सडक दुर्घटनाओं के कारण हुई है। उन्होने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा अपराधियों पर कडा प्रहार करने के निर्देश दिए गए। ये हत्याऐं कोई गैंगवार में नही बल्कि आपसी झगडों में हुं है। ऐसे में 176 लोगों की सडके दुर्घटनाओं में मारे जाना सोचनीय है। उन्होने कहा कि ट्रेफिक वार्डन बनाने का उददेश्य लोगों को जागरूक करना है। ट्रेफिक वार्डन स्वयं भी यातायात के नियमों का पालन करे और दूसरे को जागरूक करे। कहा कि सडक व्यावस्था को सुचारू बनाये रखना, ट्रेफिक नियमों के पालन में सहयोग, भीड व कार्यक्रम प्रबंधन, दुर्घटना रोकथाम में सहयोग, आपात स्थिति में सहयोग, जन पुलिस समन्वय, अनुशासन व आचारण सभी की जिम्मेदारी ट्रेफिक वार्डन की है। इस दौरान एसपी ने शहर कोतवाली व थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के करीब 200 से अधिक ट्रेफिक वार्डन को नियुक्ति कार्ड वितरित किए। इस अवसर पर एएसपी सुमित शुक्ला, सीओ सिटी

# खोडसमा में नशे के खिलाफ बड़ी पंचायत, कारोबार खत्म करने का लिया संकल्प

**समाज जागरण**



शामली, चौसाना।(फुरकान जंग)क्षेत्र के गांव खोडसमा में रविवार को नशे के खिलाफ बड़ी पंचायत का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। बारातघर में आयोजित पंचायत में एक स्वर में नशे के कारोबार को जड़ से खत्म करने की कसम खाई गई।पंचायत में छत्तीस बिरादरी के लोगों ने बढ़ते नशे पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि नशे के कारण युवा पीढ़ी बबार्दी की ओर जा रही है। वक्ताओं ने बताया कि नशे की लत से युवक चोरी, लूट व अन्य आपराधिक गतिविधियों में फंस रहे हैं, जिससे गांवों का माहौल और सामाजिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है।ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते नशे के खिलाफ सख्त कदम नहीं उठाए गए तो आने वाली पीढ़ी को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गांव में यदि कोई व्यक्ति नशे के कारोबार में लिप्त पाया गया तो पहले उसे पंचायत स्तर पर समझाया जाएगा। इसके बाद भी न मानने पर पंचायत उसे पकड़कर पुलिस के हवाले करेगी।पंचायत में आसपास के गांवों में खुलेआम चल रहे नशे के कारोबार का मुद्दा भी उठाया गया। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से नशे के अड्डों पर सख्त कार्रवाई की मांग की और चेतावनी दी कि कार्रवाई न होने पर छत्तीस बिरादरी की महापंचायत बुलाकर आगे की रणनीति तय की जाएगी।इस मौके पर विनोद निर्वाल, अरविंद कुमार, मोहित (काला माजरा), सचिन कुमार, सागर, बिजेंद्र, गुरूपेज सरदार, बिलेंद्र, आदेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# दबंगों ने रास्ते की भूमि पर किया अवैध कब्जा, दीवार बनाकर जमीन बेचने की धमकी

**समाज जागरण चौसाना।**

क्षेत्र के गांव जिजौला में दबंगों द्वारा निजी रास्ते के लिए छोड़ी गई भूमि पर जबरन कब्जा कर दीवार बनाने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित को जान से मारने और पूरी जमीन पर कब्जा कर उसे बेचकर फरार होने की धमकी दी है। पीड़ित ने चौसाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव जिजौला निवासी दिनेश बिंदल ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2008 में गांव से लगी खसरा नंबर 292 की कुछ भूमि खरीदी थी। आरोप है कि खरीद के बाद से ही गांव के कुछ दबंग उन्हें भूमि पर कब्जा नहीं करने दे रहे थे और धमकियों के चलते जमीन लंबे समय तक खाली पड़ी रही। मामले में तत्कालीन तहसीलदार सचिन वर्मा ने सुनवाई करते हुए पुलिस बल की मौजूदगी में पीड़ित को कब्जा दिलाया था तथा आरोपियों को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी थी। पीड़ित का आरोप है कि अब जिजौला निवासी फरमान आदि ने रात्रि के समय पश्चिम दिशा में रास्ते के लिए छोड़ी गई भूमि पर दीवार बनाकर अवैध कब्जा कर लिया। ग्रामीणों से जानकारी मिलने पर पीड़ित मौके पर पहुंचा, जहां विरोध करने पर आरोपी ने दबंगई दिखाते हुए जमीन बेचकर चले जाने की धमकी दी।

दिनेश बिंदल ने बताया कि बीते जुलाई माह में भी आरोपियों ने खसरा नंबर 292 पर निर्माण सामग्री डाल दी थी, जिसकी शिका यत उन्होंने जिलाधिकारी से की थी। जांच के बाद तहसीलदार ने पुलिस को पत्र भेजकर निर्माण रोकने और उल्लंघन की स्थिति में कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद आरोपियों ने दोबारा अवैध निर्माण कर लिया। पीड़ित ने अब चौसाना पुलिस से न्याय और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# श्री शिवराज सिंह चौहान ने आईसीएआर द्वारा विकसित 25 फसलों की 184 नई किस्में राष्ट्र को किया समर्पित

**राष्ट्रीय बीज निगम द्वारा 33.26 करोड़ रु. के लाभांश का चेक केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को भेंट**

**वर्ष 1969 से अब तक 7205 फसल किस्मों को मंजूरी, वहीं मोदी सरकार के 11 साल में 3236 नई उच्च उत्पादक किस्में- कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान**

**किसानों की आय बढ़ाने में बड़ी छलांग, भारत बनेगा विश्व का फूड बास्केट- श्री शिवराज सिंह चौहान**

**आईसीएआर और कृषि विश्वविद्यालयों के शोध से बीज क्रांति, विशेष गुणों वाली उच्च उत्पादक किस्में सूखाङ्खलवणीयता जैसी चुनौतियों से निपटने में कारगर- श्री शिवराज सिंह चौहान**

**देश ने चावल उत्पादन में चीन को पीछे छोड़कर 150.18 मिलियन टन उत्पादन के साथ नया कीर्तिमान स्थापित किया- केंद्रीय कृषि मंत्री**




केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली के एनएएससी कॉम्प्लेक्स स्थित ए.पी. शिंदे ऑडिटोरियम में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा विकसित 25 फील्ड फसलों की 184 उन्नत किस्मों का अनावरण किया। यह कार्यक्रम भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के तत्वावधान में आयोजित किया गया जिसमें वैज्ञानिकों, वरिष्ठ अधिकारियों और कृषि विशेषज्ञों ने सहभागिता की। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत ने उच्च उत्पादक बीजों के विकास में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। वर्ष 1969 में शुरू हुई गजट अधिसूचना प्रक्रिया के बाद अब तक कुल 7205 फसल प्रजातियों को अधिसूचित किया जा चुका है जिनमें धान, गेहूं, ज्वार, मक्का, दलहन, तिलहन, रेशेदार और अन्य फसलें शामिल हैं, वहीं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11झ्र12 वर्षों में नई किस्मों के विकास की गति और तेज हुई है, अकेले इस अवधि में 3236 उच्च उत्पादक प्रजातियों को मंजूरी मिली है, जबकि 1969 से 2014 तक 3969 प्रजातियों को अधिसूचित किया गया था। अब अधिसूचित 184 उन्नत किस्मों का लोकार्पण किया गया है, जो देश के किसानों को अधिक उपज, बेहतर गुणवत्ता और जलवायु सहनशीलता जैसे लाभ देंगी। उन्होंने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की फसल संबंधी समन्वित परियोजनाओं के तहत परिषद की संस्थाओं, राज्य व केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालयों और निजी बीज कंपनियों ने मिलकर इन किस्मों के विकास में अहम योगदान दिया है। विशेष गुणों वाली कई प्रजातियां, जैसे सूखा सहनशील, लवणीयङ्क्षारीय मिट्टी में उपज देने वाली और रोगङ्कीट प्रतिरोधी किस्में, किसानों को बदलते मौसम और जलवायु संकट से सुरक्षा कवच देंगी। श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत उच्च उत्पादक और जलवायु सहनशील बीजों के विकास के दम पर कृषि में नई क्रांति के दौर में प्रवेश कर चुका है। केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह उपलब्धि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की फसलों की अखिल भारतीय समन्वित परियोजनाओं, राज्य व केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालयों और निजी बीज कंपनियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। कुल 184 हाल की प्रजातियों के विकास में परिषद की संस्थाओं, विश्वविद्यालयों और निजी क्षेत्र की बीज कंपनियों ने क्रमशः 60, 62 और 62 प्रजातियों के साथ योगदान दिया है। श्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि कई नई लोकार्पित किस्मों में सूखा, बाढ़, लवणीयता और रोगङ्कीट प्रतिरोध जैसे विशेष गुण निहित हैं, जो मौसम की अनिश्चितता के बीच स्थिर उत्पादन सुनिश्चित करेंगे। उच्च पैदावार के साथ साथ इन किस्मों में बेहतर गुणवत्ता, पोषण समृद्धि और प्रसंस्करण उपयुक्तता जैसे गुण भी हैं, जिससे किसानों को बाजार में बेहतर दाम और उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न मिलेगा। यह लैब से लैंड की यात्रा का सफल मॉडल है। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि हर किसान के खेत तक उच्च गुणवत्ता वाले बीज पहुंचें, ताकि भारत न सिर्फ अपने लिए बल्कि पूरे विश्व के लिए अन्न उत्पादन करने वाला देश बने। केंद्रीय कृषि मंत्री ने भारतीय कृषि को विकसित भारत के निर्माण की आधारशिला बताते हुए कहा कि देश ने चावल उत्पादन में चीन को पीछे छोड़कर 150.18 मिलियन टन उत्पादन के साथ नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि भारत अब खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित कर चुका है और दुनिया को अन्न प्रदान करने वाला राष्ट्र बन गया है। केंद्रीय मंत्री ने इस उपलब्धि के लिए किसानों, वैज्ञानिकों, शोध संस्थानों और निजी क्षेत्र को बधाई दी। केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर और शक्तिशाली भारत के निर्माण का महायज्ञ चल रहा है, जिसमें कृषि क्षेत्र की अहम भूमिका है। उन्होंने बताया कि बीज किसी भी उत्पादन प्रणाली की आत्मा है और अब भारत केवल अन्न ही नहीं बल्कि पोष णयुक्त अन्न के उत्पादन की दिशा में भी आगे बढ़ रहा है। देश भर के किसानों के लिए 25 फसलों की 184 नवीन प्रजा तियां जारी की गई हैं, जिन्हें तीन वर्षों के भीतर किसानों तक पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि सरकार कृषि योजनाओं के साथ 'विकसित भारत जी-राम-जी' जैसी नई योजनाओं का कन्वर्जेन्स बढ़ाकर जल संरक्षण, कृषि वानिकी और पशुपालन जैसे क्षेत्रों में कार्य करेगी। केंद्रीय मंत्री ने दलहन-तिलहन उत्पादन बढ़ाने पर भी जोर दिया और कहा कि इस क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ाना, मूल्य स्थिर रखना और प्रोसेसिंग व्यवस्था विकसित करना केंद्र की प्राथमिकता है। कार्यक्रम में कुल 122 अनाज फसलों की किस्में जारी की गईं, जिनमें धान की 60 और मक्का की 50 नई किस्में प्रमुख हैं। इनमें ज्वार, बाजरा, रागी, लघु मिलेट्स और प्रोसो मिलेट की भी उन्नत किस्में शामिल हैं, जो पोषण सुरक्षा और जलवायु सहनशीलता को मजबूत करेंगी। दलहनों की 6 नई किस्में (अरहर, मूंग और उड़द) जारी की गई हैं जो प्रोटीन सुरक्षा और फसल विविधीकरण को गति देंगी। तिलहनों के लिए सरसों, कुसुम, तिल, मूंगफली, गोभी सरसों और अरंडी सहित 13 नई किस्में तथा 11 चारा फसलों की किस्में पशुपालकों के लिए महत्वपूर्ण संसाधन साबित होंगी। कार्यक्रम में गन्ने की 6 और कपास की 24 किस्में, जिनमें 22 बीटी कपास भी शामिल हैं, किसानों के लिए जारी की गईं। जूट और तंबाकू की एक-एक नई किस्म भी रिलीज की गई जो संबंधित क्षेत्रों के किसानों के लिए अधिक उत्पादन और बेहतर रिटर्न का अवसर प्रदान करेगी। इन 184 किस्मों को आई सीएआर के वैज्ञानिकों ने विभिन्न कृषि-जलवायु परिस्थितियों, मिट्टी के प्रकार और खेती की पद्धतियों को ध्यान में रखते हुए वर्षों के शोध, परीक्षण और मूल्यांकन के बाद विकसित किया है। कार्यक्रम के दौरान कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के सचिव डॉ देवेश चतुर्वेदी, आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. एम.एल. जाट भी उपस्थित थे जिन्होंने अपने विचार व्यक्त किए। वहीं, राष्ट्रीय बीज निगम (NSC) की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और केंद्रीय कृषि मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव डॉ. श्रीमती मनिंदर कौर द्विवेदी ने NSC की ओर से 33.26 करोड़ रुपए के लाभांश का चेक केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को भेंट किया।

# एडीए का दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी एयरोनॉटिक्स 2047 बेंगलुरु में शुरू हुआ




एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी एयरोनॉटिक्स 2047 का शुभारंभ 4 जनवरी, 2026 को बेंगलुरु स्थित सेंटर फॉर एयरबोर्न सिस्टम्स (सीएबीएस) में हुआ। संगोष्ठी का उद्घाटन वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने किया। अपने संबोधन में वायुसेना प्रमुख ने लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस के 25 वर्ष पूरे होने पर एडीए को बधाई दी और आज के निरंतर बदलते समय में भारतीय वायु सेना (आईएएफ) को परिचालन रूप से तैयार रखने के लिए सुपुर्दगी की समयसीमा का पालन करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर बोलते हुए, रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत ने आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए स्वदेशी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के विकास के महत्व पर जोर दिया जिससे 2047 तक विकसित भारत के परिकल्पना को साकार किया जा सके। इस संगोष्ठी में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ, औद्योगिक भागीदार, शिक्षाविद, विमानन क्षेत्र के अग्रणी और एयरोस्पेस क्षेत्र के वक्ता एक साथ आए हैं ताकि वे वैमानिकी के विकास, डिजाइन नवाचार, विनिर्माण और भविष्य की संभावनाओं पर अपने विचार साझा कर सके। एयरोनॉटिक्स-2047 का मुख्य उद्देश्य आधुनिक एयरोस्पेस प्रौद्योगिकियों के विभिन्न पहलुओं का पता लगाना है, जिनमें अगली पीढ़ी के विमानों के लिए विनिर्माण और असेंबली, डिजिटल विनिर्माण, अगली पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के लिए वायुगतिकी, प्रणोदन प्रौद्योगिकियां, उड़ान परीक्षण तकनीकें, डिजिटल ट्विन प्रौद्योगिकी , प्रमाणन चुनौतियां, उड़ान नियंत्रण प्रणाली और एवियोनिक्स, लड़ाकू विमानों में रखरखाव संबंधी चुनौतियां, विमान डिजाइन में एआई और एक्चुएटर्स के लिए सटीक विनिर्माण शामिल हैं।

इस संगोष्ठी में भारतीय अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों के भविष्य और एलसीए तेजस के प्रारंभिक डिजाइन से लेकर स्क्वाड्रन में शामिल होने तक के सफर पर चर्चा की जाएगी। एडीए ने एलसीए तेजस को डिजाइन और विकसित किया है। इसके 5,600 से अधिक सफल उड़ान परीक्षण हो चुके हैं। इस कार्यक्रम में सरकारी प्रयोगशालाओं, शैक्षणिक संस्थानों और उद्योगों सहित 100 से अधिक डिजाइन कार्य केंद्र शामिल थे। एलसीए को चौथी पीढ़ी का लड़ाकू विमान बनाने के लिए कार्बन कंपोजिट, हल्के पदार्थ, फ्लाई-बाय-वायर फ्लाइट कंट्रोल, डिजिटल यूटिलिटी मैनेजमेंट सिस्टम, ग्लास कॉकपिट आदि जैसी कई विशिष्ट प्रौद्योगिकियों का विकास किया गया। एलसीए एमके1ए स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित लड़ाकू विमान का एक उन्नत संस्करण है और यह भारतीय वायु सेना की परिचालन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक शक्तिशाली मंच के रूप में कार्य करेगा। एलसीए एमके क्कऔर एलसीए नेवी पर वर्तमान में कार्य चल रहा है। संगोष्ठी के दौरान, तेजस कार्यक्रम से जुड़े प्रतिष्ठित और प्रसिद्ध वक्ताओं द्वारा तकनीकी वार्ता की एक श्रृंखला प्रस्तुत की जाएगी। भारत को एलसीए तेजस के विकास से अपार लाभ हुआ है क्योंकि अब उसके पास स्वदेशी रूप से लड़ाकू विमान बनाने की क्षमता और सामर्थ्य दोनों हैं। एलसीए कार्यक्रम सबसे सफल स्वदेशी रक्षा कार्यक्रमों में से एक है जिसके माध्यम से भारतीय वायु सेना को असाधारण वायु श्रेष्ठता वाला लड़ाकू विमान प्राप्त हुआ। अब तक, 38 विमान (32 लड़ाकू विमान और 6 प्रशिक्षण विमान) भारतीय वायु सेना के दो स्क्वाड्रनों में शामिल किए जा चुके हैं।

संगोष्ठी के एक भाग के रूप में, बड़ी संख्या में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू), डीपीएसयू, उद्योग और एमएसएमई अपने स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किए गए उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं जो हवाई अनुप्रयोगों के लिए उपयुक्त हैं।

# सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी संयुक्त अरब अमीरात एवं श्रीलंका की यात्रा पर रवाना हुए

सेना प्रमुख (सीओएएस), जनरल उपेंद्र द्विवेदी, विदेशी मित्र राष्ट्रों के साथ रक्षा सहयोग एवं सैन्य संबंधों को मजबूत करने की भारत की निरंतर प्रतिबद्धता के मद्देनजर 05 से 08 जनवरी 2026 तक संयुक्त अरब अमीरात एवं श्रीलंका की यात्रा पर रवाना हुए। जनरल द्विवेदी का यह दौरा 05-06 जनवरी 2026 को संयुक्त अरब अमीरात में प्रमुख कार्यक्रमों के साथ शुरू होगा। जनरल द्विवेदी के आगमन पर यूएई थल सेना द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। अपने यूएई प्रवास के दौरान, सेना प्रमुख यूएई सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करेंगे, जिसमें यूएई थल सेना के कमांडर भी शामिल हैं। वह यूएई सेना की संरचना, भूमिकाओं एवं क्षमताओं की जानकारी भी प्राप्त करेंगे। जनरल द्विवेदी प्रमुख सैन्य प्रतिष्ठानों का दौरा करेंगे और श्रीलंकाई अधिकारियों एवं सैनिकों से बातचीत करेंगे, जो भारत एवं संयुक्त अरब अमीरात के बीच बढ़ती रक्षा साझेदारी को दशार्ता है। उनके कार्यक्रमों में यूएई के राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय का दौरा भी शामिल है जहां भारतीय सेना प्रमुख सभी अधिकारियों को संबोधित करेंगे। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग, पेशेवर सैन्य संबंध एवं रणनीतिक समझ को और मजबूत करना है।

# पांच प्यारें कि अगुवाई में निकाला गया नगरकीर्तन

**समाज जागरण कालांवाली (सुरेश जोरासिया)** श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश गुरुपर्व को समर्पित गांव कालांवाली के दुख निवारन साहिब गुरुद्वारा साहब से नगर कीर्तन कि आरंभता कि गई' नगर कीर्तन में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी को बहुत ही सुंदर फूलों से सजाया गया।





पालकी की अगुवाई पांच प्यारे साहिबान कर रहे थे और बोले सो निहाल के जयकारों से आसमान गूंज उठा। नगर कीर्तन के स्वागत में रंगोली से रास्तों को सजाया गया' जगह जगह पर चाय पकोड़े का लंगर लगाया गया इसी कड़ी में श्री गुरु रविदास सभा कालांवाली को ओर से बिस्कुटों का लंगर लगाया गया' संगतो के द्वारा सतनाम वाहेगुरु का जाप करते हुऐ पालकी साहब के साथ चलते रहे। गतका पार्टी की टीम ने भी अपने हैरतगेज करतब दिखाए गऐ' इस अवसर पर गुरसेवक सिंह खालसा, गुरसेवक सिंह पंच, सुरेश जोरासिया, जशन जोरासिया, राजपाल धालीवाल,अश्वनी नूना, जोनी, संदीप सिंह, नरेश कुमार, नरेश (काला) आदि अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# प्रतियोगी परीक्षाओं से आता है प्रतिभाओं में निखार : श्री महंत स्वामी राजेंद्र दास महाराज

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी। तपोभूमि जटेला धाम, में स्वामी नितानन्द दयाल जी महाराज की कृपा एवं मार्गदर्शन में नववर्ष के उपलक्ष्य में पढ़ने वाली बहनों के लिए एक भव्य प्रतिभा परीक्षा का आयोजन 04 जनवरी 2026 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस परीक्षा में 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग की कुल 125 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस प्रतियोगी परीक्षा में गणित, रीजनिंग, सामान्य ज्ञान, अंग्रेजी एवं कंप्यूटर जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल थे। परीक्षा का उद्देश्य छात्राओं को शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाना तथा प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करना रहा।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रीति पुत्री नरेंद्र, निवासी गांव माजरा दूबलधन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और 7100 का नकद पुरस्कार जीता।

द्वितीय स्थान पर प्रीति पुत्री सुरेश, निवासी गांव झिंझर रहीं, जिन्हें 5100 का पुरस्कार प्रदान किया गया।

तृतीय स्थान के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जिसमें गांव दूबलधन की दो छात्राएं–प्रिया एवं सुरेखा–के बीच कड़ा मुकाबला



रहा।

कार्यक्रम में भाग लेने वाली सभी प्रतिभागी छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप रजिस्टर प्रदान किए गए, जिससे उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए प्रेरणा मिल सके।

इस अवसर पर श्री महंत राजेंद्र दास महाराज ने प्रेरणादायक संदेश देते हुए कहा कि किसी को भी इस बात से निराश नहीं होना चाहिए कि वह पीछे रहा या अंतिम स्थान पर आया। गुरु जी ने उदाहरण देते हुए कहा,

ह्ययदि सभी लोग एक ही पंक्ति में खड़े हों और कमांडर पीछे मुड़ने का आदेश दे दे, तो जो सबसे पीछे खड़ा होता है वही सबसे आगे आ जाता है।

इसी प्रकार निरंतर अभ्यास और सही दिशा में की गई मेहनत से अगली परीक्षा में सफलता निश्चित है।

गुरु जी ने सभी छात्राओं को आत्मविश्वास बनाए रखने, निरंतर परिश्रम करने और भविष्य की परीक्षाओं के लिए पूरे मनोयोग से तैयारी करने का आशीर्वाद दिया।

कार्यक्रम शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं प्रेरणादायक वातावरण में संपन्न हुआ। आयोजन समिति ने भविष्य में भी इस प्रकार के शैक्षणिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

**धर्मवीर - माजरा**
रणवीर,राहुल,अमित ,राकेश, दलवीर, प्रियांश दुबाना विशाल ,दीप सचिन बेरी, मैडम सरोजा माजरा सुमन ,अंजली माजरा, विनेश अहलावत - बहराणा मनोज बेरी ,सरिता खनगवाल बीईओ महम, डॉ सुरेंद्र एसएमओ कलानौर,मास्टर आशीष, डॉ जब्बार, नरेंद्र सरपंच मंच संचालन,देवेंद्र चेयरमैन बेरी संजय सिवाना सोनू माजरा सुनील मास्टर चांद राजबीर डबास रघबीर पूर्व थानेदार सहित समस्त कमेटी उपस्थित रही।

# शिरोमणि कमेटी अध्यक्ष एडवोकेट धामी ने राम रहीम की दोबारा पैरोल की निंदा की

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो, 4 जनवरी :शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने गंभीर अपराधों के लिए सजा काट रहे डेरा सिरसा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को एक बार फिर 40 दिन की पैरोल दिए जाने की कड़ी निंदा की है। एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने उस व्यक्ति के प्रति सरकार की इस उदारता की कड़ी आलोचना की है



जो गंभीर आरोपों में सजा काट रहा है और सिख विरोधी धार्मिक गतिविधियों का भी आरोपी है। यह लोकतंत्र और न्याय प्रणाली का भी मजाक है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा व्यक्तियों को विशेष रियायतें देना पीड़ितों के साथ मजाक है और न्याय प्रणाली पर भी सवालिया निशान है। एडवोकेट धामी ने कहा कि अगर सरकारें राजनीतिक फायदे के लिए अपराधियों को राहत देने का यह सिलसिला जारी रखती हैं, तो लोगों का न्याय प्रणाली से विश्वास उठ जाएगा।

# गृह मंत्रालय के एफ.सी.आर.ए. विभाग के अधिकारियों ने सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में मत्था टेका

## शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट धामी ने सम्मानित किया

**(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

श्री अमृतसर, 4 जनवरी :भारत सरकार के गृह मंत्रालय के एफ.सी.आर.ए.विभाग के संयुक्त निदेशक श्री सौरभ बंसल, उप निदेशक श्री आयुष बंसल, आई.सी.ए.आई. के अध्यक्ष सी.ए.. चरणजोत सिंह और सी.ए,.श्री रवि मिगलानी ने आज सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में मत्था टेका और गुरु साहिब के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान व्यक्त किया। सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में मत्था टेकने के



बाद, उन्होंने श्री दरबार साहिब के सूचना केंद्र में शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी से भी मुलाकात की।इस अवसर पर, शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी, ओ.एस.डी.सतबीर सिंह धामी, सचिव प्रताप सिंह, शिरोमणि कमेटी के सी.ए. श्री प्रदीप गोयल और एडवोकेट दीपिका प्रदीप गोयल ने भी एफ.सी.आर.ए.के अधिकारियों को सचखंड श्री हरमंदिर साहिब का सुनहरा मॉडल और प्रसाद देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर, श्री दरबार साहिब के प्रबंधक श्री भगवंत सिंह धंगेडा, सीए इस्प्रीत सिंह नाधा और अन्य उपस्थित थे।

# कनाडा के विदेश मंत्री अनीता आनंद ने निकोलस मादुरो की अमेरिकी गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया दी

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

बठिंडा/कनाडा,4 जनवरी : ट्रंप का कहना है कि राष्ट्रपति मादुरो की गिरफ्तारी के बाद, देश में नई सरकार बनने तक अमेरिका अस्थायी रूप से वेनेजुएला का नेतृत्व करेगा।कनाडा की विदेश मामलों की मंत्री अनीता आनंद ने कहा कि सरकार "मादुरो शासन की किसी भी वैधता" को मान्यता नहीं देती है और "सभी पक्षों" से अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान करने का आह्वान किया। एक्स पर पोस्ट किया गया उनका बयान, अमेरिका द्वारा वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को काराकास से छुड़ाए जाने के कुछ घंटों बाद आया । अमेरिकी अटॉर्नी



जनरल पाम बोंडी ने कहा कि न्यूयॉर्क में अभियोग दायर होने के बाद मादुरो और उनकी पत्नी, सिलिया फ्लोरेस, पर आरोप लगाए जाएंगे।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वे आंखों पर पट्टी और कानों पर इयरमाफ पहने हुए, ग्रे रंग के ट्रैकसूट में पानी की बोतल पकड़े हुए दिखाई दे रहे हैं। ट्रम्प ने तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, "यूएसएस इवो जिमा पर सवार" - जो कि वास्प श्रेणी का एक उभयचर हमलावर जहाज है।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार सुबह ट्रुथ सोशल पर निकोलस मादुरो की यह तस्वीर पोस्ट की।आनंद ने अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करने का आग्रह किया।"कानून के शासन और लोकतंत्र को बनाए रखने की हमारी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता के अनुरूप, कनाडा सभी पक्षों से अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान करने का आह्वान करता है और हम वेनेजुएला के लोगों और एक शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक समाज में रहने की उनकी इच्छा के साथ खड़े हैं," आनंद ने लिखा।प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अमेरिकी सैन्य अभियान के बाद वेनेजुएला के लोगों के प्रति सरकार के समर्थन की भी पुष्टि की, जिसके तहत राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ लिया गया था।एक सोशल मीडिया पोस्ट में, कार्नी ने कहा कि कनाडा एक "शांतिपूर्ण, वार्ता-आधारित और वेनेजुएला के नेतृत्व वाली संक्रमण प्रक्रिया" का समर्थन करना जारी रखेगा जो देश के नागरिकों की लोकतांत्रिक इच्छा का सम्मान करती है।

# फरीदकोट पुलिस की एक और बड़ी सफलता, 166 ग्राम हेरोइन और कार के साथ 1 ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**(पराशर, समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो,4 जनवरी (रघुनंदन पराशर ):डॉ.प्रज्ञा जैन एसएसपी फरीदकोट के निर्देश पर फरीदकोट जिले में चलाए जा रहे नशा विरोधी अभियान 'युद्ध नशा विरूद्ध 'तहत नशीली दवाओं की तस्करी के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में श्री जोगेश्वर सिंह गोराया एसपी (जांच) फरीदकोट की रहनुमाई और श्री अवतार सिंह डीएसपी (जांच) फरीदकोट के मार्गदर्शन में सीआईए स्टाफ ने एक और बड़ी सफलता हासिल करते हुए नशीली दवाओं की तस्करी में शामिल एक आरोपी को 166 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपी की पहचान निर्मल सिंह उर्फ सिम्मा वाजो, निवासी बलवीर बस्ती गली नंबर 08, फरीदकोट के रूप में हुई है, जो अब डोगर बस्ती गली नंबर 09 में रह रहा था। मौके पर मौजूद आई-20 कार को भी पुलिस पार्टी ने जब्त कर लिया है।ऑपरेशन के विवरण



के अनुसार, एसएचओ चरणजीत सिंह, प्रभारी, सीआईए स्टाफ, पुलिस पार्टी के साथ बाबा बंदा सिंह बहादुर चौक से रेलवे गेट की ओर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के संबंध में जा रहे थे। जब पुलिस पार्टी राजा माइनर पास पहुंची, तो सड़क के बाईं ओर एक सफेद रंग की कार संदिग्ध हालत में खड़ी दिखी, जिसे कार चालक निर्मल सिंह उर्फ निम्मा ने बिना किसी शक के रोक दिया और कार की तलाशी ली गई। 166 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इस संबंध में, पुलिस स्टेशन सिटी फरीदकोट में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(बी)/61/85 के तहत मामला नंबर 06 दिनांक 03.01.2026 दर्ज किया गया है। फरीदकोट पुलिस गिरफ्तार आरोपी के पिछले और अगले कनेक्शन की गहन जांच कर रही है ताकि पता चल सके कि उसने नशीली दवाओं की खेप किससे लाई थी और उसे कहां सप्लाई करना था। इसके अलावा, आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर रिमांड लिया जा रहा है ताकि आगे की जांच की जा सके। फरीदकोट पुलिस नशे को जड़ से खत्म करने के लिए एक जोरदार अभियान चला रही है। नशा तस्करों की गिरफ्तारी के अलावा, उनके पीछे के नेटवर्क की भी गहराई से जांच की जा रही है। जनता से अपील की जाती है कि अगर उन्हें नशा तस्करी से जुड़ी कोई जानकारी मिलती है, तो फरीदकोट पुलिस को बताएं, ताकि नशे को जड़ से खत्म किया जा सके।

# शिरोमणि कमेटी ने बलतेज पन्नू द्वारा पेश किए गए झूठे तथ्यों का कड़ा खंडन किया

**(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

श्री अमृतसर,4 जनवरी :शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने आम आदमी पार्टी के नेता बलतेज पन्नू द्वारा पेश किए जा रहे गलत तथ्यों का कड़ा खंडन किया है। एक प्रेस बयान में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सचिव प्रताप सिंह ने कहा कि बलतेज पन्नू का यह दावा कि वार्षिक आम बैठक (सत्र) हर साल डिप्टी कमिश्नर की मंजूरी से होती है, तथ्यात्मक रूप से गलत है। उन्होंने कहा कि सिख गुरुद्वारा अधिनियम के तहत, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के आम चुनावों के बाद, पहली बैठक में केवल अध्यक्ष पद के लिए चुनाव डिप्टी कमिश्नर की देखरेख में होता है। इसके बाद, बैठक की कार्यवाही चुने हुए अध्यक्ष द्वारा संचालित की जाती है। उन्होंने आगे स्पष्ट किया कि आम चुनावों के बाद पहली बैठक के बाद शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की वार्षिक आम बैठकों की अध्यक्षता अधिनियम के अनुसार शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष द्वारा की जाती है, और इन बैठकों में डिप्टी कमिश्नर की कोई उपस्थिति या भूमिका नहीं होती है। प्रताप सिंह ने कहा कि बलतेज पन्नू सिख गुरुद्वारा अधिनियम के इस प्रावधान को गलत तरीके से पेश कर रहे हैं, जो गुमराह करने वाला है और सिख संगत के बीच भ्रम पैदा करता है। उन्होंने कहा कि अगर बलतेज पन्नू ऐसे तकनीकी मामलों पर बोलना चाहते हैं, तो उन्हें पहले सिख गुरुद्वारा अधिनियम को ठीक से पढ़ना और समझना चाहिए। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सचिव ने यह भी कहा कि पूर्व शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी मुख्य सचिव डॉ.रूप सिंह के इस्तीफे की स्वीकृति को एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी से जोड़ना भी निराधार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब डॉ.ईश्वर सिंह द्वारा जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और उसके अनुसार कार्रवाई की गई, तो एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी SGPC के महासचिव के रूप में कार्यरत थे, न कि अध्यक्ष के रूप में। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सिख संस्थानों के बारे में कोई भी टिप्पणी करने से पहले, तथ्यों को अच्छी तरह से सत्यापित करना आवश्यक है, न कि मनमाने बयान देना जो संगत के बीच भ्रम पैदा करते हैं।

# हरियाणा के मुख्यमंत्री ने पंजाब दौरे के दौरान किसानों और आम जनता से संवाद किया

**दैनिक समाज जागरण**

हरियाणा। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी ने हाल ही में अपने पंजाब दौरे के दौरान किसानों, युवाओं और आम जनता से मिलकर उनके अनुभवों और समस्याओं को समझने का प्रयास किया। इस दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने सीधे किसानों से बातचीत की और उनके कृषि संबंधी मुद्दों, फसलों की पैदावार, मार्केटिंग और बीज-उर्वरक जैसी चुनौतियों पर अपने सुझाव साझा किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की भलाई और कृषि क्षेत्र के विकास को सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने युवाओं के साथ भी संवाद किया और उन्हें



रोजगार, कौशल विकास और नवाचार के अवसरों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान आम जनता से मिलने और उनके अभिवादन स्वीकार करने के साथ ही मुख्यमंत्री ने उनकी समस्याओं और अपेक्षाओं को समझने का समय भी निकाला। इस दौरे को स्थानीय लोग और किसानों ने उत्साहपूर्ण स्वागत किया। मुख्यमंत्री के इस कदम को जनसंपर्क और प्रशासनिक नजदीकी बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया जा रहा है। इसके अलावा, इस दौरे से यह संदेश भी गया कि राज्य सरकार जनसंपर्क के माध्यम से लोगों के मुद्दों को गंभीरता से सुन रही है और उनके समाधान के लिए लगातार प्रयासरत है।

# हरियाणा के मुख्यमंत्री ने पंजाब में उद्योगपतियों से किया संवाद, इलेक्ट्रिक व्हीकल पार्क योजना का भी किया उल्लेख

**दैनिक समाज जागरण**

हरियाणा। मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी ने हाल ही में पंजाब के 'संत कबीर कुटीर' में उद्योगपतियों से महत्वपूर्ण संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने उद्योग जगत की भूमिका और हरियाणा में निवेश व औद्योगिक विकास की दिशा में सरकार की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योगपति देश में औद्योगिक क्रांति लाने में अहम





योगदान दे सकते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विजन का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2029 तक देश को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए हरियाणा निरंतर प्रयासरत है।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने भविष्य की तकनीकी और पर्यावरणीय आवश्यकताओं के मद्देनजर राज्य सरकार की योजना का भी खुलासा किया। उन्होंने बताया कि हरियाणा में इलेक्ट्रिक व्हीकल पार्क बनाने की दिशा में काम चल रहा है, जो न केवल रोजगार सृजन करेगा बल्कि हरियाणा को नवीनतम तकनीक और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बनाएगा।

इस अवसर पर उद्योगपतियों ने भी राज्य सरकार की पहल की सराहना की और निवेश व औद्योगिक विकास के लिए हरियाणा को उपयुक्त स्थल बताते हुए सहयोग की बात कही। मुख्यमंत्री ने इस संवाद को उद्योग और सरकार के बीच स्थायी साझेदारी स्थापित करने का महत्वपूर्ण कदम बताया।

# मुख्यमंत्री ने पटियाला के घन्नौर में रैली को संबोधित करते हुए पंजाब सरकार पर लगाए आरोप

**दैनिक समाज जागरण**

पटियाला, पंजाब। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी ने पटियाला के घन्नौर में आयोजित रैली को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने पंजाब सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश की महिलाओं और बुजुर्गों के लिए किए गए वादे अब तक पूरे नहीं हुए हैं। उन्होंने बताया कि महिलाओं को 1000 रुपये प्रतिमाह देने और बुजुर्गों की पेंशन 1500 से बढ़ाकर 2500 रुपये करने के वादे पूरे नहीं किए गए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में किसानों की फसलें एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) पर खरीदी नहीं जा रही हैं और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी आम जनता तक सही तरीके से



नहीं पहुंच पा रहा है। इसके विपरीत, हरियाणा में सरकार अपने संकल्प पत्र में किए गए वादों को लगातार पूरा कर रही है और जनता को सीधे लाभ उपलब्ध करवा रही है।

इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि हरियाणा सरकार की प्राथमिकता जनता की भलाई, किसान और मजदूर वर्ग के कल्याण तथा महिलाओं और बुजुर्गों के हितों को सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री के संबोधन में स्थानीय नागरिकों और कार्यकर्ताओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और हरियाणा सरकार की योजनाओं की सराहना की।

रैली में मुख्यमंत्री ने यह संदेश भी दिया कि जनता के लिए किए गए वादों को निभाना ही सच्ची जनसेवा है और हरियाणा सरकार इसी दिशा में लगातार प्रयासरत है।

# चंडीगढ़: मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को किया सम्मानित, धर्मपत्नी ने राज्यपाला को दिया आत्मीय अभिनंदन

**दैनिक समाज जागरण**

चंडीगढ़। चंडीगढ़ स्थित लोक भवन में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी ने राज्यपाल प्रो. अशीम कुमार घोष का शॉल ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया। यह कार्यक्रम सौहार्द और शिष्टाचार का प्रतीक रहा।

इसी अवसर पर मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती सुमन सैनी ने राज्यपाल की धर्मपत्नी श्रीमती मित्रा घोष का शॉल और पुष्पगुच्छ के साथ आत्मीय अभिनंदन किया। इस प्रकार कार्यक्रम ने राज्य प्रशासन और



नागरिकों के बीच स्नेहपूर्ण संबंधों को उजागर किया।

कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने इस पारंपरिक सम्मान समारोह की सराहना की और इसे राज्य के प्रशासनिक और सामाजिक सौहार्द के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

# हरियाणा: 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना' के तहत 10 लाख से अधिक महिलाओं ने किया आवेदन, 8 लाख को मिल रही सहायता

**दैनिक समाज जागरण**

हरियाणा। मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी ने जानकारी दी कि राज्य में संचालित दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत अब तक 10 लाख 255 महिलाओं ने आवेदन किया है। इसमें से 8 लाख महिलाओं को सहायता राशि प्रदान की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि अभी तक सरकार द्वारा दो किस्तों में लगभग 250 करोड़ रुपये की सहायता राशि महिलाओं के खातों में स्थानांतरित की जा चुकी है। उन्होंने प्रदेश की सभी महिलाओं से आग्रह किया कि वे योजना के तहत अपना पंजीकरण सुनिश्चित करें, ताकि पात्र लाभार्थियों तक योजना का लाभ सुगमता से पहुँचाया जा सके।

दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का उद्देश्य महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना और उन्हें वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है कि योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंचे और किसी को भी पात्रता के बावजूद लाभ से वंचित न रहना पड़े।

# दिल्ली: यमुना घाट की सफाई मुहिम में सैकड़ों युवाओं और समाजसेवियों ने बढ़ाया हाथ

**दैनिक समाज जागरण**

दिल्ली। छठ घाट, ITO पर आज सैकड़ों युवाओं और समाजसेवियों ने यमुना घाट की सफाई मुहिम में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अभियान का उद्देश्य न केवल घाटों की स्वच्छता सुनिश्चित करना था, बल्कि यमुना नदी के पुनर्जीवन और जनता की सक्रिय भागीदारी को भी बढ़ावा देना था।

साथियों ने एकजुट होकर घाटों से कचरा हटाया, कचरा प्रबंधन और सफाई के उपायों पर ध्यान दिया। इस मौके पर उपस्थित युवाओं ने कहा कि यमुना को फिर से स्वच्छ और निर्मल बनाना हमारा सामूहिक




दायित्व है।

कार्यक्रम में यह संदेश दिया गया कि स्वच्छ यमुना सिर्फ प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। दिल्ली ने संकल्प लिया है और दिल्ली उसे पूरा करेगी, इस भावना के साथ अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

घाटों की सफाई और यमुना पुनर्जीवन अभियान में युवाओं और समाजसेवियों की भागीदारी ने यह दिखा दिया कि जब जनभागीदारी और सरकारी प्रयास एक साथ हों, तो नदी और पर्यावरण की सुरक्षा के प्रयास और प्रभावी बनते हैं।

# गुरुग्राम में यमुना एक्शन प्लान के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक आयोजित

**दैनिक समाज जागरण**

गुरुग्राम, हरियाणा। यमुना नदी की सफाई और संरक्षण के लिए यमुना एक्शन प्लान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर गुरुग्राम में हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अहम समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बोर्ड के सदस्य सचिव श्री योगेश कुमार ने की।

बैठक में अवैध सीवर वेस्ट डंपिंग, टैंकर माफिया और गैरकानूनी औद्योगिक इकाइयों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट किया गया कि पर्यावरणीय नियमों और कानूनों का उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सदस्य सचिव ने कहा कि यमुना नदी की सफाई और जल गुणवत्ता बनाए रखना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि नियमित निरीक्षण, निगरानी और सख्त कार्रवाई के माध्यम से नदी प्रदूषण को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

बैठक में प्रदूषण नियंत्रण, अवैध निर्माण और औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन के सुधार के उपायों पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने आगे कहा कि यमुना एक्शन प्लान के तहत सभी परियोजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा ताकि नदी और आसपास के पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# बेरोजगारी एवं मूलभूत सुविधाओं को लेकर सोडा फैक्ट्री का घेराव 5 जनवरी को

**समाज जागरण**



बरगवा।नगर परिषद के उपाध्यक्ष, रासायनिक संयंत्र संघ PS4 भारतीय मजदूर संघ सोडा फैक्ट्री कास्टिक यूनिट के अध्यक्ष एवं व्हीकल संगठन के संरक्षक डॉ राज तिवारी ने पूर्व में ओरिएंट पेपर मिल कास्टिक सोडा यूनिट के प्रबंधक को ज्ञापन सौंप कर मूलभूत सुविधाओं को मुहैया कराने एवं कई बिंदुओं पर ज्ञापन दिया था । लेकिन प्रबंधन के द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान नहीं दिया गया जिससे जनजीवन पर बुरा प्रभाव पड रहा है। उन्होंने कहा कि बार-बार अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा कोई ठोस कदम नही उठाया गया । प्रमुख मांग ओरियंट पेपर मील्स ( सोडा यूनिट) द्वारा निकाला गया पानी जोकि सोन नदी में मिलता है उसे तत्काल बंद किया जाय।कई वर्षों से संचालित फैक्ट्री में कोई भी प्रभावित ग्राम वासियों को योग्यतानुसार काम नही दिया गया। मनीष तिवारी को मरणोपरांत आपके द्वारा किसी भी प्रकार की कोई राशि उसके परिवार जनो को नहीं दी गई जिससे उसके परिवार का भरण पोषण मुश्किल हो गया है। प्रभावित वार्ड क. 1-2-3 का आज दिनांक तक कोई समाधान नहीं किया गया। फैक्ट्री के अंदर कार्य कर रहे मजदूरो को आज दिनांक तक सेफ्टी-सु यूनिफार्म आदि प्रदान नही किया गया। सोडा फैक्ट्री कास्टिक सोडा यूनिट के उपकरण अत्यंत पुराने एवं खराब अवस्था में है। जिसमे आज तक कोई बदलाव नहीं किया गया। सोडा फैक्ट्री अस्पताल में कोई भी स्वास्थ सुविधा उपलब्ध नहीं है।उपरोक्त कारणों से जनमानस में भारी अकोश है। पूर्व में ज्ञापन में कहां गया था कि कार्यवाही नहीं की गई तो हम लोग मजबूर होकर फैक्ट्री बंद करने के लिए मजबूर हो फैक्ट्री के अन्दर कार्य कर रहे मजदूरी की आज दिनांक तक सेपटी शु आदि प्रदान नही किया गया एवं ओरिएंट पेपर मिल के बराबर छुट्टी भी नहीं मिलती है, में सुधार किया जाए ,पिछले शनिवार के दिन दो व्यक्तियों के काम करते समय दुर्घटना घटी जिसमे एक व्यक्ति को चोट लगी दूसरे के आख में कैमिकल जाने के कारण स्थिति गंभीर है । अन्दर काम कर रहे मजदूरों को डबल ओ०टी० का प्रावधान है। तिवारी ने कहा कि सोडा फैक्ट्री कास्टिक सोडा यूनिट प्रबंधन द्वारा विभिन्न मांगों पर किसी भी प्रकार का अमल नहीं किया गया जिस कारण 5 जनवरी को सोडा फैक्ट्री कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

# जमुना कॉलरी शासकीय हाई स्कूल के पीछे अवैध आधार सेंटर, मनमानी तरीके से वसूले जा रहे रुपए

**समाज जागरण**

अनूपपुर। जिले के पसान नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत जमुना कॉलरी स्थित शासकीय हाई स्कूल के पीछे संचालित नासिर ऑनलाइन सेंटर में आधार कार्ड से जुड़े कार्यों को अवैध तरीके से किए जाने की शिकायत सामने आई है। बताया जा रहा है कि यहां बिना अधिकृत परमिशन के आधार कार्ड बनाना, अपडेट करना एवं बायोमेट्रिक सुधार जैसे कार्य कराए जा रहे हैं, जिसके बदले मनमाने ढंग से रुपए वसूले जा रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, केंद्र संचालक द्वारा आधार पंजीकरण एवं संशोधन के नाम पर निर्धारित शुल्क से अधिक राशि ली जा रही है। कई आवेदकों ने आरोप लगाया है कि छोटे-छोटे संशोधन के लिए भी अतिरिक्त फीस ली जाती है, जबकि शासन द्वारा इन सेवाओं के लिए निश्चित शुल्क तय है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि सेंटर में किसी भी प्रकार का अनुमति प्रमाण पत्र, पंजीकृत एजेंसी कोड अथवा आधिकारिक प्रदर्शित दस्तावेज उपलब्ध नहीं है। सूत्रों के अनुसार, बिना यूआईडीएआई मान्यता के इस प्रकार का संचालन नियम विरुद्ध माना जाता है।

इसके बावजूद सेंटर में लगातार आधार संबंधित कार्य किए जा रहे हैं, जिससे लोगों के निजी डेटा के दुरुपयोग की आशंका भी जताई जा रही है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से मांग की है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाए तथा अधिकृत आधार सेवा केंद्रों की ही अनुमति दी जाए। यदि शिकायत सही पाई जाती है तो नियमों के उल्लंघन पर केंद्र संचालक के विरुद्ध कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

# नाबालिक को मिठाई खिलाने के बहाने जंगल ले जाकर बलात्कार करने वाले आरोपी को 24 घंटे में गिरफ्तार कर जेल भेजा

**समाज जागरण**

जैतहरी। को फरियादियां ने रिपोर्ट किया कि उसकी 6 वर्षीय नाबालिक लडकी को मिठाई खिलाने के बहाने जंगल ले जाकर शनी सहीश जो कि गांव मे ही रहता है ने बलात्कार किया है ' फरियादियां की रिपोर्ट पर आरोपी शनि सहीस पिता बिरझू सहीस उम्र 21 वर्ष निवासी जरियारी चौरा टोला थाना जैतहरी के विरुद्ध अपराध धारा 65(2), 351(3) बीएनएस एवं 3,4, 5, 6 पाक्सो एक्ट का कायम कर विवेचना मे लिया गया ।

दौरान विवेचना थाना जैतहरी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी शनि सहीस पिता बिरझू सहीस उम्र 21 वर्ष निवासी जरियारी चौरा टोला थाना जैतहरी की पता तलाश कर हिरासत में लेकर विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय से रिमांड प्राप्त कर जिला जेल दाखिल किया गया है । उक्त कार्यवाही मे पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर एवं अनुविभागीय अधिकारी ( पुलिस) अनूपपुर के मार्गदर्शन मे थाना जैतहरी के थाना प्रभारी निरी. अमर वर्मा,उनि अमरलाल यादव, सउनि सुरेश कुमार कोरी, सउनि जयसिंह,प्र आर 35 राजकुमार मार्को , प्र आर 55 विवेक त्रिपाठी ,महिला प्र आर संतोषी सिंह ,आर 312 मनीष सिंह तोमर महिला आर. मंजू भट्ट की सराहनीय भूमिका रही ।

# रीवा में दिन में सट्टा, रात में जुआ, राजू छैला बना अवैध कारोबार का सरताज

**समाज जागरण विजय तिवारी**

रीवा। रीवा ,जहाँ अपराधियों की पदोन्नति खुलेआम हो रही है। रीवा सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत राजू उर्फ छैला का नाम सट्टा-जुए की दुनिया में कोई नया नहीं है। शहर का हर सट्टा खिलाड़ी जानता है कि दिन में सट्टा खिलाने वाला राजू अब रात में बड़े आमदनी वाले जुए का सरताज बनता जा रहा है। बताया जा रहा है कि पहले छोटे स्तर पर सट्टा खिलाने वाला यह शख्स, अब हजारों-लाखों के दांव वाले जुए की फड़ का संचालन कर रहा है। हैरानी की बात यह है कि यह पूरा अवैध कारोबार रीवा सिटी कोतवाली पुलिस की नाक के नीचे फल-फूल रहा है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सन्नाटा पसरा है स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पदोन्नति मेहनत से नहीं, बल्कि सिस्टम की मेहरबानी से हुई है। सवाल यह है कि क्या अपराधियों के लिए भी प्रमोशन पॉलिसी बन चुकी है? क्या सट्टा-जुए का यह नेटवर्क किसी संरक्षण के बिना चल सकता है?

और आखिर कब तक आम जनता कानून के नाम पर तमाशा देखती रहेगी? रीवा में यह मामला न सिर्फ कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि अगर कार्रवाई नहीं हुई, तो अपराधियों की यह तरक्की शहर के लिए और भी घातक साबित हो सकती है। अब देखना यह है कि रीवा पुलिस जागती है या अपराधियों की पदोन्नति का सिलसिला यूँ ही जारी रहता है।

# विधायक ने धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण

**समाज जागरण**



शहडोल। विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत ढोलर स्थित धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि धान खरीदी केंद्र में आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने धान खरीदी की प्रक्रिया को पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध रूप से संपन्न कराने के निर्देश दिए। साथ ही धान खरीदी केंद्र में बारदाने एवं तिरपाल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश भी दिए। विधायक ने खरीदी केंद्र पर उपस्थित किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएँ एवं आवश्यक जानकारियाँ भी प्राप्त कीं। एसडीएम जयसिंहनगर सुश्री काजोल सिंह ने केन्द्र द्वारा अब तक उपार्जित धान, परिवहन तथा किसानों को किए गए भुगतान की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि धान उपार्जन केन्द्र में आने वाले किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। केन्द्र में उपार्जित धान को संभावित वर्षा से बचाव के लिए पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से ट्रैक्टर चालक घायल

**अनिल कुमार अग्रहरि/ समाज जागरण**



डाला/ सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के तेलगुड़वा परासपानी मार्ग पर रविवार सुबह अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से एक ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया ।

चोपन पुलिस से मिली जानकारी मुताबिक प्रयागराज के थाना क्षेत्र मुट्ठीगंज निवासी संतोष मिश्रा जो वाराणसी शक्तिनगर राजमार्ग पर ट्रैक्टर से हाथीनाला की तरफ जा रहे थे कि चोपन थाना क्षेत्र के तेलगुड़वा परासपानी मार्ग रविवार सुबह 4:20 बजे किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से सड़क हादसे का शिकार हो गए जिसके घायल होने की सूचना पर पहुंची चोपन पुलिस ने घायल संतोष मिश्रा को उपचार के लिए सीएचसी चोपन भेजवाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# MP में महंगाई के दौर में मजाक! पांच रुपये में 4 रोटी और ₹2 में सलाद, 8 साल से नहीं बढ़ा अस्पतालों में भोजन का बजट

**समाज जागरण**

प्रदेश के शासकीय कार्यालयों में जहां बड़े अधिकारी दिनभर में 40 से 60 रुपये का बोतल बंद पानी पी जाते हैं, तो अस्पतालों में रोगियों के भोजन के लिए सरकार एक समय का मात्र 24 रुपये ही दे रही है। इसमें नाश्ता और भोजन दोनों शामिल हैं। वर्ष 2014 तक रोगियों के भोजन का बजट प्रतिदिन 40 रुपये था, जिसे 2017 में 48 रुपये किया गया। तब से बढ़ोतरी नहीं की गई। इतनी ही राशि में दूध, फल और पौष्टिक भोजन देने का दावा किया जाता है, पर जिस तरह से महंगाई बढ़ी है उससे समझा जा सकता है कि रोगियों को भोजन कैसा मिल रहा होगा।

**आठ साल से नहीं बढ़ा बजट-:**

पिछले आठ वर्ष से बढ़ोतरी नहीं की गई, जबकि कच्चे माल जैसे दाल, चावल तेल आदि की कीमतें दो से तीन गुना तक बढ़ गई हैं। रेट लिस्ट में उल्लेखित दरें हास्यास्पद हैं। दो रुपये में एक कटोरी सलाद और पांच रुपये में चार रोटी देने की बात मेन्यू में लिखी है। दूध 68 रुपये लीटर मिल रहा है, पर मेन्यू में 10 रुपये में 250 एमएल दूध और चार बिस्कुट देने की बात है। ऐसे अन्य सामग्री की दरों को जोड़ते हुए 48 रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। इसमें भी रोगियों को भोजन उपलब्ध कराने वाले ठेकेदार कमाई कर रहा होगा तो सच्चाई में रोगी के खाने पर कितने रुपये खर्च किए जा रहे हैं, यह कहने की आवश्यकता नहीं है। सीएचसी, सिविल अस्पताल, जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज सभी जगह यही स्थिति है। शासकीय आयुर्वेद और होम्योपैथी अस्पतालों में भी यही दरें हैं। रोगी वैसे ही हैं, पर एम्स में खाने का बजट 150 रुपये प्रतिदिन है। वहीं गुजरात में 120 रुपये और राजस्थान में 78 रुपये निर्धारित है। मध्य प्रदेश में कैदियों के भोजन पर 60 से 70 रुपये खर्च किए जाते हैं।

**दो वर्ष से फाइलें ही चल रहीं-:**

सरकार में कई निर्णय तो मिनटों में हो जाते हैं पर रोगियों के भोजन के बजट की फाइल दो वर्ष से अधिक समय से चल रही है। दो वर्ष पहले बजट बढ़ाकर 200 रुपये प्रतिदिन करने का प्रस्ताव स्वास्थ्य संचालनालय की तरफ से भेजा गया, जिसे वित्त विभाग ने अस्वीकृत कर दिया।

उसके बाद दोबारा प्रस्ताव भेजा गया है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के अनुसार बढ़ी महंगाई के आधार पर निर्णय होगा।

# मुफ्त दवा का वादा निकला 'झूठा' , टढ के 51 जिलों में दवाइयों का अकाल, स्वास्थ्य विभाग की खुली पोल

**समाज जागरण रीवा**

। प्रदेश के जिला अस्पतालों में इलाज कराने पहुंच रहे मरीजों के लिए मुफ्त दवा का वादा कागजी साबित हो रहा है। प्रदेश के 51 जिलों के सिविल सर्जन दवा स्टोर (सीएस ड्रग स्टोर) इस समय दवाओं के संकट से जूझ रहे हैं। आलम यह है कि जो जिले दवाओं की उपलब्धता में टॉप रैंकिंग पर हैं, वहां भी 100 से अधिक प्रकार की दवाएं स्टाक में नहीं हैं। प्रदेश के कई जिलों में तो संकट इतना गहरा है कि करीब 40 प्रतिशत दवाएं उपलब्ध ही नहीं हैं। दवाओं के इस संकट की मुख्य वजह मप्र हेल्थ कॉर्पोरेशन की लचर व्यवस्था है। दरअसल, कॉर्पोरेशन रेट कॉन्ट्रैक्ट के माध्यम से दवाओं की खरीदी कर उन्हें अस्पतालों को सप्लाई करता है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि आवश्यक दवाओं की सूची (ईडीएल) में शामिल सभी दवाओं के लिए अब तक रेट कॉन्ट्रैक्ट की प्रक्रिया ही पूरी नहीं की जा सकी है। शासन की इसी सुस्ती के कारण अस्पतालों के रैक खाली हो रहे हैं।

**रीवा अव्वल फिर भी 102 दवाएं कम-:**

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में रीवा सिविल सर्जन दवा स्टोर आवश्यक दवा उपलब्धता के मामले में प्रदेश में पहले नंबर पर है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि यहां भी 102 तरह की दवाएं गायब हैं। दूसरे नंबर पर आगर मालवा और तीसरे नंबर पर टीकमगढ़ दवा उपलब्धता में है लेकिन यहां भी 103-103 तरह की दवाओं का स्टाक शून्य है।

**भोपाल-इंदौर, जबलपुर व ग्वालियर भी बेहाल**

बड़े शहरों के सिविल सर्जन स्टोर भी इस संकट से अछूते नहीं हैं। जबलपुर में 154, भोपाल में 140, इंदौर में 128 और ग्वालियर में 122 तरह की दवाएं मरीजों को नहीं मिल पा रही हैं। यहां स्टोर से गायब दवाओं में केवल सप्लीमेंट्स ही नहीं, बल्कि अति-आवश्यक जीवन रक्षक दवाएं भी शामिल हैं। बैंडेज और पट्टियां, एंटीबायोटिक, दर्द निवारक और मल्टीविटामिन तक उपलब्ध नहीं हैं।

**भर्ती मरीजों पर भी प्रभाव आवश्यक, दवाओं की कमी-:**

जिला अस्पताल में भर्ती और ओपीडी में इलाज कराने आने वाले मरीजों को प्रभावित करती है। दवाएं उपलब्ध न होने के कारण मरीजों को बाहर से दवाएं लेने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

# बैंक ऑफ बड़ौदा मुंबई ने शहडोल अकादमी को किया पराजित

**समाज जागरण विजय तिवारी**



धनपुरी ।नगर पालिका धनपुरी द्वारा आयोजित अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबाल टूनार्मेन्ट 2026 में दिनॉक-04 जनवरी 2026 को सुभाष स्टेडियम धनपुरी नं0-3 में प्रथम पाली में बैंक ऑफ बड़ौदा मुम्बई ने डी0एफ0ए0 शहडोल को 6 गोल से दी षिकस्त एवं द्वितीय पाली में राजस्थान पुलिस ने आर0के0एस0 नारायणपुर आश्रम छत्तीसगढ़ को 3-1 से पराजित कर रोमांचक मुकाबले मे जीत दर्ज की । दिनॉक-04 जनवरी 2026 को नगर पालिका धनपुरी द्वारा आयोजित अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबाल टूनार्मेन्ट 2026 में सुभाष स्टेडियम धनपुरी नं0-3 में प्रथम पाली में बैंक ऑफ बड़ौदा मुम्बई ने डी0एफ0ए0 शहडोल को 6 गोल से दी षिकस्त एवं द्वितीय पाली में राजस्थान पुलिस ने आर0के0एस0 नारायणपुर आश्रम छत्तीसगढ़ को 3-1 से पराजित कर रोमांचक मुकाबले मे जीत दर्ज की । आज के खेल के मुख्य अतिथि अजय अवस्थी जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी शहडोल, डा0 प्रभात पाण्डेय, पार्षद् शहडोल, पीयूष शुक्ला, प्रवक्ता शहडोल, त्रिपेष द्विवेदी, आई0पी0 सेल शहडोल, मो0 रहीष खान, स्पोट्स डीएफस सचिव, साबिर खान, मण्डल अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी धनपुरी, के आतिथ्य में खेला गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती रविन्दर कौर छाबड़ा, न0पा0परि0 धनपुरी एवं विषिष्ट अतिथि हनुमान प्रसाद खण्डेलवाल, उपाध्यक्ष एवं समस्त सभापति एवं पार्षदगणों की उपस्थित में एवं मैच की कमेन्टेटर अजय द्विवेदी एवं कलाम मोहम्मद द्वारा की गई एवं मंच संचालन पीयूष द्विवेदी के द्वारा किया गया ।

कल दिनॉक-05.01.2025 को खेला जायेगा दो पालियों में मैच, विवरण निम्न है -प्रथम पाली में 12.00 बजे से एम.ई. जी. बैंगलोर विरूद्ध राजस्थान पुलिस तथा दूसरा मैंच दोपहर 2.00 बजे से महू इन्दौर विरूद्ध एस.ई. रेल्वे हेडक्वार्टर नागपुर के बीच में खेला जायेगा । कूपन 10/- में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के तहत - एनरायड मोबाइल, 32 इन्च एल0 ई0डी0 टी0व्ही0, मिक्सर जूस ग्राइण्डर एवं सात्वना पुरूस्कार - 8 विजेताओं को एवं कूपन 100/- में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के तहत- मोटर साईकल हीरो स्प्लेण्डर, मोटर साईकल हीरो एच.एफ. डीलक्स, एवं सात्वना पुरूस्कार - 9 विजेताओं को उक्त लकी ड्रॉ दिनॉक-11.01. 2026 (रविवार) को सुभाष स्टेडियम धनपुरी नं0-3 में खेल समाप्ति के पष्चात लकी ड्रॉ सभी की उपस्थिति में खोला जावेगा , 3 बार नाम लेने पर अनुपस्थित होने पर अगली पर्ची खोली जावेगी । आप खेल प्रेमियों से आग्रह है कि सुभाष स्टेडियम धनपुरी नं0-3 में 12 बजे दिन फुटबाल खेल प्रारंभ से सायं खेल समाप्ति तक उपस्थित होकर कूपन राषि जमा कर कूपन प्राप्त कर सकेगें ।

# कानपुर में फांसी पर झूला बैक लगने से परेशान कर्वी चित्रकूट का बीए एम एस छात्र शैलेन्द्र

## – आईआईटी समेत कानपुर में पहले भी कई मेधावी छात्र कर चुके हैं आत्महत्या

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। उच्च शिक्षा ग्रहण करने के दौरान असफलता के रूप में आने वाली परेशानियां .प्रतिभावान युवाओं को भी मौत को गले लगाने के लिए मजबूर कर रही हैं। ऐसी घटना में चित्रकूट जिले के कर्वी में रहने वाले बीएएमएस के छात्र ने यहां अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आज रविवार को पोस्ट मार्टमकिए जाने के बाद उसके शव को परिवार वाले रोते बिलखते घर लेकर चले गए। वह अपने पेपर में बैक लगने से बहुत परेशान था और इसी वजह से उसने दुनिया को अलविदा कह दिया। बेटे की मौत से बदहवास पिता कानपुर नहीं आए। पुलिस द्वारा सूचित किए जाने पर शनिवार देर शाम मृतक शैलेंद्र कुमार (27) के कानपुर पहुंचे परिजन बड़े भाई लालेंद्र, जीजा उमाशंकर, मामा शंकर गुप्ता, भांजा मनी गुप्ता और लालेंद्र के तीन दोस्त सबसे पहले मंधना स्थित शैलेंद्र के कमरे पहुंचे। इसके बाद उसके कॉलेज के दोस्तों से जानकारी ली। इसबीच भाई लालेंद्र ने बताया कि 2020 से कोटा राजस्थान से नीट की तैयारी कर रहा



शैलेंद्र 2019 से घर से बाहर रह रहा था। इसके बाद 2021 में उसे रामा आयुर्वेदिक इंस्टीट्यूट में दाखिला मिला था। प्राइवेट हॉस्पिटल में जॉब करने वाले बड़े भाई ने बताया-सुसाइड से 30 मिनट पहले बहन और मेरी शैलेंद्र से बात हुई थी। बातचीत में ऐसा लगा ही नहीं कि वह सुसाइड कर लेगा। कुछ देर बाद घर में पुलिसवालों ने फांसी लगाई जाने की सूचना उसके परिवार को दी। जिसको सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया और शैलेंद्र के पिता बदहवास हो गए। घटना की संभावित वजह के बारे में जानकारी देते हुए भाई ने बताया मेधावी छात्र शैलेंद्र बैक लगने के बाद वह परेशान था। वह मूल रूप से चित्रकूट कर्वी का रहने वाला था। अवगत कराते चलें कि किसी मेधावी छात्र द्वारा आत्महत्या की यह घटना पहली नहीं है। इसके पहले भी इस महानगर में और भी कई छात्र इसी तरह से किसी ने किसी वजह से मौत को गले लगाने को मजबूर हो चुके हैं, जिसमें आईआईटी के छात्र द्वारा भी गत दिवस आत्महत्या किए जाने का प्रकरण चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मामले की जांच पुलिस लगातार कर रही है

# 30 घंटे के भीतर जघन्य अपराध का पुलिस ने किया खुलासा, मुठभेड़ के दौरान मुख्य अभियुक्त पप्पू यादव समेत तीन गिरफ्तार

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

ओबरा/ सोनभद्र। ओबरा पुलिस ने पॉक्सो और एससी/एसटी एक्ट से संबंधित एक जघन्य अपराध का 30 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए तीन वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में एक अभियुक्त घायल हो गया। यह गिरफ्तारी अपराध की रोकथाम और अपराधियों की धरपकड़ के अभियान के तहत की गई। मामला 2 जनवरी, 2026 को सामने आया था, जब ओबरा थाने में कलवंती देवी ने शिकायत दर्ज कराकर इंसाफ की गुहार लगाई थी। उन्होंने बताया कि उनकी 17 वर्षीय बेटी गेनमती, जो भलुआ टोला में मजदूरी करती थी, के साथ 30 दिसंबर, 2026 को भलुआ टोला के पूरब स्थित पहाड़ी पर राजगीर मिस्त्री पप्पू उर्फ बिंदू यादव और उसके दो साथियों ने कथित तौर पर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया और रात में अकेला



छोड़ धमकी देकर फरार हो गए। प्रकरण की संवेदनशीलता को देखते हुए, मिशन शक्ति केंद्र ओबरा के माध्यम से पीड़िता और उसकी मां से तत्काल संपर्क किया गया। उन्हें संवेदनशील वार्ता, काउंसलिंग और विश्वास बहाली के साथ कानूनी सहायता, सुरक्षा और आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया। शिकायत के आधार पर ओबरा थाने में मु.अ.सं.-08/2026, धारा 70 (2), 351(3) बीएनएस, 3/4 पॉक्सो एक्ट और 3(2)५ एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया और घटना की गंभीरता को देखते हुए, ओबरा थाना प्रभारी के नेतृत्व में दो विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। इन टीमों द्वारा लगातार दबिश दी जा रही थी ताकि वांछित अभियुक्तों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके। ओबरा सीओ अमित कुमार ने बताया, 3 और 4 जनवरी, 2026 की दरमियानी रात को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने बिल्ली मारकुंडी खदान क्षेत्र में अभियुक्तों की घेराबंदी की। वहां से अभियुक्त पप्पू उर्फ बिंदू यादव (उम्र करीब 30 वर्ष) और अर्जुन डोम (उम्र करीब 19 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया गया। इस दौरान तीसरा अभियुक्त करन डोम (उम्र करीब 28 वर्ष) भागने का प्रयास करते हुए पुलिस टीम पर फायरिंग करने लगा। आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में करन के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। पुलिस ने अभियुक्त करन डोम के कब्जे से एक .315 बोर का तमंचा, एक खोखा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। इस बरामदगी के आधार पर ओबरा थाने में धारा 109 बीएनएस और 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत एक नया मामला दर्ज किया गया है। घायल अभियुक्त को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उसका उपचार चल रहा है। मामले में आगे की कानूनी कार्यवाही जारी है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान पप्पू उर्फ बिन्दू यादव (पुत्र रवि यादव, निवासी कनहरा, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 30 वर्ष), अर्जुन डोम (पुत्र स्वर्गीय नन्हक डोम, निवासी भलुआ टोला मलिन बस्ती, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 19 वर्ष) और करन डोम (पुत्र चंद्रमणि डोम, निवासी सेक्टर-10 लंका कॉलोनी, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 28 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से एक देशी तमंचा .315 बोर, एक खाली खोखा कारतूस .315 बोर, एक जिंदा कारतूस .315 बोर, एक पुराना एंड्रॉइड मोबाइल फोन और कुल 380 रुपये नकद बरामद किए हैं। इस गिरफ्तारी और बरामदगी को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया, उपनिरीक्षक विष्णु प्रभा सिंह (चौकी प्रभारी कस्बा ओबरा), उपनिरीक्षक राम सिंह यादव, उपनिरीक्षक राजेश दूबे, हेड कांस्टेबल संतोष पटेल, हेड कांस्टे बल अवधेश कुमार, कांस्टेबल प्रवीण कुमार राय और कांस्टेबल पंकज पाल शामिल थे।

# रोमांचक मैच में पंडित दीनदयाल की टीम ने चोपन की टीम को 4 विकेट से हराया

**आज का मैच पंडित दीनदयाल व ओबरा के बीच टीसीडी मैदान पर सुबह खेला जाएगा.**

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जनपद के दुद्धी में चल रहे अंतरराज्यीय क्रिकेट टूनामेंट के छठवें मैच में रविवार को टीसीडी ग्राउंड पर चोपन व पंडित दीनदयाल नगर के बीच मैच खेला गया. दीनदयाल नगर के कप्तान योगेश राणा ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया. टाउन क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष सुमित सोनी व सचिव रजत राज ने संयुक्त रूप से बताया कि रविवार की क्रिकेट मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए चोपन की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 235 रन बनाए. जिसमें आकाश ने 12 छक्का और 7 चौकों की मदद से 115 रन बनाए. प्राण पासवान ने 4 चौकों की मदद से 25 रन बनाए. ओम तिवारी ने 31 रन अपने टीम के लिए अर्जित किया. गेंदबाजी करने के लिए उतरी पंडित दीनदयाल की टीम के खिलाड़ी योगेश ने अपने निर्धारित 4 ओवरों में 34 रन देकर दो विकेट हासिल किया. अरमान आलम ने 4 ओवर में 38 रन देकर एक विकेट हासिल किया. अजमत ने 4 ओवरों में 56 रन देकर अपने टीम के लिए एक विकेट हासिल किये. दूसरी पाली में बल्लेबाजी करने उतरी पंडित दीनदयाल की टीम ने 17.5 ओवर में 6 विकेट खोकर 240 रन बनाए. जिसमें आपकी ने 12 छक्का और 10 चौकों की मदद से 132 रन बनाए. योगेश ने तीन छक्का और पांच चौके की मदद से 42 रन बनाए. अरमान ने एक छक्का एक चौके की मदद से 12 रन बनाएं. गेंदबाजी करते हुए चोपन की टीम ने आदित्य चार ओवर में 29 रन देकर दो विकेट हासिल किये. आकाश ने 3.5 ओवर में 31 रन देकर दो विकेट हासिल किये. विनीत ने 4 ओवर में 46 रन लेकर एक विकेट हासिल किया. इस तरह पंडित दीनदयाल की टीम ने चोपन की टीम को चार विकेट से पराजित किया. पंडित दीनदयाल की टीम के खिलाड़ी आकिफ को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मुख्य अतिथि डॉ. शाह आलम अंसारी द्वारा पुरस्कृत किया गया. मैच के निर्णायक गौस मोहम्मद खाँ व इकबाल कुरैशी रहे. कमेंटेटर की भूमिका ओंकार, अंकुर व इरफान खिलाड़ी ने निभाई. स्कोरर अयाज रहे. आज का मैच पंडित दीनदयाल और ओबरा के बीच सुबह 10 बजे टीसीडी खेल मैदान पर खेला जाएगा।

## जहरीला पदार्थ खाकर विकलांग किशोरी ने दी जान

**समाज जागरण**

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सामियाना में शनिवार की शाम 15 वर्षीय विकलांग किशोरी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार थाने के सामियाना गांव निवासी स्व0 रामभरोसे की पुत्री कोमल देवी बचपन से ही विकलांग थी। बताते हैं कि शनिवार की शाम लगभग चार बजे उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो उसे तत्काल सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान देर शाम साढ़े सात बजे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

**समाज जागरण**

फतेहपुर। चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सठिगवां के समीप शनिवार की देर शाम बाइकों की भिड़ंत में 34 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए अस्पताल ला रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जहानाबाद थाना क्षेत्र के नारायनपुर गांव निवासी स्व0 रामसजीवन का पुत्र पंकज सिंह बाइक से शहर किसी काम से आया था। शाम को घर वापस जाते समय जब वह चांदपुर थाने के सिकठिया गांव के पास पहुंचा तभी दूसरी ओर से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजन उसे लेकर अस्पताल आ रहे थे तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## संदिग्ध हालत में वृद्ध सहित दो की मौत

**समाज जागरण**

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत शनिवार की शाम संदिग्ध अवस्था में वृद्ध सहित दो लोगों की हालत बिगड़ गई। उपचार के लिए अस्पताल ला रहे थे तभी रास्ते में उनकी मौत हो गई। परिजनों ने मौत का कारण ठण्ड लगना बताया है। जानकारी के अनुसार असोथर थाना क्षेत्र के रिठवां गांव निवासी स्व0 छक्कू का पुत्र हरिश्चन्द्र देर शाम खेत में जानवर हकाने गया था। लौटते समय उसकी हालत बिगड़ने लगी। घर पहुंचने पर अचेत होकर गिर गया। जिस पर परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल लाने लगे तभी उसकी रास्ते में मौत हो गई। इसी प्रकार चांदपुर थाना क्षेत्र के अमौली निवासी विशंभरदेव पाण्डेय का 32 वर्षीय पुत्र कुलदीप कुमार पाण्डेय खेत में पानी लगाकर जैसे ही घर पहुंचा तभी उसके सीने में तेज दर्द होने लगा। कुछ देर बाद मौके पर ही गिरकर उसकी मौत हो गई। परिजनों ने इसकी जानकारी पुलिस को दे दी। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में दोनों शवों के परिजनों ने मौत का कारण ठण्ड लगना बताया है।

## नवविवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**समाज जागरण**

फतेहपुर। डेढ़ माह पूर्व ब्याह कर अपनी ससुराल पहुंची 24 वर्षीय विवाहिता ने शनिवार की शाम घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने पूछताछ हेतु पति व ससुर को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली के मुहल्ला गढ़ी निवासी प्रमोद की पत्नी तुलसी देवी ने शनिवार की शाम संदिग्ध अवस्था में घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस आए मृतका के बड़े भाई शिवमूरत निवासी खासमऊ थाना खागा ने बताया कि मौत का कारण वह बता नहीं सकता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही वह ससुरालीजनों पर कार्रवाई करवाएगा।

## छत से गिरकर बालिका घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के ग्राम ढकौली में रविवार की सुबह छत पर खेल रही 10 वर्षीय बालिका गिरकर घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार ढकौली गांव निवासी प्रदीप कुमार की पुत्री एंजल कुछ सहेलियों के साथ छत पर खेल रही थी। तभी अचानक पैर फिसल जाने से नीचे गिरकर घायल हो गई। परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# धार्मिक स्थल, सांस्कृतिक मयार्दा और दोहरा चरित्र : एक जरूरी सवाल।

**समाज जागरण**

फतेहपुर जनपद के कस्बा बिन्दकी नहर स्थित ईदगाह परिसर में आयोजित एक कथित टूनार्मेंट के दौरान लगाए गए रंगारंग मंच पर हुए कार्यक्रम ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों और सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो-तस्वीरों के अनुसार, मंच पर ऐसे नृत्य प्रस्तुत किए गए जिनमें कलाकार अर्धनग्न व अश्लील माने जाने वाले परिधानों में दिखाई दिए। यह पूरा आयोजन एक ऐसे स्थल पर हुआ, जिसे स्थानीय लोग धार्मिक आस्था से जोड़कर देखते हैं। सबसे बड़ा प्रश्न यह नहीं है कि किसी आयोजन में कौन-सा नृत्य प्रस्तुत किया गया, बल्कि यह है कि क्या किसी भी धर्म से जुड़े धार्मिक स्थल की मयार्दा के अनुरूप इस तरह के कार्यक्रम उचित माने जा सकते हैं? और यदि नहीं, तो इसकी अनुमति किस स्तर पर और किन शर्तों पर दी गई? अब तक ईदगाह कमेटी की ओर से इस विषय में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। ऐसे में स्वाभाविक है कि आमजन के मन में यह सवाल उठे कि क्या कमेटी को कार्यक्रम की प्रकृति की पूर्व जानकारी थी, या फिर आयोजन के दौरान परिस्थितियाँ नियंत्रण से बाहर चली गईं। दोनों ही स्थितियों में जवाबदेही तय होना आवश्यक है। यह मुद्दा केवल किसी एक धर्म, एक स्थल या एक कमेटी



तक सीमित नहीं है। यह समाज के उस दोहरे चरित्र को भी उजागर करता है, जिसमें एक ओर भारतीय संस्कृति, सभ्यता और मयार्दा की दुहाई दी जाती है, वहीं दूसरी ओर ऐसे कार्यक्रमों पर चुप्पी साध ली जाती है—खासकर तब, जब मामला अपने ही समुदाय या प्रभाव क्षेत्र से जुड़ा हो। अक्सर देखा गया है कि सार्वजनिक स्थलों या अन्य आयोजनों में महिलाओं के पहनावे को लेकर विभिन्न संगठन नैतिकता का पाठ पढ़ाते हुए झुंड बनाकर धार्मिक प्रवचन देते नजर आते हैं। लेकिन जब सवाल किसी धार्मिक स्थल पर हुए कथित फूहड़ या आपत्तिजनक कार्यक्रम का उठता है, तो वही संगठन और स्वयंभू संस्कृति-रक्षक मौन धारण कर लेते हैं। यह चयनात्मक नैतिकता आखिर क्यों? यह लेख किसी व्यक्ति, संस्था या समुदाय को दोषी ठहराने के उद्देश्य से नहीं, बल्कि एक सार्व जनिक विमर्श शुरू करने के लिए है। धार्मिक स्थल किसी भी धर्म के हों—मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा या चर्च—उनकी गरिमा समान रूप से सम्मान की पात्र है। यदि ऐसे स्थलों पर होने वाले आयोजनों की मयार्दा तय नहीं की जाएगी, तो यह सामाजिक सौहार्द और धार्मिक भावनाओं—दोनों के लिए घातक हो सकता है। अब आवश्यकता है कि ईदगाह कमेटी स्पष्ट करे कि आयोजन की अनुमति किन शर्तों पर दी गई थी, कार्यक्रम की निगरानी किसके जिम्मे थी और भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बने, इसके लिए क्या कदम उठाए जाएंगे। साथ ही, प्रशासन और सामाजिक संगठनों को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के नाम पर किसी भी धार्मिक स्थल की गरिमा से समझौता न हो।

# पार्टनर ने अपने साथियों से मिलकर ट्रांसपोर्टर पार्टनर को किया मारपीट कर मरणासन्न उपचार के दौरान मौत

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! थाना उत्तर के ककरऊ मैं शनिवार की रात पार्टनर ने ट्रांसपोर्टर पार्टनर को मारपीट गंभीर रूप से घायल करने के साथ मरणासन्न हालत थाना नारखी के गांव शाहपुर के समीप फैक कर फरार हो गए सरकारी एंबुलेंस और पुलिस उसे उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आई जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया
जनपद आगरा के थाना ट्रांस यमुना कॉलोनी क्षेत्र के मोहल्ला महावीर नगर निवासी बालमुकुंद पुत्र जय राम की हाथी घाट पर मां भवानी ट्रांसपोर्ट नाम की कंपनी है उसकी एक शाखा फिरोजाबाद में भी है परिजनों ने बताया जिसमें गजेंद्र पार्टनर है उससे दो माहपूर्व पैसों के लेन देन को लेकर विवाद हो गया था आरोप है कि बालमुकुंद अपने साथी शंकर चौधरी के साथ कैंटर में माल लाद कर थाना उत्तर के ककरऊ आया था जिसकी जानकारी गजेंद्र को हो गई



वह अपने साथियों के साथ वहां पहुंच गया और उसने बालमुकुंद और शंकर चौधरी के साथ मारपीट कर कैटर सहित थाना नारखी के शाहपुर की तरफ ले गया और बालमुकुंद और शंकर चौधरी के साथ जमकर मारपीट की जिसमें बालमुकुंद की कई हड्डियां टूट गई और मरणासन्न हालत में छोड़कर फरार हो गए बालमुकुंद सर्दी की रात में वही पड़ा रहा सुबह लोगों ने जब देखा तब सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस और 108 एम्बुलेंस उसे उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आई जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया इधर घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गए जिनमें कोहराम मच गया स्वास्थ्य कर्मियों ने शव को पोस्टमार्टम गृह में रखवा दिया है इधर एसपी सिटी रवि शंकर का कहना है कि बालमुकुंद और गजेंद्र करीब 30 साल से पार्टनरशिप में ट्रांसपोर्टर चला रहे है पैसे के लेन-देन को लेकर इतना विवाद हो गया था गजेंद्र ने अपने साथियों के साथ इसके साथ मारपीट की जिसके कारण उसकी मौत हो गई है गजेंद्र का एक साथी हिरासत में ले लिया गया है और शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है पुलिस ने मृतक की पत्नी रूबी दुबे की तहरीर पर गजेंद्र और पिंटू पुत्रगण मोने सिंह नितिन और अंकुश पुत्रगण गजेंद्र के खिलाफ धारा103(1)3(5) मैं मुकदमा पंजीकृत किया है पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है!

# पीडीए की बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा 10 प्रतिशत 90 पर भारी

**आगामी चुनावों में दस प्रतिशत वाले लोगों की बातों में ना आएं**

**पाठाशाला के बाद सपाइयों ने जरूरत मंद ग्रामीणों को बांटे कंबल**

**समाज जागरण**

शिकोहाबाद। समाजवादी पार्टी द्वारा गांव डंडियामई स्थित शाला पर एक पीडीए की मीटिंग की। इसमें मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष और पूर्व एमएलसी के अलावा अन्य वक्ता रहे। कार्यक्रम आयोजिकों ने सभी अतिथियों का मुकुट और शाल उढ़ा कर सम्मानित किया। इसके बाद ग्रामीणों को कंबल वितरण किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ने कहा कि दस प्रतिशत लोग 90 प्रतिशत लोगो पर कर रहे हैं राज। कार्यक्रम सतेंद्र सिंह और राधाकशन यादव उर्फ दद्दा ने आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोनेलाल जाटव ने की। मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव, विशिष्ट अतिथि पूर्व एमएलसी डा. दिलीप यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष रामसेवक यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख श्रीनाथ यादव, पूर्व प्राचार्य एके इंटर कालेज दिनेश यादव, गौरव यादव का सतेंद्र यादव और राधाकिशन यादव ने मुकुट पहना कर और शाल



उढ़ा कर सम्मानित किया। इस दौरान वक्ताओं ने समाजवादी पार्टी के पीडीए फामूर्ले पर चर्चा की। पार्टी के जिलाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव ने कहा कि हम हिन्दू नहीं यादव हैं। समाजबादी पार्टी की पीडीए की पाठशाला में एक नयी हिन्दू धर्म की व्याख्या सुनने को मिली। मीटिंग में मनुस्मृति का विरोध किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कोई मुख से जन्म लेता है, कोई भुजाओं से जन्म लेता है तो कोई पेट से जन्म लेता है। लेकिन हम लोग तो मां की कोख से जन्म लेते हैं। इस लिए हम इंसान हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में सर्वाधिक दलित पिछडों पड्ड अत्या चार हुआ है। समाजवादी पार्टी की पाठशाला में ये समझाया गया हम 90 प्रतिशत हैं और 10 प्रतिशत ने हम पड्ड कब्जा कर लिया हैं। हमें दस प्रतिशत ने कैसे मुर्ख बनाया हैं। पीडीए का मतलब दलित पिछड़ा और अल्पसंख्यक हैं। हम लोग को दस प्रतिशत मुर्ख बनाकर सत्ता पड्ड काबिज हैं, और हम 90 प्रतिशत होने के बाबजूद सत्ता से बाहर हैं।

समाजवादी पार्टी के नेता राम सेवक यादव दिलीप यादव गौरव यादव सहित कई नेताओं ने भी अपने विचार रखे। आगामी वर्ष 2027 के विधान सभा चुनावों और त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में समाजवादी पार्टी को जिताने का मंत्र दिया। इस दौरान कार्यक्रम में आये हुए सभी ग्रामीणों को सर्द मौसम से बचने के लिए कंबल वितरण भी किया गया। सतेंद्र यादव ने बताया कि 2500 कंबलों को बांटा गया। कंबल पाकर ग्रामीण लोगों के चेहरे पर खुशी दिखी।

# जखइया मेला में श्रद्धालुओं ने मंदिर में किये दर्शन

*एका: क्षेत्र के पेड़त गांव स्थित प्रसिद्ध जखइया मेला में श्रद्धालुओं अपने मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चन दर्शन किए।*

**समाज जागरण**

माघ माह में लगने वाले इस ऐतिहासिक मेले में दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ दर्शन-पूजन किया। रात्रि 12 बजे जैसे ही दर्शन का समय शुरू हुआ, मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की होड़ लग गई।श्रद्धालुओं ने बड़े मंदिर में पहुंचकर जखैया महाराज के दर्शन किए और नारियल व प्रसाद चढ़ाकर मन्नतें मांगीं। इसके बाद छोटे मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना की। मेले में आए कई श्रद्धालुओं ने अपने साथ आए बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया।
पूरे मेला परिसर में धार्मिक माहौल



बना रहा। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस बल तैनात रहा और स्वयंसेवकों द्वारा श्रद्धालुओं को दर्शन कराने में सहयोग किया गया। मेले में दुकानों और झूलों पर भी लोगों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। ग्राम प्रधान भंवर पाल सिंह ने बताया कि ठंड की वजह से इस रविवार को बहुत कम श्रद्धालु आए हैं। अगली शनिवार और रविवार को काफी संख्या में जातियों श्रद्धालूओ की भीड़ होने की आशंका है।

# महिला की उपचार के दौरान मौत परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद सरकारी ट्रामा सेंटर में उपचार के लिए लाई गई महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा कांटा और शव को पुनः ट्रामा सेंटर में रख दिया थाना रसूलपुर के गांव मोडा निवासी 43 वर्षीय गुड़िया पत्नी दीपक शुक्ला को उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर में लाया गया था जहां चिकित्सक ने उसे भर्ती कर उसका उपचार शुरू कर दिया परिजनों का आरोप है कि चिकित्सक ने कोई इंजेक्शन लगा दिया जिसके फल स्वरूप महिला की मौत हो गई स्वास्थ्य कर्मी शव को एंबुलेंस द्वारा



घर भिजवा रहे थे तभी उन्होंने हंगामा काटते हुए पुनः शव को ट्रामा सेंटर के अंदर ले गए और हंगामा करने लगे काफी देर तक हंगामा चलता रहा इसकी जानकारी सीएमएस डॉक्टर नवीन जैन और डॉक्टर अभिषेक को मिली तो वह भी सरकारी ट्रामा सेंटर पहुंच गए हैं अगर घटना की जानकारी मिलते ही कांग्रेस जिला अध्यक्ष रामनिवास यादव भी पहुंच गए जिन्होंने समझा बूझकर परिजनों को शांत कराया तत्पश्चात सबको पोस्टमार्टम के लिए विच्छेदन गृह में भिजवा दिया है!

# राह-वीर: बिना किसी डर के जीवन बचाएं - नेक आदमी की सुरक्षा यह सुनिश्चित करती है कि आपको किसी भी बात की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है

सड़क दुर्घटना के दौरान हर पल महत्वपूर्ण होता है, विशेषकर उस महत्वपूर्ण गोल्डन आवर में जब समय पर सहायता मिलने से किसी की जान बच सकती है। ऐसे क्षणों में आगे आने वाले लोगों का समर्थन और सुरक्षा करने के लिए, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने मोटर वाहन (संशोधन) अधिनियम, 2019 की धारा 134ए के तहत 2020 में गुड समैरिटन रूल्स अधिसूचित किए। ये नियम एक सरल विश्वास पर आधारित हैं - दुर्घटना पीड़ित की सहायता करने वाले किसी भी व्यक्ति को ऐसा करने से कभी डरना नहीं चाहिए। जो लोग साहस दिखाते हुए किसी घायल अजनबी को उठाकर, अक्सर उसका नाम भी जाने बिना, उसे निकटतम अस्पताल ले जाते हैं, उन्हें राह-वीर कहा जाता है। किसी दुर्घटना पीड़ित की सहायता करने वाले नेक आदमी को कानूनी झंझटों में नहीं फंसाया जा सकता, उससे व्यक्तिगत जानकारी देने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता या उसे अनावश्यक रूप से हिरासत में नहीं लिया जा सकता है। उनकी सहायता करने की इच्छा का सम्मान किया जाता है और उनकी गरिमा और निजता की रक्षा की जाती है।

### गोल्डन आवर में जीवन बचाना

कानून के अनुसार, गंभीर चोट लगने के बाद का पहला घंटा 'गोल्डन आवर' कहलाता है जो चिकित्सा सहायता के लिए सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। इस अवधि के दौरान त्वरित सहायता से आजीवन विकलांगता, आघात और अनगिनत मौतों को रोका जा सकता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि राह-वीर बनने के लिए आपको चिकित्सा प्रशिक्षण की आवश्यकता नहीं है। आपको विशेष उपकरणों की भी आवश्यकता नहीं है। कभी-कभी, आपकी सहायता करने की इच्छा ही सबसे बड़ी सहायता होती है। एक नेक आदमी बननाः आपको जानना चाहिए - क्या करें और क्या न करें क्या करेंः आपके अधिकार और जिम्मेदारियां बिना किसी डर के सहायता करेंः सद्भावना से कार्य करने पर आपको कानूनी रूप से नागरिक या आपराधिक दायित्व से सुरक्षा प्राप्त है। यह जान लें कि आप गुमनाम रह सकते हैंः जब तक आप गवाह बनना न चाहें, तब तक आपको व्यक्तिगत विवरण साझा करने की आवश्यकता नहीं है। कृपया केवल एक बार ही पुलिस को बयान दे सकते हैंः यदि आप गवाह के रूप में स्वेच्छा से उपस्थित होते हैं तो आपकी सुविधानुसार किसी भी समय और स्थान पर आपसे एक बार पूछताछ की जा सकती है। अस्पताल से रसीद अवश्य प्राप्त करेंः आपको इस बात की साधारण पुष्टि प्राप्त करने का अधिकार है कि आप पीड़ित को उपचार के लिए लाए थे।
क्या न करेंः वे मिथक जिन पर आपको विश्वास नहीं करना चाहिए कानूनी चिंताओं के कारण संकोच न करेंः यह प्रणाली राह-वीरों की रक्षा के लिए बनाई गई है। अस्पताल में रुकने के लिए बाध्य महसूस न करेंः एक बार मरीज को भर्ती कर लिया जाए तो आप जाने के लिए स्वतंत्र हैं। इलाज के लिए भुगतान न करेंः अस्पताल आपातकालीन देखभाल के लिए आपसे भुगतान की मांग नहीं कर सकते। एफआईआर दर्ज कराने या गवाही देने के लिए खुद को बाध्य महसूस न करेंः गवाह बनना आपकी व्यक्तिगत पसंद है। यदि आप गुमनाम रहना पसंद करते हैं तो व्यक्तिगत विवरण प्रकट न करेंः यह आपका अधिकार है। अधिकारियों द्वारा हिरासत में लिए जाने की अनुमति न देंः इसकी अनुमति नहीं है।

### हमें और अधिक राह-वीरों की आवश्यकता है

बेहतर सड़कों और बढ़ते बुनियादी ढांचे के बावजूद, भारत में सड़क दुर्घटनाओं में घायल होने और मरने वालों की संख्या में चिंताजनक वृद्धि हो रही है। इसके अलावा, भारत दुनिया में सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाओं वाले देशों में से एक है। वास्तव में, माननीय केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने कहा कि इन दुर्घटनाओं का आर्थिक प्रभाव बहुत बड़ा है जिससे देश को अपने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 3 प्रतिशत नुकसान होता है। यह आईआईटी दिल्ली की एक रिपोर्ट में बताया गया है। सड़कें लोगों को जोड़ने और अवसर पैदा करने के लिए होती हैं, फिर भी अक्सर वे दुखद, रोकी जा सकने वाली दुर्घटनाओं का कारण बन जाती हैं। इनमें से कई मौतें इसलिए नहीं होती कि सहायता संभव नहीं थी बल्कि इसलिए होती हैं क्योंकि सहायता समय पर नहीं पहुंच पाती। राहगीर अक्सर पुलिस की पूछताछ, अस्पताल की प्रक्रियाओं या कानूनी पेचीदगियों के डर से दुर्घटना पीड़ितों की सहायता करने में हिचकिचाते हैं। इस हिचकिचाहट के कारण गोल्डन आवर के कीमती मिनट बर्बाद हो जाते हैं, जब समय पर चिकित्सा देखभाल जीवन बचा सकती है।

### राह-वीरों के लिए मान्यता और वित्तीय सहायता

राह-वीर (नेक आदमी) योजना इन व्यक्तियों को वित्तीय मान्यता भी प्रदान करती है और उन्हें वास्तविक जीवन के नायकों के रूप में सम्मानित करती है जिन्होंने संकोच के बजाय करुणा को चुना। इस योजना के तहत, जो भी व्यक्ति दुर्घटना पीड़ित को गोल्डन आवर के भीतर चिकित्सा सहायता दिलाने में मदद करता है, उसे 25,000 रुपये का पुरस्कार और प्रशंसा पत्र दिया जाता है। साथ ही, बहादुरी के ऐसे कार्यों को दोहराने पर साल में पांच बार तक यह सम्मान प्राप्त किया जा सकता है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह योजना आत्मविश्वास, भरोसा और एक ऐसी संस्कृति को बढ़ावा देती है जहां सड़क पर दूसरों की सहायता करना एक साझा जिम्मेदारी और राष्ट्र के लिए गर्व होता है।

राह-वीर केवल एक योजना या नीति से कहीं बढ़कर है। यह साहस, सहानुभूति और सामूहिक जिम्मेदारी है। अगली बार जब आप कोई दुर्घटना देखें, तो याद रखेंः त्रासदी और जीवन के बीच आप ही एकमात्र उम्मीद हो सकते हैं। और किसी की जान बचाने के लिए आपको डॉक्टर होने की जरूरत नहीं है, बस इंसान होना जरूरी है।

## वाराणसी में 72वें राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूनार्मेंट के उद्घाटन के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री के संबोधन का मूल पाठ

हर हर महादेव। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक जी, यूपी सरकार में मंत्री भाई रविंद्र जायसवाल, दयाशंकर जी, गिरीश यादव जी, बनारस के मेयर भाई अशोक तिवारी जी, अन्य जनप्रतिनिधिगण, वॉलीबॉल एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी, देश भर से आए सभी खिलाड़ी, काशी के मेरे परिवारजनों, नमस्कार। आज काशी के सांसद के नाते आप सभी खिलाड़ियों का स्वागत और अभिनंदन करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। आज से काशी में नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ हो रहा है। आप सभी खिलाड़ी बहुत कड़ी मेहनत के बाद इस नेशनल टूनार्मेंट तक पहुंचे हैं। आपने जो मेहनत की है, आने वाले दिनों में काशी के मैदान पर उसकी परीक्षा होगी। वैसे मुझे बताया गया है कि देश के 28 राज्यों की टीमें यहां जुटी हैं। यानी आप सब एक भारत, श्रेष्ठ भारत, की बहुत सुंदर तस्वीर भी प्रस्तुत कर रहे हैं। मैं इस चैंपियनशिप में हिस्सा ले रहे सभी खिलाड़ियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। हमारे यहां बनारसी में कहा जाता है, बनारस के जानल चाहत हउव, त बनारस आवे के पड़ि, तो आप लोग बनारस आ गए हैं, और अब बनारस को जान भी जाएंगे। हमारा बनारस खेल प्रेमियों का शहर है। कुश्ती, कुश्ती के अखाड़े, मुक्केबाजी, नौका दौड़, कबड्डी, ऐसे कई खेल यहां बहुत मशहूर हैं। बनारस ने कई खेलों के नेशनल खिलाड़ी भी दिए हैं। बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी, यूपी कॉलेज, काशी विद्यापीठ जैसे शिक्षा संस्थानों के खिलाड़ी, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर छाए रहे हैं। और काशी तो हजारों वर्षों से उन सबका सत्कार करती आई है, जो ज्ञान और कला की साधना के लिए यहाँ जाते हैं। और इसलिए मुझे विश्वास है, नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप के दौरान बनारस का जोश हाई रहेगा। आप सभी खिलाड़ियों को उत्साह बढ़ाने वाले दर्शक भी मिलेंगे और काशी की आतिथ्य परंपरा को जीने का अवसर भी मिलेगा। वॉलीबॉल एक साधारण स्पोर्ट्स नहीं है, नेट के इस पार और उस पार, दोनों तरफ, यह संतुलन का खेल है, यह सहयोग का खेल है, और इस खेल में संकल्पशक्ति भी दिखती है। यानी बॉल को हर कीमत पर ऊपर ही उठाना है। वॉलीबॉल हमें टीम स्पिरिट से जोड़ती है। वॉलीबॉल के हर खिलाड़ी का मंत्र होता है- Team First, हर कोई भले ही अलग-अलग स्किल्स का हो, लेकिन सभी प्लेयर्स अपनी टीम की जीत के लिए खेलते हैं। और मैं तो भारत की डेवलपमेंट स्टोरी और वॉलीबॉल में भी बहुत सी बातें कॉमन देखता हूं। वॉलीबॉल हमें सिखाती है कि कोई भी जीत, अकेले नहीं होती। हमारी जीत हमारे कोऑर्डिनेशन, हमारे विश्वास और हमारी टीम की तत्परता पर निर्भर होती है। हर किसी की अपनी भूमिका है,अपनी जिम्मेदारी है। और हम तभी सफल होते हैं, जब हर कोई अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाता है, गंभीरता से निभाता है। हमारा देश भी इसी तरह आगे बढ़ रहा है। स्वच्छता से डिजिटल पेमेंट तक और एक पेड़ मां के नाम से लेकर विकसित भारत के अभियान तक हम इसलिए प्रगति कर रहे हैं

# डिजाइन आधारित प्रोत्साहन योजना

भारत के सेमीकंडक्टर डिजाइन इकोसिस्टम को बढ़ावा सेमीकंडक्टर चिप डिजाइन मुख्य मूल्य चालक है, जो मूल्य वर्धन में 50 प्रतिशत तक, सामग्री सूची [बिल ऑफ मटीरियल्स (बीओएम)] की लागत में 20 50 प्रतिशत और फैबलेस सेगमेंट के जरिए वैश्विक स्तर पर सेमीकंडक्टर की बिक्री में 30 35 प्रतिशत का योगदान देता है। सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) की डिजाइन आधारित प्रोत्साहन (डीएलआई) योजना का उद्देश्य एक आत्मनिर्भर और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी चिप डिजाइन इकोसिस्टम बनाना है।
24 डीएलआई- समर्थित चिप डिजाइन परियोजनाएं वीडियो सर्विलांस, ड्रोन डिटेक्शन, एनर्जी मीटरिंग , माइ क्रोप्रोसेसर, सैटेलाइट कम्युनिकेशन और आईओटी एसओसी सहित रणनीतिक क्षेत्रों को लक्षित करती हैं। डीएलआई-समर्थित परियोजनाएं तेजी से बढ़ रही हैं, जिनमें 16 टेप-आउट, 6 एएसआईसी चिप, 10 पेटेंट, 1,000 से अधिक इंजीनियर काम कर रहे हैं और 3 गुना से अधिक निजी निवेश का सदुपयोग किया गया है। भारत सेमीकंडक्टर से जुड़ी अपनी महत्वाकांक्षाओं को तेजी से आगे बढ़ा रहा है। वह सेमीकंडक्टर चिप को स्वास्थ्य सेवा, परिवहन, संचार, रक्षा, अंतरिक्ष और उभरते डिजिटल बुनियादी ढांचे के लिए अहम मानता है। तेजी से बढ़ते डिजिटलीकरण एवं स्वचालन की पृष्ठभूमि में, वैश्विक स्तर पर सेमीकंडक्टर चिप की मांग तेजी से बढ़ रही है। इसके जवाब में, भारत सरकार सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम और इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के जरिए, घरेलू सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत कर रही है। चूंकि सेमीकंडक्टर मैन्यूफैक्चरिंग कुछ ही जगहों में सीमित है

# एच.आर. इंटरनेशनल कार्यालय का सदर विधायक कमरुल हुडा द्वारा भव्य उद्घाटन

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**



किशनगंज शहर में रामपुर स्थित तौहीद एजुकेशनल ट्रस्ट के मुख्य द्वार पर एच.आर. इंटरनेशनल के नए कार्यालय का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। यह संस्था भारत सरकार के विदेश मंत्रालय द्वारा अनुमोदित है तथा वर्ष 2005 से प्रवासी भर्ती एवं प्लेसमेंट सेवाओं के क्षेत्र में अपनी सशक्त पहचान बनाए हुए है।

उद्घाटन कार्यक्रम में सदर विधायक कमरुल हुडा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर कंपनी के अध्यक्ष शफायत अली एवं प्रबंध निदेशक असिद अली भी विशेष रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने बताया कि एच.आर. इंटरनेशनल को मानव संसाधन क्षेत्र में 20 वर्षों से अधिक का सामूहिक अनुभव प्राप्त है और संस्था अब तक 50 से अधिक अंतरराष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर की कंपनियों को अपनी सेवाएं प्रदान कर चुकी है।

कंपनी मध्य पूर्व, यूरोप, रूस, जापान, नेपाल, बांग्लादेश और अफ्रीका सहित कई देशों में प्लेसमेंट सेवाएं उपलब्ध कराती है। एच.आर. इंटरनेशनल स्वास्थ्य देखभाल, निर्माण, तेल एवं गैस, एमपीएएस संचालन एवं रखरखाव तथा लॉजिस्टिक्स (हेवी ट्रेलर ड्राइवर) जैसे प्रमुख क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है।

उद्घाटन समारोह में मौलाना मुजम्मिल हक मदानी, मोहम्मद यूसुफ, मौलाना मूनीरुद्दीन, लाल मोहम्मद, सांसद प्रतिनिधि मो एहसान सहित गणमान्य नागरिक, उद्योग जगत से जुड़े लोग एवं कंपनी के कर्मचारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन संस्था के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ किया गया।

# पटना पुलिस ने किया एक देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस बरामद, आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के दुल्हिनबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डुमरी में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध हथियार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। यह कार्रवाई शनिवार की रात्रि में की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम डुमरी निवासी सोनू कुमार, पिता हरेंद्र यादव, अपने घर में अवैध हथियार छिपाकर रखे हुए है और उसका उपयोग कर गांव एवं समाज में दहशत फैलाने की मंशा रखता है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी), पटना के निर्देशन में दुल्हिनबाजार थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के घर पर छापेमारी की। पुलिस के पहुँचने से पहले ही आरोपी सोनू कुमार मौके से फरार हो गया।

हालांकि पुलिस ने उसके घर की विधिवत तलाशी ली, जिसमें एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। बरामद हथियार को जब्त कर लिया गया है और मामले की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस संबंध में दुल्हिन बाजार थाना में आर्म्स एक्ट के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

छापामारी दल में पु०अ०नि० सह थानाध्यक्ष सोनू कुमार, पु०अ०नि० सोनू त्रिवेदी, पु०अ०नि० बिट्टु कुमार, पु०अ०नि० विजय सिंह सहित सिपाही अरविंद कुमार चौधरी एवं सुबोध कुमार शामिल थे। पुलिस फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी), पटना भानु प्रताप सिंह ने कहा की अवैध हथियार रखने और कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई कर रही है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जिले में इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# नवीनगर में आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन की पंचायत स्तरीय कमेटी गठन अभियान शुरू

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार)नवीनगर में बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन, परियोजना कमेटी की ओर से पंचायत स्तरीय कमेटी गठन अभियान की शुरूआत 4 जनवरी 2026 को की गई। इसी क्रम में रामनगर पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र महुअरी में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं गार्जियनों की सहभागिता रही।बैठक में पंचायत स्तरीय कमेटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्षः कलावती कुमारी ,सचिवः पिंकी कुमारी कोषाध्यक्षः सुधा देवी,उपकोषाध्यक्षः चंचल कुमारी को मनोनीत किया गया।बैठक में नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान और अभिनंदन किया गया और सेविकाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। साथ ही संगठित होकर पारदर्शी ढंग से कार्य करने का आह्वान किया गया। बैठक मे पोषण ट्रैकर के माध्यम से शत-प्रतिशत कार्य पूरा करने का निर्देश एवं प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के फार्म से संबंधित जानकारी दी गई। बैठक में टेक होम राशन की तिथि आने से पूर्व सभी लाभुकों का चेहरा सत्यापन शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

# चौकेगाड़िया में रोमांचक फाइनल, डीजीटल सेवा डुमटांड़ ने जेकेएस चींगड़ा को हराकर खिताब पर किया कब्जा

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**



ईचागढ़ : कुकड़ू प्रखंड के चौकेगाड़िया स्थित कुकड़ू फुटबॉल मैदान में आयोजित दो दिवसीय आंचलिक फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन रविवार को रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ हुआ। फाइनल मैच जेकेएस चींगड़ा और डीजीटल सेवा डुमटांड़ (राजेश ग्रुप) के बीच खेला गया, जिसमें शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए डीजीटल सेवा डुमटांड़ ने एक गोल से जीत दर्ज कर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया।

फाइनल मुकाबले का शुभारंभ पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक कुमार साहू, झारखंड अधिविध परिषद सदस्य डॉ. अरुण कुमार महतो, प्राचार्य उपेन महतो, समाजसेवी बसंत पोद्दार, प्रेस क्लब सरायकेला के संरक्षक संतोष कुमार, वरिष्ठ पत्रकार अरुण माझी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कृतिवास महतो, मंगल सिंह मुंडा, आजसू प्रखंड अध्यक्ष अरुण महतो, भाजपा मंडल अध्यक्ष भरत चंद्र महतो सहित अन्य अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं राष्ट्रगीत के साथ किया गया।

मैच के दौरान दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया, लेकिन निर्णायक क्षणों में डीजीटल सेवा डुमटांड़ की टीम ने बेहतर तालमेल और रणनीति के दम पर बढ़त हासिल करते हुए जीत सुनिश्चित की। उद्घाटन एवं समापन अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल से युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और आपसी सौहार्द विकसित होता है। ग्रामीण स्तर की ऐसी प्रतियोगिताएं प्रतिभाओं को निखारने और आगे बढ़ने का मंच प्रदान करती हैं।

प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखा गया। फाइनल मुकाबले को देखने के लिए हजारों की संख्या में खेल प्रेमी मैदान में मौजूद रहे।

आयोजन समिति की ओर से पुरस्कार वितरण करते हुए विजेता टीम डीजीटल सेवा डुमटांड़ को प्रथम पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपये नकद एवं ट्रॉफी, उपविजेता जेकेएस चींगड़ा को 75 हजार रुपये नकद एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को 40-40 हजार रुपये दिए गए। इसके अलावा वेस्ट खिलाड़ी और सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर को साइकिल, जर्सी, ट्रॉफी आदि देकर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता के सफल आयोजन में कुकड़ू अंचल फुटबॉल कमेटी एवं स्थानीय खेल प्रेमियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समिति ने शांतिपूर्ण ढंग से प्रतियोगिता संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन और क्षेत्रवासियों के प्रति आभार जताया। मौके पर आयोजन समिति के विष्णु कुमार, सचिदानंद महतो, रामभजन कुमार, बादल महतो, नरोत्तम गोप, मेघनाथ महतो, विभीषण योगी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# कड़ाके की ठंड से जनजीवन बेहाल, सदर विधायक कमरुल हुडा ने डीएम से अलाव व विद्यालय बंद करने की दोबारा की मांग

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



जिले में लगातार पड़ रही कड़ाके की ठंड और शीतलहर के कारण जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। ठंड का सबसे अधिक असर गरीब, असहाय, बुजुर्गों एवं छोटे-छोटे बच्चों पर पड़ रहा है। इसको लेकर सदर विधायक कमरुल हुडा ने जिलाधिकारी से ठंड से बचाव के लिए तत्काल प्रभाव से आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

विधायक कमरुल हुडा ने बताया कि इससे पूर्व भी वे जिलाधिकारी से मिलकर जिले में अलाव की व्यवस्था कराने की मांग कर चुके हैं, लेकिन अब तक क्षेत्रों में अलाव की समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि ठंड लगातार बढ़ती जा रही है, जबकि जमीनी स्तर पर राहत कार्य नजर नहीं आ रहे हैं।

विधायक ने जिलाधिकारी से मांग की है कि जिले के सभी प्रखंडों के सभी पंचायत के गांवों एवं नगर परिषद क्षेत्रों में ठंड से बचाव हेतु अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। इसके लिए सभी अंचल अधिकारियों (सीओ) एवं नगर परिषद के संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए जाएं, ताकि अलाव की व्यवस्था तत्काल शुरू हो सके।

इसके साथ ही विधायक ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए विद्यालयों को अस्थायी रूप से बंद करने की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि इस भीषण ठंड में छोटे-छोटे बच्चों को स्कूल भेजना उनके स्वास्थ्य और जीवन के लिए खतरा साबित हो सकता है। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन को इस दिशा में भी शीघ्र निर्णय लेना चाहिए।

विधायक ने जिला प्रशासन से अपील की कि शीतलहर से बचाव हेतु अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी की जाएं, ताकि आम जनता को इस भीषण ठंड से राहत मिल सके।

# पटना में दलान से हथियार व शराब के साथ 11 गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**




पटना/ जिले के गौरीचक थाना क्षेत्र स्थित अण्डारी गांव स्थित दालान से पुलिस ने हथियार और शराब के साथ 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव के एक दलान में कुछ लोग हथियारों के साथ एकत्र होकर किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की तैयारी कर रहे हैं, जिसके बाद त्वरित कार्रवाई की गई। सूचना के सत्यापन के बाद गठित पुलिस टीम ने अण्डारी गांव में छापेमारी की. इस दौरान मौके से 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में पुलिस ने 02 देशी कट्टा, 07 जिंदा कारतूस, 01 मिस फायर कारतूस, 02 मोटरसाइकिल तथा 11.55 लीटर विदेशी शराब बरामद की है।

गिरफ्तार आरोपियों में विष्णु कुमार, अमित कुमार, सोनू कुमार उर्फ रजनीश कुमार, अमलेश कुमार, गौतम कुमार, सन्दु कुमार, रौशन कुमार, सुरजीत कुमार, बन्टी कुमार, मो. गुलाम और मनीष कुमार शामिल हैं. अधिकांश आरोपी अण्डारी गांव, थाना गौरीचक के निवासी बताए जा रहे हैं। मामले को लेकर सिटी एसपी पूर्वी परिचय कुमार एवं गौरीचक थाना अध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी विनय रंजन ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि समय रहते कार्रवाई नहीं होती तो कोई बड़ी आपराधिक घटना हो सकती थी। उन्होंने कहा कि बरामद हथियार और शराब को लेकर आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है। ताकि इसके पीछे के नेटवर्क और सप्लाई चैन का खुलासा किया जा सके।

इस घटना के बाद इलाके में तरह-तरह की चचाएं हैं। ग्रामीणों का कहना है कि दलान में संदिग्ध गतिविधियां पहले भी देखी जा रही थीं जिससे लोगों में भय का माहौल था। पुलिस की इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। पुलिस का कहना है कि अपराध और अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और ऐसे तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# नवीनगर में श्मशान घाट के सौंदर्यीकरण की योजना को लेकर किया बैठक

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) रविवार को नगर पंचायत नबीनगर वार्ड 7 के पुरानी धर्मशाला के समीप शिव मंदिर के प्रांगण में सोनपुरा स्थित पुनपुन नदी के किनारे श्मशान घाट के सौंदर्यीकरण को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्मशान घाट के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव लाए गए जिनमें पुनपुन नदी के दोनों किनारों पर सीढ़ी नूमा घाट का निर्माण, श्मशान घाट के समीप पुनपुन नदी में चैक डैम निर्माण, श्मशान घाट के खाली पड़े जमीन पर समतलीकरण का कार्य, इलेक्ट्रिक शवदाह गृह का निर्माण ,श्मशान घाट के समीप पुनपुन नदी की साफ सफाई एवं नागरिकों के ठहरने के लिए शेड का निर्माण करने, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्थाएवं श्मशान घाट की घेराबंदी संबंधी विषयों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।बैठक में 11 जनवरी को कमिटी गठन करने का भी निर्णय लिया गया।

# जरूरतमंदों के बीच वार्ड सदस्य ने किया कंबल वितरण

**पंकज कुमार पाठक , दैनिक समाज जागरण**



पदमा -क्षेत्र में लगातार बढ़ रही ठंड और शीतलहर को देखते हुए सरैया पंचायत के वार्ड संख्या 8 के वार्ड सदस्य चंदन कुमार केशरी ने रविवार को सराहनीय पहल करते हुए अपने निजी खर्च से जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। इस अवसर पर कुल दस गरीब, असहाय एवं बेसहारा लोगों को कंबल प्रदान कर ठंड से राहत पहुंचाने का प्रयास किया गया।

बताया जाता है कि बीते एक सप्ताह से इलाके में तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। कड़ाके की ठंड का सबसे ज्यादा असर गरीब और असहाय वर्ग पर पड़ रहा है, जिनके पास ठंड से बचाव के पर्याप्त साधन नहीं हैं। ऐसे में वार्ड सदस्य द्वारा किया गया यह मानवीय प्रयास जरूरतमंदों के लिए बड़ी राहत साबित हुआ।

कंबल वितरण के दौरान वार्ड सदस्य चंदन कुमार केशरी ने कहा कि समाज के कमजोर वर्ग की मदद करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यदि उनके छोटे से प्रयास से किसी जरूरतमंद को ठंड से राहत मिलती है, तो इससे बड़ा संतोष और कुछ नहीं हो सकता। समाज के हर सक्षम व्यक्ति को आगे आकर जरूरतमंदों की सहायता करनी चाहिए।

इस अवसर पर उपस्थित स्थानीय लोगों ने वार्ड सदस्य के इस पुनीत कार्य की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में कामेश्वर केशरी, दीपू, लल्लू पासवान, गुरफान सिद्दीकी, इमरान सिद्दीकी, सौरभ केशरी,एजाज खान, शुभम केशरी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# अत्यधिक ठंड के कारण किशनगंज जिले में कक्षा 8 तक के विद्यालय बंद

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

जिले में लगातार पड़ रही अत्यधिक ठंड एवं कम तापमान को देखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव की संभावना के मद्देनजर जिला दण्डाधिकारी किशनगंज विशाल राज (भा.प्र.से.) द्वारा आदेश जारी किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार किशनगंज जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों (प्री-स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र एवं कोचिंग संस्थान सहित) में कक्षा 8 तक की सभी शैक्षणिक गतिविधियाँ दिनांक 06 जनवरी 2026 (मंगलवार) तक पूर्णतः बंद रहेंगी।

वहीं कक्षा 9 एवं उससे ऊपर की कक्षाएँ सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक संचालित की जा सकेंगी। यह आदेश केवल शैक्षणिक गतिविधियों पर लागू होगा। विद्यालयों के प्रशासनिक कार्य पूर्ववत चलते रहेंगे। साथ ही प्री-बोर्ड एवं बोर्ड परीक्षा हेतु संचालित विशेष कक्षाएँ इस आदेश से मुक्त रहेंगी।

जिला प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों को आदेश का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है।

# कुर्लिकोट थाना क्षेत्र में नशा विरोधी जागरूकता अभियान, ग्रामीणों से सहयोग की अपील

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशनगंज पुलिस अधीक्षक सागर कुमार के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे नशा विरोधी जागरूकता अभियान के तहत कुर्लिकोट थाना क्षेत्र में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों,



सामाजिक कार्यकताओं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रही।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने नशे के दुष्परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है और पारिवारिक कलह, आर्थिक तंगी तथा सामाजिक अव्यवस्था को जन्म देता है। अधिकारियों ने विशेष रूप से कहा कि शराब,सुखा नशा, स्मैक जैसे मादक पदार्थों के साथ-साथ पान, पुरिया और गुटखा जैसी नशीली आदतें युवाओं को तेजी से अपनी चपेट में ले रही हैं, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय हो रहा है और समाज की प्रगति भी बाधित हो रही है।

पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी इसके विरुद्ध जागरूक करें। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए जनसहयोग अत्यंत आवश्यक है तथा आम जनता की सक्रिय भागीदारी से ही इस सामाजिक बुराई पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।

# किशनगंज में LEO कार्यालय पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

**वीरेंद्र चौहान,समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**

किशनगंजः स्थानीय क्षेत्रीय अभियंत्रण संगठन (LEO), किशनगंज कार्यालय पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप सामने आए हैं। विभाग के कार्यपालक अभियंता अजीत कुमार हजरा तथा सहायक अभियंता अभिषेक कुमार पर पंचायत सरकार भवन समेत अन्य विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में संवेदकों से कथित मिलीभगत कर करोड़ों रुपये के सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया है।



सूत्रों के अनुसार, योजनाओं के क्रियान्वयन के दौरान गुणवत्ता, भुगतान प्रक्रिया और माप पुस्तिका (एमबी) से संबंधित कई अनियमितताएँ पाई गई हैं। इसके अलावा सूचना का अधिकार (RTI) अधिनियम के तहत मांगी गई जानकारियों के जवाब में कथित रूप से सूचनाएँ छिपाने तथा अधूरी या भ्रामक जानकारी देने का भी आरोप है। बताया गया है कि कई मामलों में प्रथम अपील अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष लंबित है, जबकि कुछ प्रकरण राज्य सूचना आयोग, पटना में द्वितीय अपील के रूप में विचाराधीन हैं।

इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता एवं राष्ट्रीय फ्ळककार्यकर्ता हसीबुर रहमान ने कहा कि शीघ्र ही दस्तावेजी साक्ष्यों के साथ कथित भ्रष्टाचार को उजागर किया जाएगा तथा दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की मांग की जाएगी। फिलहाल यह पूरा मामला जांच का विषय बना हुआ है।

# औरंगाबाद में ठंड के चलते स्कूलों में शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रतिबंध

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) औरंगाबाद जिले में लगातार ठंड और शीतलहर की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाए हैं। जिला दंडाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 के अंतर्गत आदेश जारी किया है, जिसके अनुसार कक्षा 8वीं तक की सभी शैक्षणिक गतिविधियों पर 5 जनवरी 2026 से 7 जनवरी 2026 तक पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।कक्षा 9वीं से 12वीं तक के सभी सरकारी/निजी विद्यालयों एवं निजी कोचिंग संस्थानों में शैक्षणिक गतिविधियों पर उक्त अवधि में पूर्वाह्न 11:00 बजे से पहले तथा अपराह्न 03:30 बजे के पश्चात प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा हेतु संचालित की जाने वाली विशेष कक्षाओं को इस आदेश से मुक्त रखा गया है । आदेश में कहा गया है कि ठंड और मौसम की लगातार समीक्षा की जा रही है तथा परिस्थितियों के अनुरूप अग्रतर निर्णय लिया जाएगा।



# नवीनगर में क्रिकेट टूनार्मेंट का भव्य उद्घाटन

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नवीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत बसड़ीहा पंचायत के मोहरी इटवा खेल मैदान में आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट का भव्य



उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। इस खेल महोत्सव का उद्घाटन बृज बिहारी सिंह सहित अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया।इस अवसर पर खेल भावना के साथ मैच खेलने का संदेश दिया।ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के खेल आयोजनों से युवाओं को सकारात्मक दिशा मिलती है।आगे भी ऐसे आयोजनों को सहयोग देने की बात कही गई।टूनार्मेंट में भाग लेने वाली टीमेंः मेहिया, इटवां जानकीपुर,बसड़ीहा,मोहरी इटवा,दरमी और मानूखाप है।वहीं सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीमेंःमेहिया,जानकीपुर,बसड़ीहा और मानूखाप रही।फाइनल मैच सोमवार को खेला जाएगा।

# ग्रोथ की रफ्तार तेज, लेकिन अरबपतियों की कमाई पीछे छूटी; 2025 में संपत्ति में गिरावट

साल 2025 में देश के अरबपति प्रवर्तकों की कुल संपत्ति (डॉलर में) में 5 फीसदी की कमी आई जबकि वित्त वर्ष 2025 के दौरान भारत की नॉमिनल जीडीपी में 7.5 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई

भारत के अरबपति प्रवर्तकों ने वर्ष 2014 से 2021 के बीच तगड़ा लाभ कमाया मगर अब देश में तेजी से बढ़ रहे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की तुलना में कमाई में पिछड़ रहे हैं।

साल 2025 में देश के अरबपति प्रवर्तकों की कुल संपत्ति (डॉलर में) में 5 फीसदी की कमी आई जबकि वित्त वर्ष 2025 के दौरान भारत की नॉमिनल जीडीपी में 7.5 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। नतीजतन, भारत की जीडीपी के प्रतिशत के रूप में अरबपतियों की कुल संपत्ति साल 2025 में घटकर 25.2 फीसदी रह गई जो इससे पिछले वर्ष में 28.5 फीसदी थी। यह पिछले तीन वर्षों में सबसे कम है।

वर्ष 2025 के दौरान देश के 176 अरबपतियों की कुल संपत्ति (डॉलर मद में) घटकर 984.2 अरब डॉलर हो गई जो दिसंबर 2024 के अंत में 1036.2 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर थी। अरबपतियों की जमात भी 2024 के 204 से सिकुड़कर 2025 में 176 रह गई।

अरबपति प्रवर्तकों की संख्या और उनकी संपत्ति में गिरावट का मुख्य कारण शेयर बाजार में नरमी, परिवार के स्वामित्व वाली कंपनियों का खराब प्रदर्शन और साल 2025 में डॉलर के मुकाबले रुपये में लगभग 5.7 फीसदी की गिरावट है।

बिजनेस स्टैंडर्ड के नमूने में शामिल सभी 1,461 सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण साल 2025 में 4.2 फीसदी बढ़ा जबकि परिवार के स्वामित्व वाली कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण केवल 3 फीसदी बढ़ा। हालांकि भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार बढ़ रही है और देश की नॉमिनल जीडीपी वित्त वर्ष 2025 में बढ़कर 3,909.9 अरब डॉलर रही, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 3,638.5 अरब डॉलर थी।

भारत की जीडीपी को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रकाशित संबंधित वित्त वर्ष के लिए रुपये की औसत विनिमय दर का उपयोग करके डॉलर में परिवर्तित किया गया है।